बैशाख कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 30 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-93, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





पहली बार हुई दुर्लभ मैग्नेटार विस्फोट की खोज 16

इरफान... जिनकी आंखें भी करती थी अभिनय 15







## प्रोफेसर पर छात्रा का यौन उत्पीड़न करने का आरोप

**नयी दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ ने सोमवार को आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय परिसर में एक शिक्षक द्वारा एक छात्रा का यौन उत्पीड़न किया गया। छात्र संघ ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने पीड़िता की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की।

# लखनऊ से राजनाथ व अमेठी से स्मृति इरानी ने दाखिल किया नामांकन



**लखनऊ:** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन जुलूस में सोमवार को भारी भीड़ दिखी। इस दौरान राजनाथ सिंह फूलों से सजी गाड़ी पर सवार होकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते नामांकन को जाते दिखे। उनके साथ उप्र. के मुख्यमंत्री योगी, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, दोनों उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य भी उत्साहित नजर आए। :अमृत विचार

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के रोड शो में उमड़ी भीड़, साथ रहे योगी, धामी, केशव और ब्रजेश
- अमेठी में स्मृति इरानी के नामांकन में शामिल हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** भाजपा उम्मीदवार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लखनऊ संसदीय सीट से नामांकन दाखिल किया। केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने मोहनलालगंज संसदीय सीट से जबकि केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने अमेठी से अपना नामांकन दाखिल किया।

लखनऊ कलेक्ट्रेट में राजनाथ सिंह ने नामांकन जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार को सौंपा। उनके प्रस्तावक डॉ. गुरमीत सिंह, राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, डॉ. अशोक कुमार श्रीवास्तव और अधिवक्ता डॉ. एलपी मिश्रा रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी मौजूद रहे।

मोहनलालगंज से भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने रिटर्निंग अधिकारी-सीडीओ अजय जैन को नामांकन पत्र सौंपा। अमेठी में स्मृति इरानी ने कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी को अपना नामांकन सौंपा। इस दौरान मप्र. के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी उनके साथ मौजूद रहे।

### योगी ने माइक से किया ट्रैफिक कंट्रोल

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नामांकन जुलूस के दौरान बीच-बीच में स्वयं माइक हाथ में लेकर यातायात व्यवस्था को संभालने की अपील करते दिखे। लोगों से बिना रुके आगे बढ़ने का निर्देश देने के साथ माइक पर ही योगी ने जहां लखनऊवासियों का आभार जताया तो वहीं भारत मां की जयकार, वंदे मातरम आदि नारे भी लगवाते रहे। इस दौरान समर्थकों के उत्साह के आगे चिलचिलाती धूप भी बेअसर दिखी।

### नामांकन से पहले स्मृति इरानी का रोड शो

भाजपा उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री स्मृति ज़ूबिन इरानी ने भी सोमवार को अपने समर्थकों की एक बड़ी भीड़ के साथ रोड शो करने के बाद नामांकन दाखिल किया। इसके पूर्व स्मृति अपने मेदन मवई गांव स्थित आवास पर हवन पूजन किया। इसके बाद वह जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय पहुंची। जहां से उनका काफिला नामांकन के लिए रवाना हुआ। स्मृति ने दो सेटों में जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत को अपना नामांकन सौंपा।

# असम से कांग्रेस नेता गिरफ्तार तेलंगाना के मुख्यमंत्री तलब

## भाजपा ने निर्वाचन आयोग में दर्ज कराई शिकायत, भाजपा शासित राज्यों में कार्रवाई

### गृहमंत्री अमित शाह का फर्जी वीडियो मामला

- कांग्रेस की चेतावनी -भाजपा नेताओं के खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई होगी

नई दिल्ली/हैदराबाद, एजेंसी

**अमृत विचार:** सोशल मीडिया पर वायरल हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो के सिलसिले में दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को एक मई के लिए तलब किया है। भाजपा शासित कुछ राज्यों ने भी मामले में कार्रवाई की है। असम में कांग्रेस से जुडे. एक नेता को गिरफ्तार किया गया है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि उसके शासन वाले राज्यों में भाजपा नेताओं के खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई होगी। भाजपा ने वीडियो को लेकर चुनाव आयोग से भी शिकायत की है।

दिल्ली पुलिस ने रेड्डी समेत कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के पांच सदस्यों को नोटिस भेजा है। रेड्डी ने उक्त वीडियो एक्स' पर पोस्ट किया था। उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस की विशेष प्रकोष्ठ की एक टीम ने सोमवार को हैदराबाद में मुख्यमंत्री कार्यालय और कांग्रेस के कार्यालय गांधी भवन को एक नोटिस सौंपा। रेड्डी को पूछताछ के दौरान अपना मोबाइल फोन साथ में लाने को कहा गया है जिसका कथित इस्तेमाल फर्जी वीडियो 'एक्स' पर साझा करने में किया गया था। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के अनुसार पुलिस ने फर्जी वीडियो मामले में रीतम सिंह नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। रीतम सिंह असम कांग्रेस से जुड़े हैं और पार्टी के वार रूम संयोजक के तौर पर काम करते हैं।

दिल्ली पुलिस द्वारा तलब किए जाने के बाद कर्नाटक की चुनावी सभा में सीएम रेड्डी ने कहा, सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट किये गए थे, वे तेलंगाना गांधी भवन (राज्य कांग्रेस मुख्यालय) में नोटिस लेकर पहुंचे कि हम तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करेंगे।

नरेन्द्र मोदी अब चुनाव जीतने के लिए दिल्ली पुलिस का इस्तेमाल कर रहे हैं। ईडी, आयकर विभाग और सीबीआई खत्म हो गए हैं। यहां कोई नहीं डरता। दिल्ली में कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि रेड्डी इस तरह की रणनीति से नहीं डरेंगे। उन्होंने कहा हम इसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू करेंगे। कर्नाटक, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, झारखंड में प्राथमिकी दर्ज होंगी, जहां भाजपा सत्ता में नहीं है। इस संबंध में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में निर्वाचन आयोग से शिकायत की। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कांग्रेस डीप फेक और छेड़छाड़ किए गए वीडियो के जरिए पूरी चुनाव प्रक्रिया को पटरी से उतारना चाहती है।

### क्या है फर्जी वीडियो में

फर्जी वीडियो में, तेलंगाना में धार्मिक आधार पर मुसलमानों के लिए आरक्षण समाप्त करने की प्रतिबद्धता जताने का संकेत देने संबंधी शाह के बयान को तोड़-मरोड़कर इस तरह दिखाया गया है जैसे कि वह हर तरह का आरक्षण समाप्त करने की वकालत कर रहे हों। पुलिस ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने दंगा भड़काने के इरादे से उकसाना, धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच द्वेष को बढ़ावा देना, जालसाजी आदि संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया हे। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के सूत्रों ने बताया कि देशभर में इस मामले में गिरफ्तारियां हो सकती हैं। जयपुर में भी फर्जी वीडियो के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## पांच मई को अयोध्या में रोड शो करेंगे पीएम मोदी

**अयोध्या :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच मई को अयोध्या में रोड-शो करेंगे। सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच मई को अयोध्या आ रहे है। वह यहां रोड शो करेंगे। संगठन के लोगों ने सोमवार की रात बैठक की। इसमें टोली बनाकर जनसंपर्क की रणनीति बनी। संपर्क करके लोगों को रोड शो के लिए आमंत्रित किया जाएगा। अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा की गई। चार महीने में पीएम मोदी का यह तीसरा अयोध्या दौरा होगा।

# ब्याज वसूली का तरीका बदलें बैंक अतिरिक्त शुल्क लौटाएं : आरबीआई

- केंद्रीय बैंक ने कहा- ऋणदाताओं द्वारा ब्याज वसूलने में निष्पक्षता और पारदर्शिता जरूरी

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक ने कुछ बैंकों और वित्तीय संस्थानों के ब्याज वसूलने के तौर तरीकों पर आपत्ति जताते हुए इसमें तत्काल सुधार करने को कहा। आरबीआई ने कहा कि ग्राहकों से वसूला गया अतिरिक्त शुल्क बैंक वापस लौटाएं। आरबीआई के दायरे में आने वाली वित्तीय संस्थाओं (आरई) को ब्याज वसूलने में निष्पक्षता और पारदर्शिता अपनाने को कहा।

केंद्रीय बैंक ने इस संबंध में पत्र जारी करते हुए कहा कि इसके निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। आरबीआई ने कहा, 31 मार्च, 2023 को समाप्त अवधि के लिए विनियमित इकाइयों की भौतिक जांच के दौरान रिजर्व बैंक को ऋणदाताओं द्वारा ब्याज वसूलने में कुछ अनुचित गतिविधियों की जानकारी मिली। केंद्रीय बैंक ने सभी इकाइयों को निर्देश दिया है कि वे ऋण वितरण के तरीके, ब्याज लगाने और अन्य शुल्कों के संबंध में अपने तरीकों की समीक्षा करें और जरूरी होने पर प्रणालीगत बदलाव जैसे कदम उठाएं। रिजर्व बैंक ने कहा कि बैंकों एवं अन्य कर्जदाताओं की जांच में पाया गया कि कई जगहों पर ऋण की मंजूरी की तारीख या ऋण समझौते होने की तारीख से ब्याज वसूला जा रहा है, न कि ग्राहक को धन के वास्तविक वितरण की तारीख से।

## पतंजलि के 10 उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस निलंबित

**देहरादून :** पतंजलि की दिव्य फार्मेसी के 10 उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। उत्तराखंड औषधि विभाग के लाइसेंस प्राधिकरण के एक आदेश में यह जानकारी दी गई।

आदेश के अनुसार, दिव्य फार्मेसी के जिन उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस को निलंबित कर दिया गया है उनमें श्वासारि गोल्ड, श्वासारि वटी, ब्रोंकोम, श्वासारि प्रवाही, श्वासारि अवलेहा, मुक्ता वटी एक्स्ट्रा पावर, लिपिडोम, बीपी ग्रिट, मधुग्रिट और मधुनाशिनी वटी एक्स्ट्रा पावर शामिल हैं।

# मोदी को अयोग्य ठहराने वाली याचिका खारिज

- पीएम पर लगाया देवी-देवताओं के नाम पर वोट मांगने का आरोप
- याचिका में कोई दम नहीं, गलत धारणा पर आधारित : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को छह साल के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में प्रधानमंत्री मोदी पर देवी-देवताओं के नाम पर वोट मांगने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ यह कार्रवाई की मांग की गयी थी।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है और यह पूरी तरह से एक गलत धारणा पर आधारित थी। याचिकाकर्ता एवं अधिवक्ता आनंद एस जोंधले ने अपनी याचिका में अदालत से देवी-देवताओं और पूजा स्थलों के नाम पर कथित तौर पर वोट मांगने के लिए मोदी के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया था। आनंद एस जोंधले ने तर्क दिया कि मोदी ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है और यह भारतीय दंड संहिता तथा जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अपराध है।

## राम मंदिर में दर्शन करने आए दो श्रद्धालु की मौत

**अयोध्या :** राम मंदिर में दर्शन करने आए दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान बनवारी लाल (70) निवासी राजस्थान के रूप में हुई, जबकि दूसरी मृत महिला श्रद्धालु (50) की अभी पहचान नहीं हो पाई है। हालांकि घटना का कारण तेज धूप गर्मी के साथ-साथ श्रद्धालु के द्वारा पानी न पीए जाने का कारण बताया जा रहा है। मृत महिला श्रद्धालुओं का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। सोमवार को राम मंदिर में रामलला का दर्शन करने के लिए परिवार के साथ आये बनवारी लाल की मंदिर परिसर से निकलने के दौरान मौत हो गई।

# 46 प्रत्याशी करोड़पति, 25 पर आपराधिक मामले

## तीसरा चरण : भाजपा, सपा और बसपा के प्रत्याशी करोड़पति, बरेली के सपा प्रत्याशी सबसे अधिक धनवान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. की 10 सीटों पर हो रहे तीसरे चरण के चुनाव में सपा, भाजपा और कांग्रेस के सभी प्रत्याशी करोड़पति हैं। चुनाव लड़ रहे 100 प्रत्याशियों में 46 उम्मीदवार करोड़पति हैं। सपा के प्रत्याशी सबसे ज्यादा धनवान हैं, इनकी औसत संपत्ति 47.67 करोड़ रुपये है। लगभग 182 करोड़ रुपये संपत्ति के साथ बरेली के सपा प्रत्याशी प्रवीन सिंह एरन सबसे ज्यादा धनवान हैं। वहीं, सबसे कम संपत्ति वाले उम्मीदवारों में आगरा सीट के निर्दल प्रत्याशी हसनुराम के पास मात्र 12 हजार की संपत्ति ही बताई गई है।

तीसरे चरण में उम्मीदवारों के शपथपत्रों की पड़ताल करने के बाद उप्र. इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के संजय सिंह ने सोमवार को बताया कि भाजपा के सभी 10 उम्मीदवार, सपा व बसपा के सभी नौ-नौ प्रत्याशी, पीस पार्टी के तीन में से एक प्रत्याशी, स्वराज भारतीय न्याय पार्टी के दो में से एक प्रत्याशी और जन शक्ति एकता पार्टी का इकलौता उम्मीदवार करोड़पति हैं।

उन्होंने बताया कि तीसरे चरण के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 6.94 करोड़ है। दलों की बात करें तो सपा के बाद दूसरे नंबर पर भाजपा के 10 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति लगभग 11.74 करोड़ है। जबकि, बसपा के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 9.45 करोड़ है। वहीं, पीस पार्टी के तीन उम्मीदवारों के पास 1.13 करोड़ रुपये औसत संपत्ति है।तीसरे चरण में चुनाव लड़ रहे 100 प्रत्याशियों में 25 पर आपराधिक मामले घोषित हैं। इनमें भाजपा व बसपा के चार-चार प्रत्याशी शामिल हैं। वहीं, सपा के पांच प्रत्याशी, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से एक उम्मीदवार ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इनमें गंभीर मामलों की बात करें तो 20 उम्मीदवारों ने बताया कि उन पर गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं।

### कांग्रेस उम्मीदवार पर सबसे अधिक 17 मामले

फतेहपुर सीकरी से कांग्रेस के उम्मीदवार रामनाथ सिंह सिकरवार पर सबसे ज्यादा 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं। दूसरे नम्बर पर बसपा के फिरोजाबाद प्रत्याशी चौधरी बशीर हैं, इनके खिलाफ नौ मामले हैं। वहीं, तीन आपराधिक मामलों के साथ संभल सीट के उम्मीदवार पवन कुमार तीसरे नंबर पर हैं।

### मात्र 12 हजार की संपत्ति लेकर उतरे हसनुराम

सबसे कम संपत्ति वाले उम्मीदवारों में आगरा सीट के निर्दल प्रत्याशी हसनुराम अम्बेडकरी के पास मात्र 12 हज़ार की संपत्ति हैं। दूसरे नंबर पर एटा से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे कैलाश कुमार हैं जिनकी संपत्ति 19 हज़ार बताई गई हैं। तीसरे नंबर पर निर्दल प्रत्याशी रवि कुमार की कुल संपत्ति 21 हज़ार रुपये है।



## एक नजर


सुभाष चंद्र


आनंद कुमार

### आज सेवानिवृत्त होंगे डीजी सुभाष चंद्र और आनंद कुमार

**अमृत विचार, लखनऊ :** लंबे समय तक पुलिस विभाग में सेवाएं देने के बाद दो आईपीएस अफसर आज सेवानिवृत्त हो जाएंगे। सेवानिवृत्ति के दौरान आज पुलिस मुख्यालय में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में डीजीपी प्रशांत कुमार समेत समस्त वरिष्ठ अफसर मौजूद रहेंगे। 1990 बैच के आईपीएस आफिसर सुभाष चंद्र वर्तमान में महानिदेशक साइबर क्राइम के पद पर तैनात हैं। मूल रूप से हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले सुभाष चंद्र ने यूपी में पुलिस विभाग के कई महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारियां निभाई। उधर, 1988 बैच के आईपीएस आनंद कुमार वर्तमान में महानिदेशक सीबीसीआईडी हैं। मूल रूप से पटना के रहने वाले आनंद कुमार को 2021 में अति उत्कृष्ट सेवा मेडल भी मिल चुका है।

### ईपीएफओ ने शिविर लगाकर सुनीं समस्याएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की ओर से सोमवार को निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक भविष्य निधि आयुक्त प्रतीश सिंह ने बताया कि लखनऊ कार्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले सभी छह जिलों लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, हरदोई, एवं रायबरेली में शिविर लगाए गए। जिसमें ईपीएफओ द्वारा नामित जिला नोडल अधिकारियों ने सदस्यों, पेंशनरों, नियोक्ताओं की समस्याओं को सुनकर तत्काल मौके पर ही निस्तारण कराया।

### 182.07 लाख की पकड़ी गई शराब, ड्रग्स व नकदी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव-2024 को प्रदेश में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व भयमुक्त कराने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से निरंतर कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को प्रदेश में 182.07 लाख रुपये की शराब, ड्रग्स व नकदी पकड़ी गई। एक मार्च से अब तक कुल 32977.30 लाख रुपये की शराब, ड्रग्स, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त की गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अनुमानित 90.42 लाख रुपये की 36,1700 ग्राम (361.70 किलोग्राम) ड्रग व आगरा दक्षिण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13.71 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 5916 ग्राम ड्रग पकड़ी गई।

# निष्कासन वापस, पूर्व एमएलसी यशवंत सिंह फिर भाजपा में

## दो साल पहले पार्टी ने उन्हें छह साल के लिए किया था बाहर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने एमएलसी और पूर्व मंत्री यशवंत सिंह का निष्कासन रद्द करते हुए उन्हें अपना लिया है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोमवार को यशवंत सिंह को पत्र जारी कर उनका निष्कासन समाप्त कर दिया है। साथ ही उनसे अपेक्षा की गई है कि वह फिर से पार्टी के विचारों के प्रति समर्पण व निष्ठा के साथ पूरे मनोयोग से कार्य करेंगे।

भाजपा ने अप्रैल 2022 में एमएलसी यशवंत सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में छह साल के लिए निष्कासित कर दिया था। उस वक्त यशवंत सिंह को आजमगढ़-मऊ स्थानीय निकाय प्राधिकारी क्षेत्र से पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ अपने बेटे विक्रांत सिंह रिशू को निर्दलीय चुनाव लड़ाने व प्रचार प्रसार करने का आरोपित पाया गया था।


▸▸ एमएलसी पर पार्टी विरोधी गतिविधियों पर शामिल होने का लगा था आरोप

**योगी के लिए ही खाली की थी परिषद की सीट :** योगी आदित्यनाथ के साल 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद यशवंत सिंह ने विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उस समय यशवंत सिंह सपा से विधान परिषद के सदस्य थे और जब योगी 2017 में उप्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली तब वह विधानमंडल के किसी सदन के सदस्य नहीं थे। नियमानुसार छह माह के भीतर ही योगी को विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य बनना जरूरी था। उस समय सबसे पहले यशवंत सिंह ने विधान परिषद की सदस्यता से त्यागपत्र देकर योगी के लिए विधान परिषद की राह आसान की थी।

योगी 2017-2022 के अपने पहले कार्यकाल में विधान परिषद सदस्य रहे और इस बार विधानसभा चुनाव में गोरखपुर शहर क्षेत्र से विधायक चुने गये हैं। यशवंत सिंह को बाद में भाजपा ने विधान परिषद में भेजा। उनका कार्यकाल पांच मई 2024 तक है।

**घोसी से चुनाव लड़ने की तैयारी में थे यशवंत**

इस बीच सूत्रों के मुताबिक, यशवंत सिंह घोसी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। घोसी में सातवें चरण में एक जून को मतदान होगा। भाजपा ने अपने सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) प्रमुख ओमप्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर को गठबंधन के तहत यह सीट दी है।

# कांग्रेस ने राजनाथ व स्मृति इरानी से पूछे सवाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस ने सोमवार को केंद्रीय मंत्रियों व भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह व स्मृति इरानी से सवाल पूछे। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे व प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय ने कहा कि नामांकन करने वाले इन नेताओं को जनता के सवालों का जवाब देना जरूरी है।

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि राजनाथ सिंह ने देश के रक्षा मंत्री रहते हुए देश की भूभागीय अखंडता और अस्मिता से समझौता क्यों किया? उन्होंने कहा कि चीन की सेना लद्दाख में भारत की सीमा में घुसकर बैठी है। 52 पेट्रोलिंग प्वाइंट में से 26 पेट्रोलिंग प्वाइंट पर हमारी सेना को पेट्रोलिंग नहीं करने दिया जा रहा है। विश्व की सबसे ऊंची हवाई पट्टी दौलत बैग ओल्डी से नीचे वाई जंक्शन पर पेट्रोलिंग प्वाइंट 10 से 13 तक चीन की सेना बैठी है। हमारे फिंगर एरिया 4 से 8 तक नया बफर जोन बना दिया गया है, जहां हमारी सेना को जाने की इजाजत नहीं है।

नेताओं ने कहा कि अमेठी की सांसद स्मृति इरानी ने अमेठी में अपनी आलीशान कोठी का निर्माण कराया, जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि स्मृति इरानी अमेठी की जनता को बतौर सांसद अपने पांच वर्ष का काम बताएं फिर चुनाव में जाएं। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, एडवोकेट प्रदीप सिंह, सचिन रावत, डॉ शुभम मिश्रा आदि उपस्थित रहे।


मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे व कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय। अमृत विचार

# साइबर क्राइम थानों में कार्मिकों का चयन प्रस्ताव चुनाव तक स्थगित

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के 56 जिलों के साइबर क्राइम थानों में कार्मिकों की चयन प्रक्रिया चुनाव तक के लिए स्थगित कर दी गई है। प्रस्ताव की सूचना मिलने के बाद आयोग ने आपत्ति जताई थी। अपर मुख्य सचिव गृह ने तत्काल इस प्रस्ताव को स्थगित कर दिया है।

गौरतलब हो कि प्रदेश के 56 जिलों के साइबर क्राइम थानों में 25-25 कार्मिकों के चयन का प्रस्ताव तैयार किया गया था। चयन प्रक्रिया शुरू होनी थी। ऐसे में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक प्रस्ताव को स्थगित रखा जाए। इस दौरान अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने तत्काल आदेश जारी करते हुए प्रस्ताव को स्थगित कर दिया है।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को उनके सरकारी आवास पर नीदरलैंड की राजदूत मैरी लुईसा जेराड्र्स ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों पर चर्चा की। अमृत विचार

# मरीजों को आयुष्मान करने में लखनऊ अव्वल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मरीजों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाने में लखनऊ जिला प्रदेश में अव्वल रहा है। योजना की शुरुआत से लेकर अब तक जिले में 2 लाख 44 हजार 819 लाभार्थियों को इलाज कराया गया है। इलाज के एवज में सूचीबद्ध चिकित्सालयों को सरकार की ओर से 310 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया।

नोडल अधिकारी डॉ. विनय मिश्रा ने बताया कि 30 अप्रैल 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की थी। आयुष्मान कार्ड मरीजों की जिंदगी में खुशहाली लाने का काम कर रहा है।

नोडल अधिकारी ने बताया कि जिले में निजी और राजकीय समेत 294 चिकित्सालयों में योजना के लाभार्थियों को चिकित्सा का लाभ मुहैया कराया जा रहा है। जिले में 8 लाख 742 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। योजना के लाभार्थी सूचीबद्ध अस्पतालों में पांच लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज करा सकते हैं।

**मरीजों ने की सराहना**

इंदिरा नगर निवासी उपेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि पत्नी के लेफ्ट चेस्ट में गिल्टी थी। सिविल अस्पताल की ओपीडी में दिखाने आए। विशेषज्ञ ने ऑपरेशन के लिए कहा। आयुष्मान कार्ड होने के चलते अच्छे से सारी चीजें हो गई। ऑपरेशन, जांच, दवा, ग्लूकोस किसी भी चीज का एक रुपये तक नहीं देना पड़ा। पाण्डेयगंज निवासी छोटू राजपूत सिविल अस्पताल के आयुष्मान वार्ड में भर्ती हैं। उनके दाहिने पैर के एंकल का ऑपरेशन हुआ है। उन्होंने कहा अभी तक ऑपरेशन को लेकर एक बार भी किसी तरह के पैसे की डिमांड नहीं की गई। गोमतीनगर विजय खंड निवासी सबिहा ने बताया कि सिविल अस्पताल में उनके पिता का इलाज चल रहा है उन्हें पाइल्स की समस्या थी। आयुष्मान कार्ड होने से कोई पैसा नहीं देना पड़ा।

# शिया हज यात्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** मदरसा सुल्तानुल मदारिस में सोमवार को शिया हज यात्रियों के लिए प्रशिक्षण शिविर का लगाया गया। तंजीम-ए-हैदरी की ओर से लगे शिविर में शिया धर्मगुरुओं ने हज यात्रा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

तंजीम-ए-हैदरी के महासचिव शेख सईद हुसैन ने बताया कि 2009 में हज यात्रा पर गये थे, तब तमाम दुश्वारियों का सामना करना पड़ा था। वहां कोई पूछने वाला नहीं था। लौटने पर हज कमेटी से भी संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद वर्ष 2010 में इमामबाड़ा गुफरानमआब में शिया हज यात्रियों को प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया। 2012 में हज कमेटी ने प्रशिक्षण देने की स्वीकृति दे दी। तंजीम की तरफ से हर साल लगभग 200 हज यात्रियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। सोमवार के प्रशिक्षण शिविर में महिला और पुरुष हज यात्रियों को शिया धर्मगुरुओं ने पूर्वाह्न 11 बजे से शाम तक विस्तार से हज के बारे में जानकारी दी।

# बसपा ने तीन सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी ने एक दिन बाद ही सोमवार को अमेठी में प्रत्याशी बदलते हुए तीन सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मेवा लाल गौतम ने 10वीं सूची जारी करते हुए अमेठी से नन्हें सिंह चौहान, प्रतापगढ़ से प्रथमेश मिश्रा और झांसी से रवि प्रकाश कुशवाहा को प्रत्याशी घोषित किया है। बसपा ने रविवार को अमेठी में रवि प्रकाश मौर्या को प्रत्याशी बनाया था। प्रत्याशित घोषित किये 24 घंटे भी नहीं बीतें, पार्टी ने प्रत्याशी बदलकर सभी को चौका दिया है। 5वें चरण की सीटों में अमेठी व रायबरेली सीट पर अभी तक कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है।

# बिना मानक बने 100 से अधिक भवन दो जोनल अधिकारियों से जवाब तलब

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ **जोन चार और पांच का अपर सचिव ने किया था सर्वे**

**अमृत विचार :** बिना पार्किंग 100 से अधिक अवैध बिल्डिंग बनवाने के मामले में लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने दो जोनल अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। इनमें जोन चार के जोनल अधिकारी रविनंदन सिंह और जोन पांच के जोनल अधिकारी राजकुमार शामिल हैं। जोन में बिना पार्किंग अवैध तरीके से बिल्डिंग बनवाने वाले अभियंताओं के भी नाम मांगे हैं।

शहर में अवैध तरीके से बन रही बिल्डिंगों की शिकायत आने के बाद एलडीए उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को जोनवार सर्वे करके रिपोर्ट मांगी थी। सर्वे में अधिकारियों को कई जगह अवैध निर्माण होते मिले। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने जोन चार और पांच में बिल्डिगों की जांच की थी। उन्हें महानगर, अलीगंज, जानकीपुरम, जानकीपुरम विस्तार, बीकेटी और सीतापुर रोड आदि क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण होते मिले थे। एलडीए उपाध्यक्ष को अपर सचिव ने रिपोर्ट सौंप दी है। उपाध्यक्ष ने दोनों जोनल अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है।

# 85 कछुओं के साथ तस्कर गिरफ्तार

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** एसटीएफ ने सोमवार को फिरोजाबाद के शिकोहाबाद में तस्करी कर बेचने के लिए जा रहे 85 कछुओं के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसे इस व्यापार से जुड़े एक सरगना ने इन कछुओं को किसी अन्य व्यक्ति के सुपुर्द करने को कहा था। डीएसपी प्रेश कुमार शुक्ला कछुओं की तस्करी के संबंध में सूचनाएं संकलित कर रहे थे। इस दौरान उन्हें शिकोहाबाद में तस्करी से जुड़ी जानकारी मिली। उपनिरीक्षक जावेद आलम सिद्दीकी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान पता चला कि स्टेशन रोड के पास कछुओं को लेकर एक तस्कर खड़ा है। एसटीएफ ने रूपेश नामक व्यक्ति को 85 कछुओं के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान पता चला कि वह प्रति कछुआ तीन हजार रुपये में बेचता है। तस्करी का मुख्य सरगना रामपुर निवासी तौफीक है। कछुओं की अंतरराष्ट्रीय कीमत सात हजार रुपये है।

## सार-संक्षेप

### परिवारवादी पार्टी बनकर रह गई हैं कांग्रेस, सपा, बसपा और राजद

**अमृत विचार, लखनऊ :** औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा और राजद परिवारवादी पार्टी बनकर गई हैं। उन्हें भाई-भतीजा, पत्नी, बेटा-बेटी और अपने रिश्तेदारों के अलावा और किसी की सुधि नहीं है जबकि भाजपा सबका का साथ, सबका विकास चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार लगातार व्यापारियों के हितों के लिए काम कर रही है। नंदी सोमवार को हाथरस के श्रीराम गार्डेन में भाजपा प्रत्याशी अनूप प्रधान बाल्मीकि के समर्थन में व्यापारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए जिस तरह से अपराधियों पर शिकंजा कसा है, उससे व्यापारियों का सरकार पर भरोसा बढ़ा है। प्रदेश में व्यापारी आज बिना किसी भय या दबाव के कारोबार कर सकते हैं। कोई उन्हें परेशान नहीं कर सकता।

### 2024 का चुनाव आपके भविष्य का चुनाव : राघवेंद्र द्विवेदी

**अमृत विचार, लखनऊ :** यह 2024 का लोकसभा चुनाव आपके भविष्य का चुनाव है। मोदी, योगी सरकार ने गरीबों को आवास दिए, इज्जत घर दिया, रसोई गैस दी। पहले भी सपा व कांग्रेस को मौका मिला, उसने यह काम क्यों नहीं किया। लगातार कई चुनाव हराकर जनता ने स्वयं जवाब दिया दे है। यह बात मधुबन, घोसी में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के प्रवक्ता राघवेंद्र द्विवेदी ने कही। सुभासपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे अरविंद राजभर के समर्थन में बैठक को संबोधित करते हुए सोमवार को उन्होंने कहा कि सपा को गरीबों का श्राप लगा है। कांग्रेस का तो सफाया हो चुका, इस चुनाव के बाद सपा भी गायब हो जाएगी।

### पदोन्नति में आरक्षण पर अपना रुख साफ करें राजनीतिक दल

**अमृत विचार, लखनऊ :** आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने देश के सभी राजनीतिक दलों से पदोन्नति में आरक्षण पर अपना रुख साफ करने को कहा है। समिति के संयोजक अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पदोन्नति में आरक्षण पर संशोधित बिल राज्यसभा से पारित होने के बाद लोकसभा में लंबित है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 में कांग्रेस की सरकार में लोकसभा में सपा के सांसद ने बिल फाड़ दिया था, इसके बाद पदोन्नति बिल पारित कराने का कोई प्रयास अभी तक नहीं हुआ है। पिछले दस वर्षों से केंद्र में मोदी सरकार लंबित पदोन्नतियों में आरक्षण का बिल पास करने की बात तो दूर इस पर एक बार गंभीरता से चर्चा भी नहीं हुई।

### प्रभारी से मारपीट पर एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवहन विभाग की लापरवाही के चलते डग्गामार बस संचालकों के हौंसले बुलंद है। डग्गामार बस को रोकने पर बस संचालक ने अपने साथियों के साथ स्टेशन प्रभारी से मारपीट की। इससे प्रभारी की स्थिति गंभीर हो गई है। परिवहन निगम मुख्यालय ने इस मामले को संज्ञान में लिया और इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। मामला फर्रुखाबाद बस स्टेशन का है, जहां स्टेशन प्रभारी जितेंद्र सिंह 28 अप्रैल की रात 9 बजे ड्यूटी पर मौजूद थे। तभी बस स्टेशन परिसर के पास यूपी 82 टी 0515 नंबर की बस पहुंची और अवैध रूप से यात्रियों को भरने लगी। प्रभारी ने निजी बस का विरोध किया तो वाहन स्वामी विपिन दीक्षित अपने दो अज्ञात साथियों के साथ वहां पहुंच गए और प्रभारी की पिटाई भी कर दी।

# कीर्ति वर्धन सिंह समेत 21 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **5वें चरण के लिए 3 मई नामांकन की अंतिम तारीख**

**अमृत विचार :** प्रदेश में 5वें चरण की 14 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में सोमवार को 21 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह व कौशल किशोर के अलावा भाजपा से कीर्ति वर्धन सिंह समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। इस चरण के लिए 3 मई नामांकन की अंतिम तारीख है। 20 मई को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मोहनलालगंज (अजा) में तीन, लखनऊ में चार, रायबरेली में एक, अमेठी में दो, जालौन (अजा) में एक, झांसी में दो, हमीरपुर में एक, बांदा में तीन, बाराबंकी (अजा) में एक, कैसरगंज में एक व गोंडा सीट के दो प्रत्याशी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मोहनलालगंज (अजा) सीट पर भाजपा से केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के अलावा दो अन्य प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसी तरह, लखनऊ सीट पर नामांकन करने वालों में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा तीन अन्य प्रत्याशी शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि झांसी से भाजपा से अनुराग शर्मा व हमीरपुर के लिए सपा से अजेन्द्र कुमार सिंह ने नामांकन किया। बांदा सीट से भाजपा से आरके सिंह पटेल व बसपा से मयंक ने नामांकन किया। गोंडा क्षेत्र के लिए भाजपा से कीर्तिवर्धन सिंह ने नामांकन किया।

# घर गए 5 बच्चे, आरोपियों पर कार्रवाई की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**फॉलोअप**

▸▸ **राज्य बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र**

▸▸ **बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने एसएसपी अयोध्या को दी तहरीर**

**अमृत विचार :** मोहान रोड स्थित राजकीय बाल गृह बालक से सोमवार को बिहार से पहुंचे परिजन पांच बच्चों को घर ले गये। अब सहारनपुर निवासी मदरसा संचालकों पर भी कड़ी कार्रवाई की तैयारी है। मामले में राज्य बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने प्रमुख सचिव शासन को पत्र लिखा है। वहीं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराने एसएसपी अयोध्या को तहरीर दी है।

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी ने बताया कि सोमवार को बालगृह बालक में पांच बच्चों के परिजन पहुंचे थे। परिजन की पहचान से संबंधित कागजात लिये और बच्चों को दोबारा मदरसा नहीं भेजने का शपथ पत्र लेकर उन्हें सौंप दिया गया। अवस्थी ने बताया कि बच्चों ने मदरसा संचालकों के संबंध में कई चौंकाने वाली जानकारियां दी हैं। यह भी सामने आया कि जिस बस से बच्चों को ले जाया जा रहा था वह अरुणाचल प्रदेश की थी और मेरठ से बिहार ले जायी गई थी। ऐसे बाल तस्करी की भी आशंका है।

इसी तरह बच्चों के संग मदरसा में जो बर्ताव किया गया वह बाल अधिकारों का हनन है। इसके चलते मदरसा संचालकों व उनके सहयोगियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिये अयोध्या एसएसपी को उन्होंने तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि जो परिजन आयेंगे उनसे शपथ-पत्र आदि कागजात लेकर सुपुर्दी की जाती रहेगी। इसके अलावा समिति मामले से जुड़े अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है।

**मदरसों की मान्यता की जांच व कार्रवाई को लिखा पत्र :** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शर्मा ने मामले में सोमवार का मुख्य सचिव शासन को भी पत्र लिखा है। इसमें बताया कि आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी व सीडब्लूसी के अध्यक्ष ने बालक बाल गृह में रखे गये 95 बच्चों की काउंसिलिंग कराने के अलावा बातचीत की। इसमें कई गंभीर बिंदु सामने आये हैं।

वहीं बरामद बच्चों को ले जाने वालें लोगों के पास न तो बच्चों के अभिभावकों का सहमति पत्र मिला था और न ही मदरसा का कोई आधिकारिक पत्र मिला था। ऐसे में बाल तस्करी का संदेह है। ऐसे में प्रकरण की जांच करा आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ ही मदरसा दारूल उलूम रकीकिया और जानिया दर-ए-अरकम् खैरा मुगल, सहारनपुर की मान्यता की भी जांच करायी जाये।

**जानिए क्या है मामला**

बिहार से सहारनपुर के दो मदरसों में बस से 95 बच्चे ले जाये जा रहे थे। इस बीच अयोध्या में बच्चों को पुलिस व सीडब्लूसी की टीम ने बरामद कर लिया। अयोध्या में बच्चों को रखने की उचित व्यवस्था नहीं होने से लखनऊ के मोहान रोड स्थित राजकीय बालक बालगृह में रखा गया है।

**उपलब्धि** प्रदेश में सब्जी, फल व मसाले की 14 नई प्रजाति विकसित, अनुमोदन का इंतजार

# जल्द खाने को मिलेगा नए किस्म का आम और अमरूद

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** सब्जी में सरसों, तरोई तो फल में आम, अमरूद, बेल व मसाले में खड़ी हल्दी की कुल 14 नई प्रजाति जल्द खाने को मिलेंगी। जिन्हें प्रदेश के कृषि और उद्यान विज्ञानियों ने पांच से छह साल के शोध के बाद विकसित किया है। इनमें सभी प्रजाति विशेष हैं लेकिन, सरसों सबसे अलग सिर्फ सब्जी के लिए पैदावार की जाएगी। यह फसल तेल के लिए नहीं होगी।

इसी तरह तरोई बुंदेलखंड के लिए विकसित की गई है। जो कम पानी और लागत में आसानी से वहां के किसान उगा सकेंगे। जबकि आम लाल, पीला और रंगीन, अमरूद अंदर से लाल और अधिक सफेद होगा। बेल में पोषकतत्व अधिक होंगे जो इम्यूनिटी बढ़ाएगा। आवंला भी चमकदार, आकार में बड़ा और किसी भी सीजन में किया जा सकेगा। वैज्ञानिकों ने हल्दी की पैदावार बढ़ाने के लिए रोगमुक्त प्रजाति विकसित की है। इसकी गांठ बड़ी और अधिक औषधीय गुण वाली है। जो हर क्षेत्र में की जा सकेगी।


▸▸ **बांदा, अयोध्या के कृषि विश्वविद्यालय व केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान ने किया शोध**

> कृषि व उद्यान विज्ञानियों ने फल, सब्जी और मसाला की 14 प्रजाति विकसित की हैं। जिन्हें केंद्रीय बीज समिति को अधिसूचित होने के लिए भेजेंगे। इन प्रजाति की अलग-अलग खूबियां हैं। इनका स्वाद, रंग और आकार अलग है। सभी रोगमुक्त प्रजाति हैं। जो कहीं पर आसानी से पैदावार की जा सकेगी।
> -डॉ. राजीव वर्मा, संयुक्त निदेशक, खाद्य एवं प्रसंस्करण विभाग

**अयोध्या, बांदा ने सब्जी, लखनऊ ने फल विकसित किया :** फल, सब्जी व मसाला में आम की दो, अमरूद चार, बेल तीन, आवंला दो, हल्दी, सरसों व तरोई की एक-एक नई प्रजाति है। इसमें केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईएसएच) लखनऊ ने विज्ञानियों ने आम व अमरूद, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अयोध्या ने सरसों, बेल, हल्दी, आवंला व कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा ने तरोई की प्रजाति विकसित की है। सभी पर राज्य बीज उप समिति (औषधीय फसलें) ने सहमति जताई है। अगले क्रम में इन प्रजाति को अधिसूचित होने के लिए खाद्य एवं प्रसंस्करण विभाग केंद्रीय बीज समिति को प्रस्ताव भेजने की तैयारी में है। केंद्र से स्वीकृति मिलने पर बीज तैयार नए नामों से किसानों को दिए जाएंगे।

# लोहिया के कर्मचारियों को नहीं मिला बोनस

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में कार्यरत तीन हजार से अधिक आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को अभी तक बोनस नहीं मिल पाया है। यह हाल तब है जब लोहिया संस्थान के संकाय प्रभारी मानव संसाधन की तरफ से संबंधित एजेंसी को तीन बार बोनस देने के लिए पत्र भेजा जा चुका है। इससे कर्मचारियों में नाराजगी है। कर्मचारियों का कहना है कि होली और ईद जैसे बड़े त्यौहार बीत जाने के बाद भी अभी तक कर्मचारियों को बोनस नहीं मिला है। कुछ दिन पूर्व दो दर्जन से अधिक आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने बोनस न मिलने पर एक बैठक भी की थी। कर्मचारियों का कहना है कि कम वेतन होने के चलते बोनस उनके लिए बहुत जरूरी है। संस्थान के निदेशक डॉक्टर सीएम सिंह ने इस मामले में जल्द उचित कार्रवाई करने की बात कही है।

# बिजली कर्मियों को सेवानिवृत्ति के दिन दिए गए पेंशन प्रपत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को सेवानिवृत्ति के दिन सोमवार को पेंशन प्रपत्र दिये गये। शक्ति भवन में आयोजित कार्यक्रम में कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने इन कर्मियों को प्रपत्र सौंपे। कॉरपोरेशन की ओर से पिछले माह से इस तरह की नई शुरुआत हुई है, जिसके तहत कर्मियों को सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन व अन्य प्रपत्र सौंपे जाते हैं।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने सेवानिवृत्त हुए कर्मियों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि पहले ऊर्जा निगमों में सेवानिवृत्ति के बाद कार्मिक पेंशन प्राप्ति के लिये परेशान होते थे। उन्हें कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, जिसे अब समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जनवरी माह में पेंशन के 600 मामले लम्बित थे, जो तीन महीने में मात्र 92 रह गये हैं। पेंशन अदालतें चालू की गई हैं जो प्रत्येक तीन महीने पर लगाई जाती हैं।

सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों अध्यक्ष ने साधना भटनागर (प्रमुख निजी सचिव), रामनरेश पाल (सहायक अभियंता), लक्ष्मी नारायण पांडे (अवर अभियंता), रागिनी शर्मा (स्टेनोग्राफर) व अरुण कुमार पांडे (स्टेनो-ग्रेड-2) शामिल हैं। कार्यक्रम में राज्य विद्युत उत्पादन निगम के प्रबंध निदेशक रणवीर प्रसाद समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



सोमवार को शक्ति भवन में सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन प्रपत्र सौंपते पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल व अन्य। अमृत विचार

# चढ़ते पारे को बेअसर करता रहा समर्थकों के जोश का 'रथ'

## लोकसभा चुनाव : राजनाथ के रोड शो का जगह-जगह हुआ स्वागत, व्यापारियों ने बरसाए फूल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पूर्वाह्न तकरीबन 10:50 बजे प्रदेश भाजपा कार्यालय परिसर जोरदार नारों से गूंजता रहा। राजनाथ सिंह सीढ़ियां चढ़ते हुए आगे की पंक्ति में आकर मौजूद जनसमुदाय का अभिवादन कर खडे. हो जाते हैं। उनके साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रवेश करते हैं। उत्तराखंड के मुखिया पुष्कर सिंह धामी भी उनका हाथ थामे आगे बढ़ते हैं। दाहिनी ओर से डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक हाथों में माइक ले नारे लगाती उत्साही भीड़ का हौसला बढ़ाते हैं। प्रदेश पदाधिकारी भी रथ पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हैं। पुष्पवर्षा के साथ ही मोदी, योगी और राजनाथ के नारों के साथ रथ धीरे-धीरे आगे बढ़ने लगता है। भीषण गर्मी भी उत्साही कार्यकर्ताओं को विचलित नहीं कर पा रही थी। गगनभेदी नारों के उदघोष के साथ रथ मंथर गति से आगे बढ़ता रहता है। हजरतगंज चौराहा पार कर हनुमान मंदिर के सामने पहुंचता है तो यहां व्यापारियों का हुजूम उन पर पुष्पवर्षा कर देता है। भीड़ इतनी की रथ निकलना आसान नहीं।

उत्साही कार्यकर्ताओं का हुजूम देख डिप्टी सीएम मंच से व्यापारियों को बधाई दे आभार जताते हैं। राजनाथ भी उनका अभिवादन करते हैं। रथ जैसे ही थोड़ा खिसकता है तो सेंट्रल बैंक के पास लगे व्यापारियों का मंच मालाओं और फूलों की बरसात शुरू कर देते हैं। आगे बढ़ता हुआ रथ हलवासिया मार्केट पहुंचता है तो यहां भी कारोबारी संगठन नारों के साथ सुर मिलाते हैं और विक्ट्री साइन बना उन्हें आगे बढ़ने का इशारा करते हैं। सांसद का अधिवक्ता समूह भी स्वागत करता है।



हजरतगंज में भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के रथ पर फूल और गुलाल की वर्षा कर स्वागत करते व्यापारी। अमृत विचार



नामांकन पत्र दाखिल करते लखनऊ से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह साथ में हैं मुख्यमंत्री योगी।



नामांकन पत्र जमा करते मोहनलालगंज से भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर। अमृत विचार

### शहर में आज

- उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में संगीत नाटक अकादमी की प्रादेशिक शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता के विजेताओं का पुरस्कार वितरण समारोह -3 :00 बजे।
- ईश्वर धाम मंदिर, सेक्टर 8 इंदिरा नगर में लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा लोक चौपाल का आयोजन-4 :30 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में यायावर रंगमंडल की 40 दिवसीय कार्यशाला में तैयार नाटक हैप्पी का मंचन-7 :00 बजे।

### एक नजर

#### रथ पर दर्शायी गई थीं विकास योजनाएं

**अमृत विचार, लखनऊ:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से लखनऊ में कराए गए 54 हजार करोड़ के विकास कार्यों की गाथा रथ बयां कर रहा था। इसमें चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट के टर्मिनल 3, ब्रह्मोस मिसाइल, डीआरडीओ लैब, आउटर रिंग रोड जैसी कई योजनाओं को दर्शाया गया था। दूसरी ओर भाजपा विधायक पंकज सिंह ने पैदल चलकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।

#### अबकी बार पांच लाख पार

**अमृत विचार, लखनऊ:** सिर पर भगवा टोपी, गले में पटका, हाथों में झंडा लेकर चल रहे उत्साहित कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम, भारत माता की जय का उदघोष लगाया। कार्यकर्ता नारे बाजी करते हुए सांसद को ''अबकी बार पांच लाख पार'' के नारे से आश्वस्त करते नजर आए। रथ पर सवार प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, मोहनलालगंज सीट के प्रत्याशी कौशल किशोर, एमएलसी मुकेश शर्मा, सांसद महेन्द्र पांडे, महापौर सुषमा खर्कवाल और भाजपा महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी भी समर्थकों के साथ नारेबाजी करते रहे।

#### 1 घंटा 10 मिनट में तय हुई दो किमी दूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा प्रदेश कार्यालय से कलेक्ट्रेट परिसर की दूरी तकरीबन दो किमी है। जगह-जगह स्वागत की वजह से 10 :50 मिनट पर चले इस जुलूस को कलेक्ट्रेट तक पहुंचने में एक घंटा दस मिनट लगा गया। दोपहर 12 बजने से चंद सेकेंड पहले भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह, सीएम योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह, राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी आदि के साथ नामांकन कक्ष में प्रवेश कर पर्चा जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार को सौंपा।

#### अंदर जाने को धक्का-मुक्की

**अमृत विचार, लखनऊ :** जुलूस कलक्ट्रेट पहुंचने पर समर्थकों को पुलिस कर्मियों से रस्सी का घेरा बनाकर रोक लिया। इसके बावजूद कार्यकर्ताओं ने बैरीकेडिंग के अंदर घुसने का प्रयास किया। इसमें आपस में धक्का मुक्की हुई। पुलिस की सख्ती के आगे कोई बैरीकेडिंग के आगे नहीं जा सका। बाहर ही शंख बजाकर जय श्रीराम के जयकारे लगाए और बैंड-बाजा के साथ आतिशबाजी की।

#### कौन कितने बजे पहुंचा कार्यालय

- **सुबह 8:30 से ही पदाधिकारी और कार्यकर्ता भाजपा मुख्यालय पर जुटने लगे थे।**
- **10:00 बजे राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी, सांसद महेंद्र नाथ पांडेय पहुंचे।**
- **10:10 पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पहुंचे।**
- **10:30 पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एक ही वाहन से पहुंचे।**
- **10:38 पर राजनाथ सिंह रथ पर सवार हुए। इसके बाद दोनों मुख्यमंत्री रथ पर पहुंचे।**
- **10:50 पर रथ नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट की ओर जाने के लिए आगे बढ़ा।**

#### मोहनलालगंज से तीन और लखनऊ से चार नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ:** लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार को भाजपा प्रत्याशी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर समेत सात प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मोहनलालगंज संसदीय सीट के लिए तीन और लखनऊ संसदीय सीट के लिए चार ने पर्चे दाखिल किए। लखनऊ सीट से सरवर पार्टी से सरवर अली, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल से कपिल मोहन चौधरी और हिंदू समाज पार्टी से गौरव वर्मा ने भी पर्चा भरा। जबकि मोहनलालगंज से राष्ट्रीय समाज पक्ष से बृजेश कुमार विक्रम और पीपुल्स पार्टी आफ इंडिया (डेमोक्रेट) से श्याम लाल नामांकन दाखिल किया। दूसरी ओर सोमवार को लखनऊ लोकसभा के लिए 23, मोहनलालगंज (अज) लोकसभा में कुल 10 नामांकन पत्रों का वितरण किया गया। पूर्व विधानसभा में उप निर्वाचन के लिए 6 नामांकन पत्रों का वितरण किया गया।

# राजनाथ के पास 7, कौशल के पास 5 करोड़ की संपत्ति

- प्रत्याशियों ने शपथ पत्र दाखिल कर आय, शिक्षा और परिवार का दिया ब्योरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ और मोहनलालगंज लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी करोड़पति हैं। रक्षामंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह पांच वर्ष में वार्षिक आय करीब सात लाख रुपये बढ़ गई है। राजनाथ सिंह ने 1969 में गोरखपुर विश्वविद्यालय से विज्ञान वर्ग में स्नातक और 1971 में स्नातकोत्तर किया था।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की वर्ष 2019 में सालाना आय 17 लाख 76 हजार 660 रुपये थी। यह पांच वर्ष में बढ़कर 2024 में 25 लाख 28 हजार 887 रुपये हो गई है। उनके पास 75 हजार नकद, चार लाख बीस हजार रुपये का 60 ग्राम सोना है। वह चार लाख की अंगूठियां पहनते हैं। रक्षामंत्री के पास 32 बोर की रिवाल्वर और दो नाली बंदूक है। राजनाथ सिंह के पास नकदी, जेवरात, असलहा और बैंक खातों में कुल 3 करोड़ 11 लाख 32 हजार 962 रुपये है।

इनके पास एक करोड़ 47 लाख 30 हजार रुपये की कृषि योग्य भूमि, गोमती नगर विपुल खंड में 45 सौ वर्ग फीट निर्मित 1 करोड़ 87 लाख 50 हजार कीमत का मकान है। मकान और खेती की जमीन की कुल कीमत 3 करोड़ 34 लाख 80 हजार रुपये है। रक्षामंत्री की पत्नी सावित्री सिंह के पास 45 हजार नकद, 52 लाख 50 हजार रुपये के सोने के जेवरात, नौ लाख 37 हजार रुपये की साढ़े बारह किलो चांदी है। बैंक खाते और जेवरात आदि मिलाकर 90 लाख 71 हजार रुपये की संपत्ति है।

मोहनलालगंज से भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर की वार्षिक आय 10 लाख 38 हजार 700 रुपये है। पत्नी जया की वार्षिक आय 4 लाख 77 हजार 790 रुपये है। बेटे विकास किशोर की आय 4 लाख 95 हजार 900 रुपये है।

कौशल के पास तीन लाख रुपये नकद और पत्नी के पास 1 लाख 80 हजार रुपये हैं। बेटे के पास 50 हजार रुपये नकद हैं। एक अन्य आश्रित सरिता के पास 40 हजार रुपये की नकदी है। पत्नी के पास 21 लाख रुपये की इनोवा क्रिस्टा, पांच लाख रुपये का सौ ग्राम सोना, 43 हजार रुपये की चांदी के जेवरात और एक लाख रुपये की एक पिस्टल है।

नकदी, जेवर और पिस्टल मिलाकर 63 लाख 34 हजार 860 रुपये की संपत्ति है। कौशल के पास सवा लाख रुपये का एप्पल फोन सहित 44 लाख 72 हजार 134 रुपये की संपत्ति है। बेटे के पास पिस्टल सहित 5 लाख 18 हजार 621 रुपये की संपत्ति है। आश्रित सरिता के पास 5 लाख 95 हजार रुपये की संपत्ति है।

कौशल किशोर के पास 4 करोड़ 31 लाख रुपये की चल और अचल संपत्ति है। उनकी विधायक पत्नी जया के पास 2 करोड़ 12 लाख रुपये की संपत्ति है। बेटे के पास 94 लाख और सरिता के पास 34 लाख की संपत्ति है। कौशल ने 1977 में कालीचरण इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की और शिया कॉलेज से 1979 स्नातक की पढ़ाई अधूरी छोड़ दी।



हजरतगंज में राजनाथ सिंह के रोड शो का स्वागत करतीं पर्वतीय समाज की महिलाएं।

#### पर्वतीय समाज की महिलाओं ने किया नृत्य

पर्वतीय समाज की महिलाओं ने ने राजनाथ सिंह का स्वागत करने के लिए झलकारी बाई अस्पताल के बाहर मंच लगाया। जैसे ही जुलूस वहां से निकला पारम्परिक वेशभूषा में महिलाओं ने नृत्य की प्रस्तुति दी। पर्वतीय महापरिषद के पदाधिकारियों और सदस्यों समेत महिलाओं ने पुष्पवर्षा करके राजनाथ सिंह का स्वागत किया।

#### रथ पर सेल्फी लेने की लगी होड़

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और बड़े नेता कलक्ट्रेट के पास रथ से उतर गए। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता रथ पर चढ़ गए और मोबाइल से सेल्फी लेने की होड़ लग गई। किसी ने रथ पर फोटो ली तो किसी ने हाथों में भाजपा का झंडा लहराकर फोटो खिंचवाई। जुलूस



नामांकन जुलूस का स्वागत करतीं अल्पसंख्यक समाज की महिलाएं। अमृत विचार

#### अल्पसंख्यक समाज की महिलाओं की दिखी भागीदारी

नामांकन के दौरान सर्वधर्म सद्भाव की मिसाल देखने को मिली। अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं की बड़ी भागीदारी राजनाथ सिंह का समर्थन करती दिखी। हजरतगंज चौराहे से कलेक्ट्रेट स्थित पुराना हाईकोर्ट चौराहे के बीच जगह-जगह पार्टी की विभिन्न इकाइयों, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों के अलावा ईसाई, सिख समाज, सिंधी, अल्पसंख्यक, बंगाली, भोजपुरी और पर्वतीय समाज, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने पुष्पवर्षा की। मंच के साथ पेयजल की भी व्यवस्था की गयी थी। इससे कार्यकर्ताओं को भीषण गर्मी में काफी राहत मिली।

#### समर्थकों के साथ शामिल हुए पार्षद

पार्षद हरिश्चंद्र लोधी, सुशील तिवारी पम्मी, नागेंद्र सिंह चौहान, राजेश सिंह गब्बर, रंजीत सिंह, संजय सिंह राठौर, उमेश सनवाल, रामकृष्ण यादव, पंकज पटेल, संतोष राय आदि सुबह से ही पार्टी कार्यालय के बाहर समर्थकों के साथ पहुंच गए।



नामांकन जुलूस में हनुमान के वेश में कार्यकर्ता। अमृत विचार

#### बिना अनुमति उड़ा रहे थे ड्रोन, हुई कहासुनी

**अमृत विचार, लखनऊ:** भाजपा प्रदेश मुख्यालय के सामने एक हेलमेट लगाए व्यक्ति ने अचानक ड्रोन उड़ाना शुरू कर दिया। सुरक्षा में तैनात एक पुलिस कर्मी ने तत्काल उसे रोका और अनुमति पत्र मांगा। इस बीच दोनों के बीच कुछ कहासुनी हुई। वहां खड़े कुछ लोगों ने बीच-बचाव कराया। पुलिस कर्मी और अन्य लोगों के बीच हो रही बातचीत और भीड़ का फायदा उठाते हुए ड्रोन उड़ा रहा व्यक्ति वहां से खिसक लिया।

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बोले फ्लीट को पीछे कर लें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भाजपा प्रदेश मुख्यालय से रथ पर सवार होकर जब मुख्यमंत्री और भाजपा प्रत्याशी नामांकन के लिए निकलने तो पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं के जोश और फ्लीट के कारण सड़क पर चलने की जगह नहीं थी।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने माइक थामा और कहा कि फ्लीट को साइड में कर लें। फ्लीट रथ के पीछे चलेगी। उन्होंने रथ को आगे बढ़ने के लिए रास्ता देने को कहा। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माइक से कहा कि व्यवस्था में लगे अधिकारी और कर्मी ध्यान दें कि फ्लीट को रथ के पीछे भेजें। मीडिया कर्मियों का वाहन और रथ ही आगे चलेगा। इसके बाद रास्ता खुल गया और रथ कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ चला।

सुबह करीब साढ़े दस बजे भाजपा मुख्यालय पहुंचे सीएम रथ पर चढ़े तो ट्रैफिक जाम का नजारा दिखा। उन्होंने रथ से ही माइक संभाला और ट्रैफिक कंट्रोल करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि रास्ते में जो चार पहिया वाहन खड़े हैं उन्हें हटाया जाए। सीएम के निर्देश पर सड़क किनारे खड़े वाहन हटने लगे। इससे जाम में फंसे लोगों को राहत मिली।



राजनाथ के नामांकन जुलूस में भारतीय जनता पार्टी का झंडा लगराते दो विदेशी नागरिक। अमृत विचार

# नामांकन से पहले राजनाथ ने की पूजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नामांकन से पहले राजनाथ सिंह ने अपने आवास कालीदास मार्ग पर पूजा की। इसके बाद हनुमान सेतु मंदिर पहुंचकर पूजा की। वहां से उनका काफिला हजरतगंज स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंचा।

यहां भी पूजा करने के बाद भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचे। रथ पर सांसद कौशल किशोर, केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे, सांसद राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा, एमएलसी मुकेश शर्मा महापौर सुषमा खर्कवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा उपस्थित रहे।



हलवासिया कोर्ट में चुनाव कार्यालय की स्थापना के दौरान पूजन करते राजनाथ सिंह।

#### हलवासिया कोर्ट में खुला राजनाथ का चुनाव कार्यालय

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूजन और हवन के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का हलवासिया कोर्ट में लोकसभा चुनाव संचालन कार्यालय का शुभारंभ हुआ। प्रदेश महामंत्री संजय राय, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, राज्य सभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, अशोक बाजपेई, लोकसभा संयोजक मुकेश शर्मा मौजूद रहे।

#### पेयजल के लिए लिए हुई धक्का-मुक्की

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा प्रत्याशियों की नामांकन के लिए पदाधिकारी और कार्यकर्ता चिलचिलाती गर्मी में पेयजल के लिए परेशान रहे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के नामांकन के लिए उत्साहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सुबह साढ़े आठ बजे से ही भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर एकत्र होने लगे थे। दिन चढ़ने के साथ ही चटख धूप ने भी सभी को बेहाल करना शुरू कर दिया था। गर्मी में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के लिए पेयजल की व्यवस्था नहीं थी। इससे धक्का मुक्की हुई, जिसमें महिला कार्यकर्ताओं को असहज होना पड़ा। भीषण गर्मी के कारण कुछ कार्यकर्ताओं को चक्कर भी आ गया। पदाधिकारी और कार्यकर्ता भाजपा प्रदेश मुख्यालय से कलेक्ट्रेट तक लगभग दो किलोमीटर की दूर तय करके पैदल पहुंचे।



नामांकन जुलूस के रास्ते को गुब्बारों से सजाया गया। अमृत विचार

#### गुब्बारों से सजाया गया जुलूस का पूरा रास्ता

**अमृत विचार, लखनऊ :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ संसदीय सीट से नामांकन करने के लिए अपने कालीदास मार्ग स्थित आवास से निकले तो उनके घर से पीएमजी ऑफिस तक रास्ता दुल्हन सा सजा था। सड़क के डिवाइडर पर गुब्बारे लगे थे। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राजनाथ सिंह के कटआउट लगे थे। बीजेपी दफ्तर से पीएमजी ऑफिस तक लगभग दो किलोमीटर का रास्ता था लेकिन इतनी कम दूरी में भी अनगिनत मंच सजे थे। व्यापारी नेताओं के मंच थे। भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अमील शम्सी का मंच था।

# जाम ने छुड़ाया राहगीरों का पसीना, रेंगते हुए निकलीं एंबुलेंस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का नामांकन जुलूस सोमवार को करीब 11 बजे भाजपा कार्यालय से कलेक्ट्रेट के लिये रवाना हुआ। जुलूस की भीड़ के कारण हजरतगंज, सिकंदरबाग, कैसरबाग, लालबत्ती चौराहा समेत आसपास जाम की स्थिति बन गयी। परिवर्तन चौक सहित कई जगह बैरिकेडिंग लगाकर यातायात रोकना पड़ा। जाम के कारण धीरे धीरे चल रही एंबुलेंस को पुलिसकर्मियों ने रास्ता बनाकर निकाला। कई प्रमुख इलाकों में जाम की स्थिति रही। जाम और तेज धूप ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए।

हजरतगंज जाने वाले मार्ग पर सुबह से डायवर्जन लागू था। नामांकन जुलूस की भीड़ से डायवर्जन व्यवस्था भी फेल नजर आई। पुलिस कर्मियों ने वाहनों को पार्किंग में खड़े करने की अपील की थी, इसके बाद भी कई जगह सड़क पर वाहन खड़े नजर आये। ऑफिस आदि को जा रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

#### डायवर्ट किए वाहन

हलवासिया की तरफ जाने वाले मार्ग पर ट्रैफिक लोड बढ़ने पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने बैरिकेडिंग लगाकर रास्ता बंद कर दिया। वाहनों को केडी सिंह की तरफ से निकाला गया। तब जाकर वाहन चालक लंबा चक्कर लगा कर गंतव्य तक पहुंच सके।

#### कंट्रोल रूम से निगरानी

जुलूस की निगरानी लालबाग स्थिति आईटीएमएस कंट्रोल रूम से की गई। कैमरों से ट्रैफिक की स्थिति पर टीम नजर रखे थी। जहां जाम की स्थिति नजर आई कंट्रोल रूम से सूचना देकर कंट्रोल किया जा गया।



नामांकन जुलूस में भीड़ के चलते जाम लगने से एंबुलेंस भी फंस गई। अमृत विचार

#### डायवर्ट मार्गों पर भटकते रहे वाहन सवार

**अमृत विचार, लखनऊ :** नामांकन जुलूस के कारण सोमवार को कलेक्ट्रेट रोड पर स्वास्थ्य भवन, कैसरबाग चौराहा समेत कई जगह बैरीकेडिंग कर दी गई। इस मार्ग के वाहनों को दूसरे रास्तों पर डायवर्ट किया गया लेकिन बदले रास्तों की जानकारी न होने से वाहन चालक और पैदल लोग भटकते रहे। स्वास्थ्य भवन के पास से कैसरबाग की तरफ रास्ता दिया गया, लेकिन इस मार्ग पर वाहन खड़े होने से रास्ता सकरा हो गया। इससे पल-पल जाम के हालात रहे। इसी तरह कैसरबाग की तरफ से आनाजाना रहा। ऐसी स्थिति में लोग कड़ी धूप में इधर-उधर चक्कर लगाते रहे। पैदल राहगीरों को परेशानी ज्यादा हुई। कोई बच्चे को गोद में लिए तो कोई हाथ और कंधे पर सामान लादे पैदल गुजरा। ज्यादातर लोगों को बस स्टैंड और बलरामपुर अस्पताल पहुंचने में परेशानी हुई।

#### देश में समान नागरिक संहिता लागू करने का है संकल्प: धामी

**अमृत विचार, लखनऊ :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के रोड शो में उमड़ी भारी भीड़ से उत्साहित उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा उम्मीदवारों की जीत और पार्टी के 400 पार के नारे के निश्चित रूप से पूरा होने की उम्मीद जतायी। धामी ने सोमवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी के साथ भाजपा राज्य मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा, जिस प्रकार से लखनऊ की सड़कों पर लोगों का उत्साह देखने को मिला, वह 4 जून को आने वाले परिणाम का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा निश्चित रूप से पूरा होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने का संकल्प लिया गया है। उत्तराखंड में हम इसे लागू कर चुके हैं। उत्तराखंड पहला राज्य है जिसने इसे लागू किया। लैंड जेहाद के तहत बहुत बड़ा अतिक्रमण 5 एकड़ से ज्यादा भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई है। यह देवभूमि के स्वरूप को खराब करने की साजिश थी, जिसे हमने रोका।

## एक नजर

### उत्कृष्ट कार्य के लिए महिलाओं को अपराजिता अभिनंदन सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** अपराजिता जज्बा जीत का नेशनल वेलफेयर ट्रस्ट का पहला वार्षिकोत्सव अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में धूमधाम से मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि संजीव जायसवाल व मुकुल महान ने समाज की मुख्यधारा में योगदान देने वाली महिलाओं को शक्ति सम्मान देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में प्रशासनिक सेवा से अनीता भटनागर जैन, कला क्षेत्र से ललिता पांडेय, समाजसेवी पुनीता भटनागर, शिक्षा से प्रो. निशी पांडेय शामिल रहीं। डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. रीमा सिन्हा, डॉ. पूजा शाहीन, नीलू त्रिवेदी को अपराजिता अभिनंदन सम्मान देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न ऑनलाइन प्रतियोगिताओं की विजयी अपराजिता सदस्यों को भी पुरस्कृत किया गया। समारोह में संस्था की उपलब्धियों के रूप में न्यूज लेटर एवं हिन्दी मास के पंचांग का लोकार्पण हुआ। कलाकारों ने इस मौके पर अनेक प्रस्तुतियां दीं।

### मिस फेयरवेल चुनी गईं अंशिका मिश्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के तिलक छात्रावास में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय शामिल रहे। छात्राओं ने शास्त्रीय नृत्य तथा गायन के साथ ही कविताएं प्रस्तुत कीं। आधुनिक नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम में मिस फेयरवेल अंशिका मिश्रा, मिस ब्यूटीफुल ईशा चौरसिया, मिस पॉपुलर पल्लवी और मिस मॉडल ऋषिका पांडे बनाए गए। इस अवसर पर लखनऊ विवि के विभिन्न प्रशासनिक पदाधिकारी, विभिन्न छात्रावासों के प्रोवोस्ट एवं सहायक प्रोवोस्ट उपस्थित रहे।

# लखनऊ विवि : तीन पालियों में परीक्षा देंगे तीन लाख अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

- लखनऊ और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में बने 263 परीक्षा केन्द्र
- पांच जनपदों में आयोजित कराई जाएंगी लखनऊ विश्वविद्यालय की परीक्षाएं

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय मंगलवार से बीए-बीएससी और बीटेक परीक्षाएं आयोजित कराने जा रहा है। तीन पालियों में होने वाली परीक्षाओं में तीन लाख के करीब अभ्यर्थी शामिल होंगे। पांच जनपदों में आयोजित परीक्षा की निगरानी के लिए सीसीटीवी लगाए जा चुके हैं।

लविवि की परीक्षाएं मंगलवार से आरंभ हो रही हैं। इसको लेकर एक दिन पहले लखनऊ के अलावा सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर और रायबरेली के संबद्ध महाविद्यालयों में बैठक आयोजित हुईं। इसमें 263 परीक्षा केन्द्रों पर लगे कैमरों की वास्तविक स्थितियों का आकलन कर परीक्षा केन्द्र प्रभारियों ने कक्ष निरीक्षकों को निर्देश दिए। परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थियों के आने-जाने सहित अन्य व्यवस्थाओं का हाल लेकर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी को सूचनाएं प्रेषित की गईं। देर शाम तक ये क्रम जारी रहा। परीक्षा नियंत्रक बताते हैं कि तीन लाख के करीब अभ्यर्थी मंगलवार से आयोजित होने वाली परीक्षा में शामिल होंगे। पांच जनपदों में स्थापित परीक्षा केन्द्रों पर लगे कैमरों से तीन पालियों में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों पर नजर रखी जाएगी।



परीक्षा केन्द्रों को लेकर बैठक में उपस्थित कक्ष निरीक्षक। अमृत विचार

**स्ट्रॉग रूम में पहुंचे प्रश्नपत्र :** लखनऊ सहित पांच जनपदों में होने वाली परीक्षाओं को लेकर जनपदवार प्रश्नपत्र एक दिन पूर्व पहुंचाए गए हैं। इनको स्ट्रांग रूम में रखा गया है। बताया जाता है कि प्रश्नपत्र और कॉपियों को रखने के बाद कक्ष को दो तालों के सहारे सील भी किया गया। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि सभी जनपदों में प्रश्नपत्र और कॉपियों को कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। सुबह ये कॉपियां केन्द्रों तक पहुंचाई जाएंगी।

### दस केन्द्रों पर होंगी परीक्षाएं

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में बीकॉम और एलएलबी की परीक्षाएं होने जा रही हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया है कि बीकॉम की परीक्षाएं 22 मई से शुरू होकर 18 जून को समाप्त होंगी। एलएलबी की परीक्षा 24 मई से 10 जून तक चलेंगी। इसको लेकर कॉलीचरण, रजत वूमेंस कॉलेज, मार्डन गर्ल्स कॉलेज, लखनऊ पब्लिक कॉलेज सहित 10 महाविद्यालय चयनित किये गए हैं।

### बताए टीकाकरण के फायदे

**अमृत विचार, लखनऊ :** सोमवार को आरडीएसओ अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें डॉ. ज्योत्सना ने बच्चों में टीकाकरण के लाभ के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. कमल किशोर पीसीएमओ ने बच्चों में पोलियो की घटना का भी हवाला दिया।

सूचना

पहले मेरा नाम TOUSHEEF AKRAM था अब मैने बदलकर अपना नाम TOUSEEF AKRAM रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: MUHAMMAD JAWED VILL& BOMBAY HEIGHTS FLAT NO-303 3rd FLOOR, BEHIND JAGRANI HOSPITAL, KALYANPUR VIKAS NAGAR, LUCKNOW.

# नए उद्योगों के हिसाब से तैयार होंगे इंजीनियरिंग के छात्र

## इंजीनियरिंग की शिक्षा व्यवस्था में हो रहा विस्तार, नया ग्राफ तैयार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

**अमृत विचार :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उभरते उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार इंजीनियरिंग के छात्रों को तैयार करने जा रहा है। इसको लेकर शिक्षा और व्यवस्था में बदलाव होने तय हैं। कुलपति बताते हैं कि तैयार किये जा रहे पैनल में विशेषज्ञों की मदद से सत्र आयोजित होंगे, ताकि छात्र नई व्यवस्था को समझ कर प्रभावी बना सकें।

एकेटीयू के कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय बताते हैं कि उभरते नए उद्योगों की मांग भी इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए कुछ नए बदलाव को लेकर हो रही है। इसी आधार पर विवि नया खाका तैयार करने जा रहा है। इसमें विवि के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग शिक्षा (एमईईडी) की साझा मदद ली जाएगी। एम्पावरिंग दि नेक्स्ट जेनेरेशन इंजीनियर्स से जुड़े विषयों पर आयोजन किये जाएंगे, ताकि इंजीनियरिंग के छात्रों को तैयार किया जा सके। बताते हैं कि इंजीनियरिंग शिक्षा और उद्योगों के बीच की दूरी को कम करने के लिए विषयवार व्यवस्थाएं तय की जा चुकी हैं।



- शिक्षा- उद्योग के बीच सेतु बनेगी एकेटीयू की नीति

### इन पर रहेगा फोकस

विवि की विषयवार चार शाखाओं को मुख्य आधार के रूप में शामिल किया गया है, जो एग्रीकल्चर, बॉयो टेक्नालाजी, सिविल इंजीनियरिंग और केमिकल इंजीनियरिंग हैं। प्रमुख विषयों में एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग और फूड टेक्नालाजी का सहारा लिया जाएगा, ताकि विषयों को औद्योगिक क्षेत्र के अनुरूप विस्तार दिया जा सके।

### आज लगेगी व्यवस्थाओं पर मुहर

मंगलवार को इस व्यवस्था को अमल में लाने के लिए अंतिम बैठक की जाएगी। अधिष्ठाता ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रभारी प्रो. नीलम श्रीवास्तव बताती हैं कि संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में आईएएस दीपक गुप्ता शामिल रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर ऑनलाइन माध्यम से एआईसीटीई के मेंबर सेक्रेटरी राजीव कुमार जुड़ेंगे। बैठक में विषयों पर सुझाव के लिए विभिन्न औद्योगिक कंपनियों से जुड़े मुख्य अधिकारियों और संबद्ध संस्थानों के निदेशकों को आमंत्रित किया गया है।

# महिला उद्यमियों को सिखाया बाजार के जोखिम से लड़ने का तरीका



रेनेंसा होटल में फिक्की के कार्यक्रम में बोलते दीपक मलिक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर ने सोमवार को गोमतीनगर स्थित एक होटल में निवेश के दिग्गज दीपक मलिक के साथ महिलाओं के लिए सरलीकृत वित्तीय स्वतंत्रता विषय पर कार्यशाला हुई। दीपक ने शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव की चिंता किए बिना इक्विटी म्यूचुअल फंड का उपयोग करके वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए समझने और पालन करने का आसान तरीका बताया। दीपक ने शेयर बाजार में निवेश को समझने में जटिल चीज होने के मिथक को तोड़ दिया।

उन्होंने बताया कि कैसे एक बड़ा कोष बनाने के लिए निवेश करें और फिर अपने पैसे को अपने लिए कैसे इस्तेमाल करें। उन्होंने अपने एक फीसदी फ़ॉर्मूले के बारे में जानकारी दी जो व्यवस्थित निवेश से लेकर व्यवस्थित निकासी तक की एक सरल तीन चरण की प्रक्रिया है, जिससे कोई भी व्यक्ति अपने जीवन के बाकी हिस्सों के लिए एक स्थिर आय स्रोत बना सकता है। इसके अलावा उन्होने वित्तीय प्रबंधन के साधनों पर भी बात की। इस मौके पर फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर की चेयरपर्सन विभा अग्रवाल ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारी यह कोशिश है कि हम अपने सदस्यों को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने में उनकी मदद करें। कार्यक्रम में वंदिता अग्रवाल, सिमरन साहनी, स्मृति गर्ग, वनिता यादव, पूजा सिकेरा और वसुधा जैन सहित 75 सदस्य मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# आईटी कॉलेजों में शुरू हुए दाखिले, दिशा-निर्देश जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

- स्नातक पाठ्यक्रमों को लेकर सीटें हुई आरक्षित

**अमृत विचार :** आईटी कॉलेज में सत्र 2024-25 के स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया आरंभ हो गई है। कॉलेज प्रशासन ने अभी ऑफलाइन माध्यम से आवेदन की शुरुआत की है। इस संबंध में कॉलेज की वेबसाइट पर भी दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं।

कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर पैंजी सिंह ने बताया है कि आवेदन फार्म का शुल्क 900 रुपये है। सुबह 10 बजे से अभ्यर्थी काउंटर से फार्म ले सकती हैं। पूरी जानकारी कालेज के नोटिस बोर्ड के माध्यम ली जा सकती है। कॉलेज में बीए की 380 रेगुलर व 200 सेल्फ फाइनेंस, बीएससी 200 रेगुलर व 220 सेल्फ फाइनेंस, बीएससी होम साइंस 60 सीटें और बीकॉम 320 सेल्फ फाइनेंस सीटे निर्धारित की गई हैं। इनके लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो गई है।

### आवेदन के लिए न्यूनतम अर्हता

बीए के लिए 12वीं या उसके समकक्ष में 45 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। बीएससी (बायो, मैथ्स) में 12वीं या समकक्ष में 55 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। बीएससी (होम साइंस) में 12वीं या समकक्ष में 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य हैं। यही स्थित बीकॉम प्रवेश के लिए तय है।

# रेशमा-शेरा... बच्चों को मिली ईमानदारी की सीख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ईमानदारी और मेहनत से कोई भी मंजिल हासिल की जा सकती है। इसमें थोड़ा वक्त जरूर लग सकता है। कठिनाई भी झेलनी पड़ सकती है। लोक संस्कृति शोध संस्थान में सोमवार को डालीगंज के महाराजा अग्रसेन बालिका विद्यालय में बच्चों को सुनाई गई रेशमा और शेरा की कहानी का यही सार था।

दादी-नानी की कहानी कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी और मनोरंजक खेल से हुई। लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी और लोक चौपाल की प्रभारी अर्चना गुप्ता ने बच्चों को प्रेरणात्मक सन्देश दिए। स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने रेशमा और शेरा की कहानी की शुरुआत जमैथा गांव की रेशमा से हुई जिसकी मां की मृत्यु हो गई थी। गांव वालों के समझाने के बाद उसके पिता ने भैरोमति से दूसरी शादी कर ली। भैरोमति का पहले से एक बेटा था, जिसकी उम्र रेशमा के बराबर थी। भैरोमति ने रेशमा पर अत्याचार करना शुरू कर दिया पर रेशमा ने कभी अपनी सौतेली मां को पलट कर जवाब नहीं दिया बल्कि वह घर के सारे कामकाज के साथ पढ़ाई भी करती थी।

बोलने वाले पेड़ और बोलने वाले कुत्ते की मदद करने जैसे विभिन्न घटनाक्रमों के बाद रेशमा की मेहनत और ईमानदारी से प्रभावित परियों ने उसे हीरे जवाहरात का उपहार दिया जबकि शेरा के आलसी स्वभाव के कारण उसे मधुमक्खियों के डंक का सामना करना पड़ा और वह दुखी होकर घर वापस आ गया। उसे अहसास हो गया कि किसी की मदद न करने से और अपने काम में ईमानदार न रहने से दुख ही झेलना पड़ता है। कार्यक्रम के अनौपचारिक सत्र में शिक्षिकाओं ने पाठ्य सहगामी क्रिया के रूप में कहानियों के महत्व पर बात की।



लोक संस्कृति शोध संस्थान में बच्चों को रेशमा और शेरा की कहानी सुनाते जीतेश श्रीवास्तव। अमृत विचार

- लोक संस्कृति शोध संस्थान में दादी-नानी की कहानी कार्यक्रम

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मैनें अपना नाम इन्द्रसेन से बदलकर इन्द्रसेन गौतम रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम जाना-पहचाना जाय। **इन्द्रसेन गौतम पुत्र राकेश कुमार, पता- बैरी, पो0-खख्रेरू, फतेहपुर, उ0प्र0-212656**

सूचना

सूचित हो कि मेरे भवन सं0 सी 35 आजाद नगर योजना सेक्टर सी लखनऊ का मूल आवंटन पत्र 4/ JS (A) 89 दिनांक 10/03/89 एवं मूल कब्जा प्रमाण पत्र न0-2094/JS (A) दिनांक 05/04/1989 जो लखनऊ विकास प्रधिकरण लखनऊ द्वारा रामचन्द्र कनौजिया पुत्र कुलंची कनौजिया के नाम से जारी किया गया था। मूलरूप से खो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा। **-रामचन्द्र कनौजिया, निवासी- सी-35 आजाद नगर योजना सेक्टर सी लखनऊ**

तलाश गुमशुदा



**नाम - गुमशुदा मोहनलाल**
**पुत्र-** जित्ता
**हुलिया-** लम्बा चेहरा, रंग सांवला ऊंचाई करीब 05 फुट
**उम्र-** 60 साल
**पहनावा -** लाइनदार सफेद शर्ट, चॉकलेटी रंग का लोवर, चॉकलेटी रंग के जूते हांथ मे लाठी

गुमशुदा मोहनलाल पुत्र जित्ता, ग्राम- रामसिंह खेड़ा, मजरा- थाना, पो0- थाना, जनपद- उन्नाव का निवासी है जो कि दिनांक 20 अप्रैल 2024 दिन शनिवार को प्रातः 9: 30 बजे से अपने गांव से यह कहकर निकले की दवा लेने जा रहा हूँ दोपहर 12 बजे तक कोई खोज खबर नही मिलने पर घर वाले ढूंढने के लिये निकले हैं। नजदीकी पुलिस स्टेशन माखी थाना में गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। यदि किसी थानें में इस हुलिया/पहिचान का गुमशुदगी/लापता का कोई व्यक्ति किसी की जानकारी में हो तो निम्न पते पर सूचित करने की कृपा करें। सूचना देने वाले को उचित इनाम दिया जायेंगा।

**क्षेत्राधिकारी उन्नाव मो. 9454401528**
**(प्रभारी निरीक्षक) माखी-उन्नाव मो. 8081211202 8960871819**

रामबिलास - 8009226388
धर्मेश- 7607047430

# अतिथि शिक्षिकाओं ने पेश किया मनभावन कथक व भरतनाट्यम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** विश्व नृत्य दिवस पर भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के नृत्य विभाग ने शास्त्रीय एवं लोक नृत्यों का प्रस्तुतीकरण कैसरबाग स्थित कलामण्डपम् प्रेक्षागृह में किया। कार्यक्रम की शुरुआत भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर की।

अतिथि शिक्षक प्रेरणा राणा और सुमेधा गुप्ता ने कथक नृत्य शैली में मुधराष्टकम् से की। अतिथि शिक्षक डॉ. गरिमा टण्डन ने भरतनाट्यम नृत्य का पारंपरिक अंग अलारिपु एवं कृति मुरली नाद सुनायो पर भाव प्रदर्शन किया। इसके बाद कथक नृत्य की पारंपरिक प्रस्तुति हुई। जिसमें थाट, आमद, परन आदि का प्रदर्शन हुआ साथ ही कथक नृत्य के दो घरानों रायगढ़ व लखनऊ का मेल देखने को मिला। प्रस्तुति का समापन तराना से किया गया। जिसमें कथक एवं भरतनाट्यम नृत्य की जुगलबंदी देखने को मिली। विश्वविद्यालय के नृत्य विभाग की छात्राओं ने दक्षिण भारत के कोलाट्टम् लोकनृत्य का प्रदर्शन किया. यह प्रस्तुति आस्था मिश्रा, वैभव लक्ष्मी, अंकिता मौर्य, छवि गुप्ता, मनोरमा, वल्लरी नारायण पाठक, अवंतिका शर्मा और दिव्या रावल ने दी।

नट्टुवांगम् पर ज्ञानेन्द्र दत्त बाजपेयी, तबले पर इलियास हुसैन खान, मृदंग पर जी सुधीर कुमार, वायलिन पर संजरी साहू, सितार पर नीरज मिश्रा, सारंगी पर मनीष कुमार मिश्रा, गायन में प्रखर पाण्डेय, गायन व हारमोनियम पर नमन सिंह तथा बोल पढ़न्त पर रुनझुन ने शानदार संगत की। भातखण्डे संस्कृति विवि की कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन ने अंत में सभी का आभार व्यक्त किया।



कलामण्डपम् प्रेक्षागृह में नृत्य पेश करतीं नृत्यांगनाएं। फोटो : अमृत विचार

### बाल कलाकारों ने नृत्य से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सांस्कृतिक संस्था उड़ान की ओर से इंदिरानगर स्थित फरीदीनगर के सभागार में नृत्योत्सव व संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व नृत्य दिवस पर हुए इस आयोजन में वरिष्ठ लोक नृत्यांगना सरिता सिंह ने कहा कि संगीत की लय पर अपनी अभिव्यक्ति को व्यक्त करना नृत्य है। नृत्य आत्मा से परमात्मा का तारतम्य स्थापित करने का काम करता है। उन्होंने कहा कि नृत्य रचनात्मकता, स्मृति और एकाग्रता को बढ़ाता है। यह एक सार्वभौमिक भाषा है जिससे व्यक्तियों को खुद को प्रकट करने और दूसरों से जुड़ने का मौका मिलता है। नृत्य से शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक लाभ मिलते हैं। शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य और बॉलीवुड नृत्य से आजकल की सबसे बड़ी समस्या तनाव से मुक्ति मिलती है। नृत्योत्सव में सरिता सिंह ने शास्त्रीय नृत्य के विभिन्न प्रकारों के अलावा लोकनृत्य पर प्रकाश डाला और प्रशिक्षणार्थियों ने संवाद के जरिये अपनी-अपनी जिज्ञासाओं को शान्त किया। नृत्योत्सव की शुरुआत में बाल नृत्यांगनाओं कविता, मिष्टी, पीहू, तनिष्का, पाखी, बानी, खुशी, आन्या, जीनी और आयुषी ने वंदेमातरम पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों में देशप्रेम की भावना जगाने की कोशिश की। इस प्रस्तुति के बाद कल्पना, ऊषा, नीरज, निशा, नीति, जानवी, सुनीता, ममता और लक्ष्मी ने मेरे ढोलना सुन और आकांक्षा, शिखा, अलका, आभा, सीमा, पारुल और सविता ने मोहे पनघट पे नन्द लाल पर... भावपूर्ण अभिनय युक्त नृत्य प्रस्तुत किया।



भारतीयम् भवन में बेटियों संग नृत्य प्रस्तुत करतीं महिलाएं। फोटो : अमृत विचार

# बेटियों ने मां संग लगाए ठुमके

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व नृत्य दिवस पर गोमतीनगर स्थित रत्ना डांस अकादमी की ओर से भारतीयम् भवन में सोमवार को बॉलीवुड फिल्मोनिया डांस शो का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बेटियों संग माताओं ने नृत्य पेश किए। इस अकादमी में हर उम्र की महिलाओं को नृत्य का प्रशिक्षण साल भर दिया जाता है।

डांस शो में स्मार्ट मदर कैटेगरी में बबीता साहू ने दीवानी मस्तानी गीत पर प्रभावी नृत्य किया। उन्होंने बताया कि उनकी कमर का ऑपरेशन हो चुका है पर नृत्य ने उन्हें नयी आशा और उर्जा प्रदान की है। इस क्रम में रूबी गुप्ता ने बेला महका रे, श्वेता मनराल ने चटक मटक, रीता मनराल ने ठुमक ठुमक, रचना श्रीवास्तव ने ताल से ताल मिला, नीलम गुप्ता ने कोई शहरी बाबू रीमिक्स और आशा चौरसिया ने सुपरहिट फिल्मी गीत ठुमकेश्वरी पर सुंदर डांस कर प्रशंसा हासिल की। स्वैग गर्ल्स कैटेगरी में रोशनी कनौजिया ने बावन गज का दामन और लिटिल एंजिल्स कैटेगरी में स्वस्तिका त्रिपाठी ने स्वीटी तेरा ड्रामा, अनिका शर्मा ने दिल चोरी साडा हो गया और पीहू ने तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया, अग्रिमा चौरसिया ने साकी साकी और श्री मौर्या ने बम बम बोले गाने पर जोशीला बॉलीवुड फिल्मोनिया डांस किया।

कार्यक्रम संयोजिका शुभ्रा अस्थाना ने कहा कि भारतीय संस्कृति में महादेव को नटराज अर्थात नृत्य का राजा कहा गया है। इसलिए भारत में संगीत, नृत्य और वादन को आध्यात्मिक स्थान हासिल है।

**कार्यालय- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सिद्धार्थनगर**

पत्रांक: बेसिक / 500-01 / 2024-25 दिनांक: 25 अप्रैल, 2024

विज्ञप्ति

**श्रीमती प्राची त्रिपाठी**
**सहायक अध्यापक, प्रा0वि0 ससना,**
**विकास खण्ड-नौगढ़, जनपद-सिद्धार्थनगर**

कार्यालय के पत्र संख्या: बेसिक / प्रशा0/ 8336-39 / 2022-23 दिनांक 09.12.2022 द्वारा आपको निलम्बित कर उसी विद्यालय प्रा0वि0 ससना, विकास खण्ड - नौगढ़, पर सम्बद्ध करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी नौगढ़ को आरोप पत्र तैयार कर प्रस्तुत करने एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी इटवा को विभागीय जाँच अधिकारी नियुक्त किया गया था। खण्ड शिक्षा अधिकारी इटवा ने दिनांक 24.04.2023 को आरोप पत्र की छायाप्रति आपके विद्यालय प्रा0वि0 ससना विकास खण्ड- नौगढ़ पर आपको प्राप्त कराया। अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आप द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 31.01.2024 के माध्यम से अवगत कराया कि जाँच अधिकारी /खण्ड शिक्षा अधिकारी इटवा द्वारा प्राप्त कराये गये आरोप को समर्थित करने वाले संगत साक्ष्यों की प्रतियाँ अभिकथन / प्रतिउत्तर तैयार किये जाने हेतु उपलब्ध कराये जाने की आप द्वारा मांग की गयी। उक्त के क्रम में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्र संख्या- बेसिक/प्रशा0/ 13970/2023-24 दिनांक 16 जनवरी, 2024 को आपके निवास के पते पर उल्लिखित आरोपों के समर्थन में बिन्दुवार आरोपों के साक्ष्य रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भेजा गया, जो आप द्वारा लेने से इंकार कर दिया गया। पुनः अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्र संख्या: बेसिक/शिकायत/14448-49 / 2023-24 दिनांक 05 फरवरी, 2024 के माध्यम से दिनांक 12.02.2024 को समय अपराह्न 03: 30 साक्ष्य प्राप्त करने हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पर सुनवाई नियत की गयी थी। उक्त सुनवाई में आप अनुपस्थित रहीं। पुनः अधोहस्ताक्षरी द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी नौगढ़ को उल्लिखित आरोपों के समर्थन में बिन्दुवार आरोपों के साक्ष्य आपको प्राप्त कराने हेतु आपके विद्यालय पर दिनांक 18.04.2024 एवं 22.04.2024 को भेजा गया, परन्तु आप द्वारा साक्ष्य प्राप्त करने से मना कर दिया गया। आप भली भाँति अवगत हैं कि यह प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या: रिट-A- 723 / 2023 से आच्छादित है, परन्तु आपके असहयोग के कारण अनुशासनिक कार्यवाही में अंतिम निर्णय नहीं हो पा रहा है।

अतः इस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए सूचित किया जाता है कि आप अपना उल्लिखित आरोपों के समर्थन में बिन्दुवार आरोपों के साक्ष्य अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर 10: 00 AM से 05: 00 PM तक दिनांक 30.04.2024 तक प्राप्त कर लें। अन्यथा यह मान लिया जायेगा कि आरोपों को समर्पित करने वाले साक्ष्य की आपको कोई आवश्यकता नहीं है साथ ही अनुशासनिक कार्यवाही में एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगी। क्योंकि प्रकरण माननीय न्यायालय से आच्छादित होने के कारण शीघ्र निस्तारण अपेक्षित है।

**(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**सिद्धार्थनगर**

नन्द विहार का है सपना आपका घर हो अपना




आपका घर प्रमुख स्थानों से दूरी
- देवा रोड – 900 मीटर
- कुर्सी रोड – 3कि0मी0
- बाराबंकी रेलवे स्टेशन – 7 कि0मी0
- मटियारी चौराहा – 14 कि0मी0
- मुंशी पुलिया चौराहा – 20 कि0मी0
- बादशाह नगर रेलवे स्टेशन – 23 कि0मी0

BOOKING AMOUNT : 50,000/-
Rate 750 Rs./ Sqft. 20% Discount 600 Rs./Sqft. on Cash Rate Rs./Sqft.

Facilities:
- Security Tower • Park • Solar Light • Road
- A-Block Gate are placed at 30ft. wide road
- B-Block Gate are placed at 45ft. wide road

All Installment
Rs 600 Installment Rs. 100000 - 6 month
Rs 600 Installment Rs. 50000 - 12 month
Rs 600 Installment Rs. 25000 - 24 month
Rs 600 Installment Rs. 10000 - 60 month
(Per month 1 Lucky draw)

NVC Infraland Developers Pvt. Ltd.
Office:- D-4/60 2nd Floor, Vikalp Khand, Malhaur Road, Near CNG Petrol Pump, Gomti Nagar, Lucknow
Contact No: 05223131559, 9455936417, 9451006502

## एक नजर

### हादसे में दो युवक घायल एक की हालत गभीर

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** रहीमाबाद इलाके में बेकाबू बाइक से गिर कर दो युवक घायल हो गये। इनमें एक की हालत गंभीर है। ग्राम नत्थूखेड़ा निवासी चंद्रपाल (18) व आकाश अर्कवंशी (19) बाइक से जा रहे थे। रास्ते में सामने से अचानक आये वाहन से बचने के लिये ब्रेक लगा दिया। इससे बाइक समेत बेकाबू होकर गिर गये। हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गये। दोनों को लखनऊ स्थित एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जहां आकाश की हालत नाजुक बताई जा रही है।

### यातायात पुलिस ने मुफ्त में बांटे हेलमेट

**अमृत विचार, लखनऊ :** यातायात पुलिस ने एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के सहयोग से सोमवार को 1090 चौराहा पर सड़क सुरक्षा का महत्व बताते दोपहिया वाहन के पीछे बैठे लोगों को मुफ्त में हेलमेट बांटे। इस जन जागरूकता अभियान का उद्‌घाटन पुलिस उपायुक्त महिला अपराध एवं सुरक्षा कमलेश दीक्षित, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस मुख्य कार्यकारी एवं एमडी अमित झिंगरन ने किया। इस मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त यातायात इंद्र पाल सिंह, प्रमुख ब्रांड कॉर्पोरेट संचार एवं सीएसआर एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस रवींद्र शर्मा मौजूद रहे।

### नौ किलो पोस्ते के छिलके के साथ दो लोग पकड़े गए

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को सफदरगंज पुलिस टीम ने कोठी थाना क्षेत्र के ग्राम महादीनपुरवा मजरे ढेरिहा निवासी ओम प्रकाश व टिकैतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम रहिमापुर निवासी सुशील वर्मा को इरशाद नगर मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गए आरोपियों के पास से पुलिस ने नौ किलो ग्राम पोस्ते का छिलका व एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# लोहिया संस्थान में खुली देश की पहली 22 हेडर माइक्रोस्कोप लैब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एक बार में 22 मरीजों की होगी माइक्रोस्कोपी जांच
- प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेजों को भी मिलेगा लाभ

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में 22 हेडर माइक्रोस्कोप लैब स्थापित की गई है। सोमवार को इसका उद्घाटन संस्थान के निदेशक डॉ.सीएम सिंह ने किया। दावा है कि यह देश की पहली लैब है। इससे विशेषज्ञ कहीं से भी बीमारी और इलाज की तकनीक जानकारी साझा कर सकेंगे।


लैब की शुरुआत करते संस्थान के निदेशक व अन्य। अमृत विचार

निदेशक ने बताया इस लैब में एक साथ 22 लोग बैठकर माइक्रोस्कोप के अलावा बड़े स्क्रीन पर भी स्लाइड या कोशिका को देख सकते हैं। जिससे सटीक डाइग्नोसिस बनाने में मदद मिलेगी। इतना ही नहीं यूनिट के पास ही सेमिनार रूम में 100 स्टूडेंट बैठकर लाइव स्लाइड देख सकते हैं। जिससे छात्रों को बीमारी और उसके इलाज संबंधित अध्ययन करने में आसानी होगी। लैब का फायदा प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेजों को भी मिलेगा। इस लैब को शुरू करने का श्रेय लोहिया संस्थान स्थित पैथालॉजी विभाग की एचओडी प्रो.नुजहत हुसैन को जाता है। लैब की लागत करीब 50 लाख रुपये है। उद्‌घाटन के मौके पर संस्थान के डीन प्रो. प्रद्यूमन सिंह, एक्ज़ीक्यूटिव रजिस्ट्रार, प्रो. ज्योत्सना अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, प्रो. अजय कुमार सिंह, संस्थान की वित्त नियंत्रक रागिनी सिंह, संकाय सदस्य, छात्र एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# कान की नली के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डॉक्टरों का दावा, इस तरह की दुर्लभ बीमारी का देश में पहला मामला सामने आया

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय में एक बुजुर्ग के कान की नली में ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया गया। डॉक्टरों का दावा कि इस तरह का ये देश में पहला केस है। दुनिया में ऐसे नौ केस ही सामने आए हैं। मरीज की हालत में सुधार होने पर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।




संयुक्त चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया दुबग्गा आदर्श नगर निवासी विजय कुमार (60) की सुनने की क्षमता करीब तीन साल से कम हो गई थी। मार्च में संयुक्त चिकित्सालय की ओपीडी में ईएनटी सर्जन डॉ. अनित्या श्रीवास्तव को दिखाया। जांचों में पता चला कि मरीज के बाएं कान की नली में ट्यूमर है। 27 मार्च को मरीज का ऑपरेशन कर गांठदार ट्यूमर को निकाल दिया गया। ट्यूमर जांच के लिए हिस्ट्रोपैथोलॉजी भेजा गया। जिसमें सिलिंड्रोमा निकला।

डॉ. अनित्या ने बताया ये ट्यूमर धीरे-धीरे कैंसर में तब्दील हो जाता है। सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया निदेशक प्रशासन से अनुमति के बाद इस केस को अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित कराया जाएगा। अनुमति के लिए पत्र लिखा गया है।

# आज सुलतानपुर रोड और शहीदपथ पर जाने से बचें

## एलएसजी और मुंबई के बीच इकाना में मैच के चलते रूट रहेगा डायवर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इंडियन प्रीमियम लीग में मंगलवार को इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर ज्वाइंट और मुंबई इंडियंस के बीच मैच खेला जायेगा। इस कारण जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार ने रूट डायवर्जन लागू किया है।

दोपहर तीन बजे से मैच खत्म होने के समय रात 12 बजे तक स्टेडियम की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गो पर डायवर्जन लागू रहेगा। जेसीपी ने लोगों से शाम 6:00 से रात 8:00 बजे तक शहीदपथ पर आवाजाही से बचने और वैकल्पिक मार्गों से आवागमन करने की अपील की है।

### रोडवेज और निजी बसों की नहीं होगी आवाजाही

- शहीद पथ पर मैच के दौरान रोडवेज और प्राइवेट बस सहित अन्य वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक रूट से वाहन निकाले जायेंगे। निजी वाहनों, किराये की टैक्सी और कार पर रोक नहीं होगी।
- सुलतानपुर रोड पर वाहन अमूल तिराहा से डायवर्ट होंगे। अर्जुनगंज, कैंट की तरफ से आने वाले वाहन कटाई पुल से मुड़ेंगे।

### सिटी बसों को लिये निर्देश

- मैच के दौरान सिटी बसें चलेंगी, जो शहीद पथ पर हुसड़िया और सुशान्त गोल्फ सिटी के बीच में नहीं रुकेंगी। ये सड़क की दाईं ओर ही चलेंगी।

ऑटो और ई-रिक्शा चालकों के लिये निर्देश

- ई-रिक्शा व ऑटो शहीद पथ और सर्विस रोड पर नहीं चलेंगे।
- अर्जुनगंज से आने वाले ई रिक्शा और ऑटो अहिमामऊ से बायें मुड़कर पीएचक्यू, यूपी-112, मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतारेंगे। पीएचक्यू के सामने से होकर जी-20 तिराहा से गोमतीनगर की ओर जाएंगे। सुल्तानपुर रोड से आने वाले ऑटो और ई-रिक्शा बायें मुड़कर लूलू मॉल की ओर सवारी उतारेंगे। अहिमामऊ से 500 मीटर एरिया में सवारी उतारी व बैठाई नहीं जाएंगी।

# चिनहट में चार मंजिला होटल सील

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने सोमवार को चिनहट में चार मंजिला फोर सीजन होटल और गोमती नगर में व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स सील कर दिया। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन एक वंदना पांडेय ने बताया कि चिनहट के सेमरा में अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर होटल फोर सीजन के प्रबंधक द्वारा लगभग 5,00 वर्गमीटर क्षेत्रफल में चार मंजिला बिल्डिंग का निर्माण कराकर होटल संचालित किया जा रहा था।

सुलभ ग्रोवर व अन्य द्वारा गोमती नगर के विनय खण्ड में भूखण्ड संख्या-3/27 पर लगभग 3,00 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये गये इन दोनों अवैध निर्माण के विरुद्ध विहित न्यायालय से सीलिंग का आदेश पास था। सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता ने प्राधिकरण व स्थानीय थाना पुलिस बल के सहयोग से दोनों अवैध निर्माण सील कर दिये।

# डेडलाइन खत्म, आज शहर में खुले मैनहोल ढूंढने निकलेंगे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** सीवर लाइन के खुले मैनहोल और नालों के टूटे चैम्बर सही कराने की डेडलाइन सोमवार को समाप्त हो गई। अब शहर में कहीं भी खुले मैनहोल मिले तो अफसर नपेंगे। नगर निगम और जलकल विभाग के अभियंताओं और अधिकारियों ने सोमवार को नगर आयुक्त को शपथ पत्र देकर बताया कि उनके क्षेत्र में न ही सीवर लाइन का कोई मैनहोल खुला है और न सीवर का रैम्प टूटा है।

जानकीपुरम विस्तार में बुधवार को मैनहोल खुला होने से सीवर लाइन में गिरने से बच्चे की मौत हो गई थी। इसके बाद नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने नगर निगम के सभी जोन में नगर निगम और जलकल विभाग के अधिकारियों को सर्वे करने का निर्देश दिया था। टूटे सीवर के ढ़क्कन और सीवर के रैम्प सही कराने के निर्देश भी दिये थे। तीन दिन में सभी जोन अधिकारियों से शपथ पत्र मांगा था। शनिवार को भी शहर के कई इलाकों में सीवर के रैम्प टूटे और मैनहोल के ढक्कन गायब मिले थे।

### नाला व नाली सफाई की फोटो और वीडियो करनी होगी अपलोड

**अमृत विचार, लखनऊ :** इस बार नाला और नालियों की सफाई में खेल नहीं चलेगा। अभियंताओं और ठेकेदारों को सफाई के दौरान सभी फोटो और वीडियो अपलोड करनी होगी। नगर आयुक्त ने सभी नालों और नालियों की तड़ी झाड़ सफाई के दौरान बाधा बनने वाले रैम्प तोड़ने के निर्देश दिये हैं। नगर निगम ने शहर के नाले-नालियों की सफाई का काम शुरू कर दिया है। बड़े नालों की सफाई आरआर विभाग मशीनों से, मध्यम नालों की सफाई नगर निगम का इंजीनियरिंग विभाग और नालियों की सफाई नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग कराता है। इसमें अभियंता और ठेकेदार जमकर कमाई करते हैं। बिना सफाई करे ही पूरा भुगतान ले लेते हैं। इसे देखते हुये नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने अभियंताओं को नाले और नालियों की सूची तैयार करने के निर्देश दिये हैं।

- नगर निगम और जलकल विभाग के अधिकारियों और अभियंताओं ने दिया शपथ पथ
- जानकीपुरम में खुले सीवर में गिरकर बच्चे की मौत के बाद नगर निगम ने कराया है सर्वे

जिस पर नगर आयुक्त ने जोन छह में तैनात जलकल के जेई को चेतावनी दी है। शपथ पत्र मिल जाने के बाद अब नगर आयुक्त खुद औचक निरीक्षण करेंगे। लापरवाही पाये जाने पर संबंधित अधिकारी और अभियंता के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# आज व कल चलेगी ग्रीष्मकालीन अनारक्षित स्पेशल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्रीष्मकाल में यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने उनकी सुविधा के लिए दो सहरसा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 30 अप्रैल व एक मई को चलाने का निर्णय लिया है।

ट्रेन नंबर 04011 सहरसा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित स्पेशल 30 अप्रैल को और ट्रेन नंबर 04037 सहरसा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित स्पेशल एक मई को सहरसा से सुबह 7 बजे रवाना होकर मानसी, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, दलसिंह सराय, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, सीवान, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बाराबंकी होते हुए ऐशबाग रात्रि 10:25 बजे, दूसरे दिन कानपुर सेंट्रल, इटावा, टूण्डला, अलीगढ़, गाजियाबाद से होकर नई दिल्ली सुबह 7 बजे पहुंचेगी।

### नॉन इंटरलॉक कार्य के चलते कई ट्रेनें प्रभावित

**अमृत विचार, लखनऊ :** किशनगंज स्टेशन पर यार्ड रिमाडलिंग कार्य छह मई को प्री-नॉनइंटरलॉक कार्य और अलुआबारी स्टेशन पर लूप लाइन के प्रावधान के लिए सात और आठ मई को नॉन इंटरलॉक कार्य के लिए ब्लॉक लिया गया है। ऐसे में गरीब नवाज एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।

**शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन एवं आंशिक निरस्तीकरण :** अजमेर से दो मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 15716 अजमेर-किशनगंज गरीब नवाज एक्सप्रेस किशनगंज के स्थान पर कटिहार जं. पर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी कटिहार से किशनगंज तक निरस्त रहेगी। किशनगंज से तीन मई एवं सात मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 15715 किशनगंज-अजमेर एक्सप्रेस किशनगंज के स्थान पर कटिहार से चलायी जायेगी। यह गाड़ी किशनगंज से कटिहार के मध्य निरस्त रहेगी।

**पुनर्निर्धारण :** लालगढ़ से तीन मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस पुनर्निर्धारित कर रात्रि 7:50 बजे के स्थान पर चार मई को देर रात्रि 1:50 बजे चलायी जायेगी। लालगढ़ से छह मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस पुनर्निर्धारित कर रात्रि 7:50 बजे के स्थान पर रात्रि 11:50 बजे चलायी जायेगी। उदयपुर सिटी से चार मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 19601 उदयपुर सिटी-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस पुनर्निर्धारित कर मध्यरात्रि 12:45 बजे के स्थान पर तड़के 4:45 बजे चलायी जायेगी।

### किसान आंदोलन ने पटरी से उतारा ट्रेनों का संचालन, यात्री परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंबाला मंडल के शम्भू स्टेशन पर पिछले दो हफ्ते से किसान आंदोलन चल रहा है। ऐसे में ट्रेनों का संचालन बिगड़ गया है। ऐसे में रेलवे को सौ से अधिक ट्रेनों के रूट बदलने पड़े हैं। इससे ट्रेनें देरी से चल रही है। ट्रेनों के इंतजार में यात्री स्टेशन पर परेशान हो रहे हैं। सबसे ज्यादा जम्मू, अमृतसर रेल खंड से लखनऊ मंडल में आने वाली ट्रेनों के रूट बदले गए हैं। जयनगर से 30 अप्रैल को चलने वाली ट्रेन नंबर 14649 जयनगर-अमृतसर सरयु-यमुना एक्सप्रेस अंबाला-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा जं.-सरहिन्द-सानेहवाल के रास्ते चलेगी।


चिलचिलाती धूप के बीच जाती युवतियां। अमृत विचार

# लखनऊ में आंधी- लू को लेकर अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ और आसपास जनपदों में चार दिनों के भीतर आंधी के साथ तेज लू चलने की संभावना है। मौसम अनुसंधान की ओर से इसको लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

धूप की तपिश में दिन का तापमान दो डिग्री अधिक रहा। मौसम अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, सोमवार को लखनऊ में दिन के तापमान में दो डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। तापमान 42 डिग्री को पार कर गया।

एक दिन पहले लखनऊ का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगले चार दिनों में तापमान में वृद्धि के साथ लू के थपेड़े तेज होने और आंधी चलने की संभावना बन रही है।

### हवाओं की रफ्तार में बढ़ोतरी

हवाओं की रफ्तार में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। शुष्क मौसम के बीच दिन में गर्म हवाओं की रफ्तार 25-30 किमी बढ़कर 35 किमी प्रति घण्टे की रफ्तार से चली। ऐसे में मौसम विभाग की ओर से तेज हवा चलने को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

# कमजोर लोगों में आसानी से फैलता है कैंसर : डॉ. ज्ञानचंद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

- आंबेडकर विवि में हुए सेमिनार में विशेषज्ञों ने प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने पर दिया जोर

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय इम्यूनोलॉजी दिवस पर सोमवार को बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में सेमिनार का आयोजन हुआ। बढ़ती उम्र में प्रतिरक्षा - प्रतिरक्षा विज्ञान का संचालन विषय पर हुए इस सेमिनार में विशेषज्ञों ने कैंसर, बढ़ते प्रदूषण और अन्य कारकों पर साझा की।

मुख्य अतिथि संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रसिद्ध रोबोटिक्स सर्जन डॉ. ज्ञानचंद ने कहा कि कैंसर कमजोर इम्यून सिस्टम वाले लोगों में आसानी से फैलता है। सही समय पर कैंसर का पता लगाकर उपचार करने से बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आईक्यूएसी डायरेक्टर प्रो. राम चन्द्रा ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के कारण भी हमारी प्रतिरोधक क्षमता को नुकसान पहुंचता है।

प्रो. डीआर मोदी ने पौष्टिक आहार के माध्यम से प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रो. संगीता सक्सेना, डॉ. सुनील बाबू गोसीपटाला, प्रो. वेंकटेश कुमार सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र- छात्राएं, शोधार्थी एवं विवि के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता हुई

जूनियर एवं सीनियर वर्गों में क्विज, पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लखनऊ के विभिन्न विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। आयोजन समिति ने विजयी विद्यार्थियों को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया।


लोगों को जागरूक करते हुए अस्पताल का मेडिकल स्टाफ। अमृत विचार

# गर्मी से होने वाली बीमारियों के लिए किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए बलरामपुर अस्पताल के पैरा मेडिकल स्टाफ ने जागरूकता अभियान चलाया।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया अस्पताल के आसपास रहने वाले लोगों को नर्सिंग कर्मचारियों एवं नर्सिंग छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के जरिये गर्मी से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक किया और बचाव के तरीके बताए।

अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार ने लोगों को पानी पीने, ठंडे पदार्थों का सेवन, धूप से बचने और बच्चों और बुजुर्गों का ध्यान रखने का सुझाव दिया।

# डेंगू बीमारी से सभी को सतर्क रहने की ज्यादा जरूरत

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- केजीएमयू व डीएनडीआई द्वारा डेंगू जागरूकता बढ़ाने के लिए की गयी पहल

**अमृत विचार :** डेंगू का कोई इलाज नहीं होता है। इसका सिर्फ लाक्षणिक उपचार संभव है। इसलिए डेंगू की समय से पहचान और चिकित्सक से सम्पर्क बेहद जरूरी है। चिकित्सकीय सलाह मरीज की जीवनरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह जानकारी आईसीएमआर-आरएमआरसी के पूर्व निदेशक डॉ.रजनीकांत ने ''सामुदायिक भागीदारी, सबकी जिम्मेदारी'' विषयक डेंगू जागरूकता कार्यशाला में सोमवार को दी।

सरोजनीनगर ब्लॉक के रूरल हेल्थ ट्रेनिंग सभागार में केजीएमयू और स्वयंसेवी संस्था ड्रग्स फॉर नेगलेक्टेड डिजीज इनीशिएटिव (डीएनडीआई) ने संयुक्त रूप से विषय से जुड़े विशेषज्ञों, समुदाय व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को कार्यशाला में एक मंच दिया गया।



डेंगू जागरूकता कार्यशाला में संबोधित करते विशेषज्ञ । अमृत विचार

संयुक्त निदेशक मलेरिया व डेंगू डॉ. विकास सिंघल ने 'बुखार में देरी, पड़ेगी भारी' नारा दिया साथ ही उन्होंने डेंगू से बचने के लिए सामुदायिक भागीदारी और सबकी ज़िम्मेदारी बढ़ाने पर ज़ोर दिया।

नेशनल सेंटर फार वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल (एनसीवीबीडीसी) की पूर्व अतिरिक्त निदेशक डॉ. कल्पना बरुआ ने कहा कि डेंगू के बारे में काफी रिपोर्टिंग की जा रही है। केजीएमयू की डॉ. मोनिका अग्रवाल ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में बीमारियों को खत्म करने में लिए महिलाओं को ध्यान में रखकर योजना बनाई जा रही है।

एनसीवीबीडीसी के पूर्व निदेशक डॉ. पीके श्रीवास्तव ने बताया कि डेंगू मादा मच्छर के काटने से होता है। केजीएमयू के डॉ. अविनाश अग्रवाल के बताया कि तेज बुखार और जोडों में दर्द इस बीमारी के मुख्य लक्षण हैं।

### जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ा डेंगू

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर के सैनिक सोसायटी कॉलोनी स्थित रूरल हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर में सोमवार को केजीएमयू की ओर से डेंगू जागरूकता कार्यशाला हुई। इसमें डॉ. रजनीकांत ने कहा कि सामुदायिक भागीदारी सबकी जिम्मेदारी है। संयुक्त निदेशक मलेरिया व डेंगू डॉ. विकास सिंघल ने कहा कि लगातार डेंगू के बढ़ते मामले का एक बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन है। इससे हम सभी को ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बुखार होने पर अपने करीबी स्वास्थ्य केंद्र जरूर जाएं और घर के आसपास साफ सफाई का बेहद ध्यान रखें। एनसीवीडीसी की वरिष्ठ सलाहकार पूर्व अतिरिक्त एडिशनल निदेशक डॉ. कल्पना बरुआ ने कहा कि अब हमारे पास डेंगू की रोकथाम और इलाज पर काम करने

WISDOM WAY
PROGRESSIVE INTER COLLEGE


Mahima Kanoujiya
High School
95%
570 marks
Lko Rank 10


Rakshit Tiwari
Intermediate
96.8%
Lko Rank 1
Up rank 6

ADD: Matiyari Crossing, Ayodhya Road, Chinhat, Lucknow
Email: wwpic1242@gmail.com
Phone : 9793082990, 9452242167

## एक नजर

### अधेड़ ने जहरीला पदार्थ खाया, अस्पताल में मौत

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** दो सप्ताह पहले बीमारी से तनाव में आकर जहर खाने वाले अधेड़ ने सोमवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बंथरा पुलिस के मुताबिक भौकापुर निवासी अरविंद कुमार दीक्षित (50) शुगर के मरीज थे। उनका इलाज चल रहा था, लेकिन सेहत में सुधार नहीं होने से वह काफी तनाव में थे। इसके चलते 15 दिन पहले अरविंद ने जहरीला पदार्थ पी लिया था। परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां सोमवार तड़के उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

### आत्महत्या के लिए उकसाने में दो आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा पुलिस ने युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा ने बताया कि 18 दिसंबर 2023 को पीड़ित सुखराम निवासी हंसखेड़ा ने उनके पुत्र राममिलन को रूपरानी व अरविंद कुमार द्वारा आत्महत्या के लिये उकसाने का मामला दर्ज कराया था। तब से दोनों फरार चल रहे थे। पुलिस ने सोमवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### जान से मारने की दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** थाना अंतर्गत बदाली खेड़ा निवासी रोलेश कुमार ने गीता और मनीष यादव नामक व्यक्ति पर कॉन्फ्रेंस कॉल कर धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रोलेश ने 25 अप्रैल को कॉल कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। आरोपी वहां से भाग गया। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### फर्जी रजिस्ट्री करा रुपये हड़पने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बलिया जिले के बजरहा निवासी मानवेंद्र कुमार राय ने सरोजनीनगर के अमौसी निवासी सुरेश कुमार और बलिया के मीढ़ा निवासी राजेंद्र सिंह पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपए हड़पने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मानवेंद्र का कहना है कि सुरेश और राजेंद्र के माध्यम से अमौसी गांव में जमीन खरीद कर रजिस्ट्री कराई थी। बाद में पता चला कि रजिस्ट्री करने वाला इंद्रजीत नामक व्यक्ति फर्जी है। आरोपियों ने उससे 7,84,400 रुपये चेक और नकद रुपए का भुगतान किया था। स्थानीय पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर उसने कोर्ट में गुहार लगाई थी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### राजगीर के घर से चोरों ने नकदी और गहने पार किये

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा इलाके में चोरों ने राजगीर के घर को निशाना बनाते हुये लाखों का सामान पार कर दिया। थाना अंतर्गत महिपतमऊ गांव निवासी राजगीर शिव कुमार ने बताया रविवार सुबह घर में ताला लगाकर परिवार के साथ मामा के घर शादी में शामिल होने मौदा गांव गया था।

# संकरी गलियों में धधकती आग बुझाएगा रोबोट

## हजरतगंज फायर स्टेशन में दिखाया गया डेमो, रोबोट की मदद से आग आसानी से आग पर काबू पाया जा सकेगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हजरतगंज फायर स्टेशन पर सोमवार को फायर फाइटिंग रोबोट का डेमो दिखाया गया। डेमो में रोबोट ने तीव्रता के साथ पानी को काफी दूर तक पहुंचाने में सफलता हासिल की है। अब, इस रोबोट की मदद से दमकल विभाग आसानी से आग पर काबू पाया जा सकेगा। दमकल विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस डेमो देखा और उसकी बारीकियों के बारे में जानकारी ली।

**दमकल कर्मियों के लिए मददगार फायर फाइटिंग रोबोट**-मुख्यशमन अधिकारी (सीएफओ) मंगेश कुमार के मुताबिक, घनी आबादी, व्यस्तम बाजार में आग पर काबू पाने के लिए दमकलकर्मियों को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इन जगहों पर वायु संचार (वेंटिलेशन) के अभाव में दमकल कर्मियों को ब्रीथिंग ऑपरेट्श सिस्टम यानि (सांस लेने के लिए ऑक्सीजन) लेकर भीतर जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि किसी तरह अंदर पहुंचने पर भी दमकल कर्मियों को चारों तरह से आ रही तपिश को झेलना पड़ता है। जो उनके लिए जानलेवा साबित होती है। इन हालात से निपटने के लिए फायर फाइटिंग रोबोट दमकलकर्मियों के लिए मददगार साबित होगा। रोबोट मशीन को आसानी से अंदर भेजकर जल्द आग पर काबू पाया जा सकता है।



आग बुझाने को तैयार फायर फाइटिंग रोबोट। 8अमृत विचार

### गुजरात की स्वदेशी फायर ने बनाया रोबोट

मुख्यशमन अधिकारी ने बताया कि गुजरात की स्वदेशी फायर कंपनी ने इस रोबोटिक मशीन को बनाया है। इससे पूर्व ज्यादातर आधुनिक उपकरण विदेशी कंपनियों से खरीदे जाते थे। इस रोबोटिक मशीन में थर्मल इमेजिंग और नाइट विजन कैमरे लगे हैं। इससे यह आसानी से आग वाली जगह की पहचान करके अंधेरे में भी उसे बुझाने में कारगर होंगे। सेंसर को आग का पता लगते ही पानी और फोम की बौछार शुरू हो जाएगी और कम समय में आग पर काबू पाया जा सकेगा।

### मुख्यालय भेजा जाएगा प्रस्ताव

मुख्यशमन अधिकारी का कहना है कि आग लगने के मामलों से निपटने के लिए सरकार ने रोबोटिक मशीन का इस्तेमाल किए जाने की रणनीति बनाई है। सोमवार को हजरतगंज फायर स्टेशन पर रोबोटिक मशीन का डेमो सफलता पूर्ण हुआ। जो काफी हद तक दमकलकर्मियों के लिए मददगार साबित होगा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि फिलहाल चौथे चरण की टेस्टिंग की गई है। रोबोटिक मशीन को खरीदने का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा जा रहा है।

### टाइल्स की बंद दुकान में लगी आग

**अमृत विचार, लखनऊ :** तालकटोरा थाना अंतर्गत राजाजीपुरम में रविवार देर रात टाइल्स की बंद दुकान में आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने तीन गाड़ियों से आग पर काबू पा लिया। एफएसओ आलमबाग के मुताबिक, मीना बकेरी निवासी फिरोज अब्बास का दो मंजिला मकान है। मकान के भूतल पर टाइल्स की दुकान है। रविवार रात एक बजे बंद दुकान में अचानक आग लग गई। ऊपर सो रहे फिरोज व उनके परिजन आनन-फानन मकान के बाहर आ गए। लोगों ने घटना की सूचना दमकल को दी। कुछ देर में दमकल कर्मी भी घटनास्थल पर तीन गाड़ियों के साथ पहुंच गए। दुकान बंद होने के कारण दमकल कर्मियों ने शटर काट कर आग बुझाना शुरू कर दिया। हालांकि एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। एफएसओ ने हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

# रोडवेज बस की टक्कर से टेम्पो चालक की मौत, पत्नी-बेटा घायल

## बीमार पत्नी को टेम्पो से दवा दिलाने निगोहां ले जाते समय हुआ हादसा

- निगोहां इलाके का मामला आरोपी चालक बस छोड़कर फरार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** निगोहां इलाके में सोमवार सुबह रायबरेली डिपो की रोडवेज बस की टक्कर से टेम्पो ड्राइवर की मौत हो गयी और पत्नी व मासूम बच्चा घायल हो गये। ऑटो चालक पत्नी का इलाज कराने जा रहा था। हादसे के बाद आरोपी चालक बस छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक, मोहनलालगंज भावाखेड़ा निवासी हरिओम (25) टेम्पो चालक था। उसकी पत्नी पिंकी की तबीयत खराब थी। सोमवार सुबह वह टेम्पो से पत्नी को दो वर्षीय बेटे आनंद संग दवा दिलाने घर से निकला था। तीनों नगराम मोड़ के पास पहुंचे थे। इसी बीच पीछे से आई रायबरेली डिपो की तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टेम्पो में टक्कर मार दी। टेम्पो पलटने से हरिओम नीचे दब गया, जबकि पीछे बैठे पत्नी व बेटा छिटक कर बाहर जा गिरे। हादसे के बाद चालक बस छोड़ कर फरार हो गया। राहगीरों ने आनन-फानन हरिओम को टेम्पो के नीचे से निकाला। तब तक पहुंची पुलिस ने घायलों को ट्रॉमा सेंटर भेजा। जहां डॉक्टरों ने हरिओम को मृत घोषित कर दिया। जबकि पिंकी और आनंद को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया। इंस्पेक्टर निगोहां अनुज तिवारी ने बताया बस कब्जे में लेकर आरोपी बस चालक की तलाश की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।



मृतक टेम्पो चालक हरिओम





इसी बस से हुआ हादसा



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त टेम्पो

### वाहन की टक्कर से कार सवार सात लोग घायल

अमृत विचार, मलिहाबाद : मेला से घर लौट रहे कार सवार एक ही परिवार के सदस्यों को गलत दिशा से आये अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भिम्माखेड़ा भतोइया निवासी योगेश कुमार पाल (26) अल्टो से मां गीता (57), भाभी रोशनी (24), चचेरे भाई मनीष (25), चाची माया उर्फ नन्ही (55) व दो बच्चों श्रद्धा व गौरी संग हरदोई जनपद के संडीला कस्बा स्थित शीतला माता मन्दिर दर्शन करने गये थे। जहां से घर लौटते समय रहीमाबाद जिन्दौर के बीच हाईवे पर गलत दिशा से आये वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार सभी घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी निजी हास्पिटल में भर्ती कराया। हादसे में मनीष, योगेश व माया को गंभीर चोटें आईं है। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन समेत भाग निकला।

### ई-रिक्शा पलटने से मजदूर की मौत, चार घायल

**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी थाना अंतर्गत आगरा एक्सप्रेस वे मेहंदी नगर अंडर पास के पास सर्विस लेन पर रविवार को सामने से आ रही बस से बचने में ई-रिक्शा पलट गया। ई-रिक्शा के नीचे दबकर मजदूर शिवबरन उर्फ शिवचरन (45) की मौत हो गई। जबकि ई-रिक्शा में सवार चार लोग घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल से चालक ई-रिक्शा लेकर भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद के मुताबिक, उन्नाव जनपद के औरास मैनीभावा खेड़ा निवासी मजदूर शिवबरन बुद्धेश्वर में किराए के कमरे में रहता था। चचेरे भाई पिंटू ने बताया कि बुधवार को बाबा की मौत होने पर शिवबरन गांव आए थे। रविवार को वह रिश्तेदार विनोद और सुरेन्द्र के परिवार के साथ ई-रिक्शा बुक कर बुद्धेश्वर आ रहे थे। आगरा एक्सप्रेस वे मेहंदी नगर अंडरपास के पास सर्विस लेन पर सामने से तेज रफ्तार बस से बचने के लिए चालक ई-रिक्शा को किनारे लगाने लगा। तभी ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में शिवबरन ई-रिक्शा के नीचे दब गया। जबकि अन्य लोग छिटककर दूर जा गिरे। चीख-पुकार मचने पर ई-रिक्शा चालक गाड़ी लेकर वहां से भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घायलों को नजदीकी सीएचसी पहुंचाया। जहां गंभीर रूप से घायल शिवबरन को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### डंपर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अमृत विचार, बीकेटी :** महिंगवा इलाके में तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। बताया जा रहा है कि बाराबंकी जिले के देवां निवासी सोनू (36) सोमवार शाम बाइक से भड़सर निवासी बहन के यहां से घर लौट रहे थे। रास्ते में हेमी गांव के पास पीछे से आये डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गम्भीर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।

# बेटा दुष्कर्म में फंस गया है, बचाना चाहते हैं तो खाते में एक लाख भेजिए

**डिजिटल अरेस्ट**

- साइबर अपराधियों ने अपनाया ठगी का नया पैंतरा, पुलिस अफसर बनकर लोगों करते हैं कॉल
- गाजीपुर पुलिस ने साइबर ठगों पर एफआईआर दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से शुरू की जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** साइबर अपराधी ठगी के नए तरीके अपना कर लोगों से वारदात को अंजाम दे रहे हैं। जालसाज पुलिस अफसर बनकर लोगों को कॉल कर रहे हैं कि उनका बेटा दुष्कर्म के मामले में पकड़ा गया है। बात रफादफा करना है या बच्चे को जेल भेजना है तय कर लो। एक ऐसा ही मामला गाजीपुर थाने में दर्ज किया गया है। जहां पीड़ित ने बताया कि पुलिसकर्मी बनकर साइबर अपराधियों ने उसके बेटे को दुष्कर्म के मामले में जेल भेजने की धमकी देकर एक लाख रुपये की मांग की। पीड़ित ने बेटे को बचाने के लिए जालसाज के खाते में 55 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। ठगे जाने पर पीड़ित ने कार्रवाई किए जाने की मांग करते हुए गाजीपुर थाने में शिकायत की है।

गाजीपुर थाना अंतर्गत बी-ब्लॉक इंदिरानगर निवासी अश्वनी यादव ने बताया कि उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल रिसीव करने पर फोनकर्ता ने उन्हें अर्दब में लेते हुए कहा कि वह मटिहानी थाने से बोल रहा है। उनका बेटा दुष्कर्म के मामले में फंस गया है। जिसे पुलिस ने पकड़ लिया है। बात रफादफा करना है या बच्चे को जेल भेजना है, तय कर लो। इसके बाद जालसाज ने पीड़ित से फौरन एक लाख रुपये की मांग कर यूपीआई में रुपया ट्रांसफर करने की बात कही।

पीड़ित ने बताया कि उसने बिना सोचे-समझे आरोपियों के खाते में दो बार में कुल 55 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद पीड़ित ने फोनकर्ता से सम्पर्क करने का प्रयास किया, तो उसका नंबर बंद जाने लगा। जिसके बाद पीड़ित ने फौरन बेटे से कॉल पर बातचीत की तब पता चला कि उसका बेटा सुरक्षित है। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने गाजीपुर थाने में तहरीर देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक विकास राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से तफ्तीश शुरू कर दी है।

# फ्लैट के नाम पर लाखों की ठगी

- गाजीपुर पुलिस ने रियल एस्टेट कारोबारियों पर दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गाजीपुर थाना अंतर्गत रियल एस्टेट कारोबारियों ने फ्लैट की बुकिंग के नाम पर एक युवक से 2.87 लाख रुपये हड़प लिए है। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

दाउदपुरम निवासी अजय सिंह ने बताया कि बीसीसी ग्रींस अपार्टमेंट देवा रोड में फ्लैट बुक कराने के लिए 22 सितंबर 2012 को उन्होंने उक्त धनराशि जमा कराई थी। 2016 में फ्लैट हैंडओवर किया जाना था, लेकिन उन्हें गुमराह किया जाता रहा। 16 दिसंबर 2023 को उन्होंने आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की तो अफटेक डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक विष्णु कुमार गुप्ता ने तीन माह के भीतर पैसे वापस करने का वादा किया,लेकिन मुकर गए। इसके बाद पीड़ित ने रियल एस्टेट कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर गाजीपुर थाने में तहरीर दी है।

### चालक पर 10 लाख गायब करने की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** थाना अंतर्गत नादरगंज में अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित शिमला गोमती कंपनी के निदेशक व हिंद नगर कानपुर रोड निवासी मेघराज सिंह ने आलम नगर पुल के पास रहने वाले चालक विकास गुप्ता पर कंपनी के 10 लाख रुपए गायब करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मेघराज का कहना है कि कंपनी के रुपये आशा चौरसिया के यहां रखे थे। आशा ने 5 फरवरी को रकम विकास के हाथों उसे भेजी थी। लेकिन आरोपी चुपके से कंपनी में गाड़ी खड़ी कर रुपये लेकर चला गया। इसके बाद से वह लापता है। पुलिस ने मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

# पुलिस वाहन ने बाइक सवार छात्र को मारी टक्कर

- कैंट थाना अंतर्गत सोमनाथ द्वार के पास हुई दुर्घटना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कैंट थाना अंतर्गत सोमनाथ द्वार पर पुलिस स्कोर्ट की जिप्सी ने बाइक सवार छात्र लारेंस एंथोनी को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने छात्र को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। देर शाम छात्र के पिता ने जिप्सी चालक के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर कैंट थाने में तहरीर दी है।

थाना प्रभारी गुरूप्रीत कौर के मुताबिक, पीजीआई के तेलीबाग सुभानीखेड़ा निवासी जेवियर एंथोनी ने जिप्सी चालक के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि बेटा लॉरेंस एंथोनी हजरतगंज स्थित एक निजी संस्थान में बीसीए का छात्र है। लिखित शिकायत में उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह करीब 11.30 बजे बेटा बाइक से अर्जुनगंज की तरफ से दिलकुशा चौराहे होते हुए शैक्षिक संस्थान की तरफ जा रहा था। तभी सोमनाथ द्वार के पास गलत दिशा से आ रही तेज रफ्तार पुलिस स्कोर्ट की जिप्सी यूपी 32 बीजी 4632 ने बाइक में टक्कर मार दी।

# कोतवाली के सामने चौकी इंचार्ज के सिर पर लोहे की रॉड से हमला

- पुलिस ने हमलावर को हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मड़ियांव कोतवाली के सामने नशे में धुत एक युवक ने चौकी इंचार्ज के सिर पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में चौकी इंचार्ज लहूलुहान अवस्था में सड़क पर गिर गये। जिसके बाद राहगीरों ने घटनास्थल से भाग रहे युवक को दबोच उसे पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं, घायल चौकी इंचार्ज को फौरन इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां उनके सिर पर आठ टांके आए है।

डीसीपी नार्थ अभिजीत आर शंकर के मुताबिक, मड़ियांव कोतवाली से सम्बद्ध नौबस्ता चौकी प्रभारी प्रदीप यादव सोमवार शाम 6.30 बजे कोतवाली के बाहर खड़े थे। इसी बीच नशे में धुत युवक ने चौकी इंचार्ज के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। रॉड के वार से चौकी इंचार्ज का सिर फट गया और वह सड़क पर गिर पड़े। राहगीरों ने हमलावर को पकड़ कर लिया। प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र ने बताया कि पुलिस की गिरफ्त में आए हमलावर की पहचान राजू चौधरी के रूप में की गई है। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

# गाड़ी टकराने पर अधिवक्ता को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

- पुलिस ने दबंगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर शुरू की जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंदिरानगर थाना अंतर्गत पानीगांव में गाड़ी टकराने के विवाद में दबंगों ने बाइक सवार अधिवक्ता और उसके दोस्तों को दौड़ा-दौड़ा कर पीट दिया। सड़क पर मारपीट होता देख राहगीर बीच-बचाव में दौड़े तो आरोपी पीड़ित दोस्तों को जान से मारने की धमकी देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकले। अधिवक्ता की लिखित शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

गोमतीनगर थाना अंतर्गत विनीतखंड-6 निवासी अधिवक्ता कृष्णा कान्त चौबे शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे साथी अभिषेक और अब्दुल रहीम के साथ बाइक से विकासनगर की तरफ जा रहे थे। उनका आरोप है कि पानीगांव स्थित गरीब नवाज होटल के पास एक कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। विरोध किए जाने पर कार से उतरे करीब पांच लोग गाली-गलौज करने लगे। विवाद बढ़ने दबंगों ने पीड़ित अधिवक्ता व उसके दोस्तों को पीटने लगे। पीड़ित ने बताया कि युवक शराब के नशे में धुत थे।

## सार-संक्षेप

### टैंकर के केबिन में मिला चालक का शव

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा इलाके में सोमवार को टैंकर चालक का शव केबिन में मिला। चालक कन्नौज का रहने वाला था। पुलिस के मुताबिक कन्नौज के मकरंद नगर निवासी चालक सुभाष चंद्र (45) रविवार को कानपुर से टैंकर में यूरिक एसिड लोड कर बंथरा के खसरवारा स्थित फैक्ट्री में खाली करने लाया था। रात में सुभाष बनी – मोहनलालगंज रोड किनारे प्रधान धर्म कांटा के पास टैंकर खड़ा कर केबिन में सोया था। सोमवार सुबह देर तक नहीं उठने पर कांटा के कर्मचारी उसे जगाने पहुंचे, तो मरणासन्न हालत में मिला। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजन ने आरोप से इनकार किया। उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से भी मना किया और शव लेकर चले गये। इंस्पेक्टर ने अधिक शराब पीने से मौत होने की आशंका जताई है।

### बावर्ची ने नशीला पदार्थ पिलाकर घर से पार की ज्वैलरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृष्णानगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह के मुताबिक, प्रेमनगर निवासी सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी अशोक सक्सेना पत्नी सुषमा सक्सेना के साथ रहते है। घर में सीतापुर के जमौली ककरा निवासी जनार्दन तिवारी तीन वर्षों से बावर्ची का काम करता था। उनका आरोप है कि गत 25 अप्रैल को पत्नी सुषमा बेटे के पास गई हुई थी। इसका फायदा उठाकर नौकर उन्हें चाय बनाकर पीने के लिए दे गया। इसके बाद नींद आ गयी, करीब चार घंटे बाद जब सोकर उठे तो देखा कि आलमारी की चाभी डाइनिंग टेबल पर पड़ी हुई है। नौकर लापता था। पत्नी के घर लौटते ही अलमारी का लॉकर खोलकर देखा तो अलमारी के लाकर से उनकी पत्नी के गले की चेन, कंगन, एक अंगूठी, कान के झाले, गले का हार समेत 40 हजार की नकदी गायब थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सर्विलांस टीम की मदद से बावर्ची की लोकेशन ट्रेस की जा रही है।

### भाजपा कार्यकर्ता की पिटाई कर हाथ में गड़ाए दांत

**अमृत विचार, लखनऊ :** गौरी निवासी वीरबहादुर सिंह भाजपा कार्यकर्ता व किसान हैं। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि रविवार सुबह साढ़े आठ बजे वह घर के पास टहल रहे थे। तभी महेंद्र शर्मा चार साथियों के साथ वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। आरोपियों ने उन्हें पकड़ लिया और भाजपा का साथ न देने की धमकी दी। विरोध पर महेंद्र ने उनके हाथ में दांतों से काट लिया। मदद को लोगों को आता देख आरोपी वहां से भाग निकले। वीरबहादुर सिंह ने मामले की शिकायत पुलिस से की।

### मोबाइल टावर में लगी आग

**अमृत विचार, लखनऊ :** महानगर स्थित एक मोबाइल टावर में सोमवार को आग लग गई। घटना की सूचना पाकर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। एफएसओ के मुताबिक महानगर के रहीमनगर नई बस्ती स्थित बीएसएनएल मोबाइल टावर सोमवार सुबह आग लग गई। आसपास के लोगों ने आनन-फानन में दमकल विभाग को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंचे फायर कर्मियों ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। छानबीन में पता चला है कि आग शार्ट सर्किट के कारण लगी थी। फिलहाल, कोई जनहानि नहीं हुई है।

### कबाड़ व्यापारी समेत दो शातिर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गाजीपुर पुलिस ने योध्या मार्ग स्थित एक बिजली के शोरूम में चोरी करने वाले दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। शातिरों के पास चोरी का सामान और एक बाइक भी मिली है। प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बादशाहनगर निवासी उमाशंकर तिवारी और निशातगंज निवासी अजय कुमार की गिरफ्तारी की है। शातिरों के पास से चोरी की एक बाइक भी मिली है।

**कार्रवाई** पुलिस आयुक्त के निर्देश पर थाना वार कुंडली खंगालने पर सामने आ रहे नाम

# आपराधिक इतिहास वाली महिलाओं के नाम भी जारी कर दिए लाइसेंस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करने के लिए पुलिस आयुक्त के निर्देश पर आपराधिक इतिहास वाले शस्त्र लाइसेंस धारकों को चिन्हित किया जा रहा है। थानावार कुंडली खंगाली गई तो आपराधिक इतिहास वाली ऐसी महिलाओं के नाम भी सामने आये, जिनके नाम से शस्त्र लाइसेंस जारी किये गये हैं। फिलहाल थाना प्रभारी की रिपोर्ट पर इन आपराधिक इतिहास वाली असलहाधारक महिलाओं के लाइसेंस भी निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर के निर्देश पर सभी थाना प्रभारी अभियान चलाकर आपराधिक इतिहास वाले लाइसेंसी शस्त्र धारकों पर शिकंजा कस रहे हैं। अब तक 550 ऐसे शस्त्र लाइसेंस धारक मिले हैं, जिनका आपराधिक इतिहास है। इनमें अधिकतर नाम तो पुरुष शस्त्र लाइसेंस धारकों के हैं, लेकिन कई नाम महिलाओं के भी सामने आये हैं। जिनका अपराधिक इतिहास मिला है। इन्हीं में हुसैनगंज थाना अंतर्गत माल एवेन्यू निवासी प्रियंका जुनेजा पत्नी स्वप्निल जुनेजा का नाम शामिल है। इनके नाम से शस्त्र लाइसेंस नंबर 835/ एचयूजे जारी किया गया है। इसी तरह रागिनी शुक्ला पत्नी सुरेन्द्र कुमार निवासी 56/06 कैनाल कॉलोनी सिंचाई विभाग थाना, हुसैनगंज को शस्त्र लाइसेंस नंबर 4/660 डीवीवीएल जारी किया गया है। उधर, गोमतीनगर थाना अंतर्गत विशाल खंड निवासी प्रियंका सिंह और बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत चन्दाकोडर में रहने वाली रेखा सिंह पत्नी इन्द्रपाल सिंह के नाम से दो शस्त्र लाइसेंस जिनका नंबर 470/2008 और 448/2006 जारी किया गया है। इसी तरह माल थाना अंतर्गत आंट गढी सौरा निवासी मंजू पत्नी स्व. भूपेन्द्र सिंह के नाम शस्त्र लाइसेंस संख्या 807 जारी किया है।





### शस्त्र जमा नहीं करने वालों के निरस्त होंगे लाइसेंस

अब तक जिले में 6698 लाइसेंसी असलहों को थानों में जमा कराया गया है। जबकि 621 लाइसेंस धारकों ने असलहे जमा नहीं किये हैं और न ही जमा करने की छूट से संबंधित आवेदन दिया है। ऐसे असलहा धारकों के लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई है। जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल का कहना है कि शस्त्र जमा करने की सूचना दी गई थी। जिन लोगों ने बिना आवेदन दिये शस्त्र जमा नहीं किये हैं, उनके लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

### चुनाव नहीं होता तो सामने नहीं आता आपराधिक इतिहास

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने शस्त्र लाइसेंस धारकों की कुंडली खंगाली तो आपराधिक इतिहास वालों को नाम सामने आ गया। फिलहाल बड़ा सवाल यह है कि आपराधिक इतिहास वाले लोगों को किन जिम्मेदारों ने लाइसेंस जारी कर दिया, इसकी जांच भी होनी चाहिये।

### गृहकर कम करने के बदले बाबू ने ली घूस

**अमृत विचार, लखनऊ :** गृहकर कम करने के नाम पर भवन स्वामियों से अवैध वसूली का खेल नगर निगम में रुकने का नाम नहीं ले रहा है। नगर निगम के एलडीए कालोनी स्थित जोन आठ कार्यालय में तैनात एक बाबू ने भवन स्वामी से गृहकर कम कराने के बदले 8,000 रुपये घूस ली। भवन स्वामी से अपने बैंक खाते में धनराशि ऑनलाइन ट्रांसफर करा ली। शिकायत मिलने के बाद जोनल अधिकारी ने जांच शुरू कर दी है। जोन आठ में एक भवन स्वामी का टैक्स ज्यादा आ गया था। इसके लिए वह नगर निगम के जोन आठ कार्यालय गया था। नगर निगम के बाबू ने टैक्स घटाने के बदले घूस की मांग की। मकान मालिक ने बाबू के बताये खाते में घूस की धनराशि आनलाइन ट्रांसफर कर दी। वहीं जोनल अधिकारी अजीत राय का कहना है कि शिकायतकर्ता को बुलाया गया है। शिकायत सही पायी गयी तो बाबू के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### पैरामेडिकल प्रशिक्षण के लिए 10 मई तक करा सकेंगे एनरोल्डमेंट

अमृत विचार : प्रदेश में संयुक्त पैरामेडिकल संस्थान, फरवरी 2025 में शुरू होने वाले नए सत्र के लिए 10 मई तक प्रवेशित छात्र-छात्राओं का एनरोल्डमेंट करा सकते हैं। इसके लिए स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने सभी संस्थानों को पत्र निर्गत कर निर्देश दिये हैं। फैकल्टी सचिव डॉ .आलोक कुमार ने बताया कि नए सत्र में डिप्लोमा प्रशिक्षण, डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन एक्स-रे, डिप्लोमा इन फार्मेसी व रेडियोथेरेपी विषयक शैक्षणिक सत्रों में प्रवेशित छात्रों के एनरोल्डमेंट पैनल अंतिम तिथि तक समस्त कार्रवाई पूरी करे ताकि छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### प्रणव को रजत

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन की देखरेख में राजाजीपुरम स्थित लॉन में लखनऊ जिला स्तरीय पावरलिफ्टिंग एंड बेंच प्रेस ओपन चैंपियनशिप आयोजित की गई। इसमें 120 किग्रा से अधिक भार वर्ग में में संडीला के प्रणव मिश्रा ने ओपन बेंच में रजत व फुल पावरलिफ्टिंग में रजत पदक हासिल किया। प्रणव मिश्रा इससे पहले भी कई बार डिस्ट्रिक्ट, स्टेट और नेशनल पावरलिफ्टिंग और स्ट्रेंथलिफ्टिंग में पदक जीत चुके हैं।

### आनंद किशोर सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : गोल्डन स्पैरोज की देखरेख में दिल्ली के तीन मूर्ति भवन में आयोजित समारोह में आनंद किशोर सक्सेना को राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान से नवाजा गया। पिछले 35 वर्षों से वह स्वदेशी और नॉन ओलंपिक खेलों को पहचान दिलाने में जुटे हैं। उत्तर प्रदेश नॉन ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव आनंद सक्सेना को बालीवुड अभिनेत्री और भारत नाट्यम नृत्यांगना सुधा चंद्रन ने सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में देश के 17 प्रांतों के विभिन्न विधाओं के 84 लोगों को सम्मानित किया गया।


इकाना स्टेडियम में बल्लेबाजी का अभ्यास करने पहुंचे सूर्यकुमार यादव। अमृत विचार


अभ्यास के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ी एक-दूसरे से हाथ मिलाते हुए। अमृत विचार


स्टेडियम के बाहर खड़े क्रिकेट प्रेमियों को ऑटोग्राफ देते केएल राहुल। अमृत विचार


# घर में जीत तलाशने उतरेगी एलएसजी

## मुंबई इंडियंस से मुकाबला आज, इकाना स्टेडियम पर शाम 7:30 बजे शुरू होगा हाईवोल्जेट मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हाईवोल्टेज मुकाबले के इंतजार की घड़ियां खत्म हुईं। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और मुंबई इंडियंस के बीच महामुकाबला मंगलवार को अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में शाम को खेला जाएगा। इस मुकाबले के लिए दोनों टीमों ने सोमवार को इकाना स्टेडियम पर जमकर पसीना बहाया। मुंबई की टीम ने जहां बल्लेबाजी में हाथ आजमाए तो एलएसजी ने अपने गेंदबाजों को अभ्यास के लिए अधिक समय दिया। रन बचाने को भी दोनों टीम के खिलाड़ियों ने खासी मेहनत की। अभ्यास सत्र में मुंबई इंडियंस के स्टार खिलाड़ी रोहित शर्मा ने गगनचुंबी छक्के लगाकर अपने इरादे दर्शाए। इकाना स्टेडियम पर पहला शतक जड़ने का रिकार्ड उनके नाम है।

उधर अंक तालिका में एलएसजी पांचवें पायदान पर मौजूद है। एलएसजी अपने घर में जीत की तलाश में उतरेगी जिससे वह अंक बटोर कर अंक तालिका में ऊपर की तरफ खिसक सके।


स्टेडियम में बल्लेबाजी का अभ्यास करते रोहित शर्मा। अमृत विचार

- अभ्यास सत्र में रोहित शर्मा ने लगाए गगनचुंबी छक्के
- एलएसजी के गेंदबाजों ने जमकर किया अभ्यास
- खराब गेंदबाजी से लखनऊ को उबरना होगा

कप्तान केएल राहुल के साथ टीम के बल्लेबाज बेहतरीन प्रदर्शन में जुटे हैं, उसी तरह से गेंदबाजों को भी खराब गेंदबाजी से उबरना ही होगा, तभी एलएसजी की नैया पार लग सकेगी। राजस्थान रॉयल्स से मिली हार के बाद कप्तान केएल राहुल ने खराब गेंदबाजी की बात स्वीकार की।

### राहुल पर होगी नजर

मंगलवार को होने वाले मुकाबले में लखनऊ के क्रिकेट प्रेमियों की नजर कप्तान केएल राहुल पर होगी। इकाना में राजस्थान रॉयल्स से टीम को हार का सामना करना पड़ा था। राहुल ने आतिशी पारी खेली थी। उससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ भी उन्होंने आतिशी पारी खेली थी।

ऐसे में गेंदबाजों को मंगलवार को होने वाले मुकाबले में लाइन लेंथ का खास ध्यान रखना होगा।

उन्होंने अभी तक 42 की औसत और 144 के स्ट्राइक रेट से 378 रन बनाए हैं और शीर्ष पांच बल्लेबाजों में शामिल हैं।

मंगलवार को वह विस्फोटक पारी खेल कर टी-20 विश्वकप के लिए चयनकर्ताओं के सामने अपनी दावेदारी जरूर प्रस्तुत करेंगे। मुंबई के खिलाफ राहुल का प्रदर्शन शानदार रहा है। मुंबई इंडियंस की टीम का प्लेऑफ में पहुंचना मुश्किल नजर आ रहा है। ऐसे में प्लेऑफ की दौड़ में वापस आने के लिए मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी जीत के लिए पुरजोर आजमाइश करेंगे। टीम में कई दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं जो अकेले ही किसी भी मैच का रुख बदल सकते हैं। रोहित शर्मा, तिलक और बुमराह फार्म में चल रहे हैं। ये खिलाड़ी एलएसजी के लिए परेशानी का सबब बन सकते हैं।

### मुंबई की ताकत

- तिलक वर्मा 9 मैच में 48 की औसत से 336 रन बना कर फार्म में चल रहे हैं। इन्हें रोकना आसान नहीं होगा।
- रोहित शर्मा 9 मैच में 38 .87 की औसत ने 311 रन बना चुके हैं और इकाना में टी-20 में इनके नाम शतक दर्ज है।
- गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 9 मैच में 17 .07 की औसत से 14 विकेट ले चुके और फार्म में चल रहे हैं।
- जेराल्ड कोट्जी 8 मैच में 24 की औसत से 12 विकेट ले चुके हैं। एलएसजी के बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं।

### रवि ने लिया ईशान और सूर्य कुमार का विकेट

पिछले आईपीएल सीजन में दमदार प्रदर्शन करने वाले फिरकी गेंदबाज रवि बिश्नोई इस बार अभी तक खास प्रभाव नहीं छोड़ सके हैं। पिछले आईपीएल में उन्होंने नौ मैच में 45 की औसत से पांच विकेट लिए थे। मुंबई के खिलाफ रवि का रिकार्ड शानदार रहा है। उन्होंने ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव को तीन-तीन बार आउट किया। रोहित शर्मा और टिम डेविड को दो-दो बार पवेलियन भेज चुके हैं। मोहम्मद नबी भी उनका शिकार बन चुके हैं। लेग स्पिनर अमित मिश्रा का रिकार्ड भी मुंबई के खिलाफ शानदार रहा है। ऐसे में मंगलवार को दूसरे मैच में उन्हें शामिल किये जाने की संभावना है।

### खिलाड़ियों से मिलकर खुश हुए क्रिकेट प्रेमी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ मेट्रो ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने क्रिकेट प्रेमियों का सपना मेट्रो-एलएसजी कान्टेस्ट के माध्यम से पूरा किया। मेट्रो एलएसजी शायरी प्रतियोगिता के पांच विजेताओं को अटल बिहारी वाजपेई इकाना क्रिकेट स्टेडियम में एलएसजी खिलाड़ियों का लाइव अभ्यास सत्र देखने और उनसे मिलने का मौका दिया। लखनऊ मेट्रो इस बार आइपीएल में क्रिकेट प्रेमियों की सुविधा के लिए रात 12 :30 बजे तक मेट्रो सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। विजेता अंशुमान मिश्रा, कीर्ति, सुमित कुमार गुप्ता, निरंकार रस्तोगी और आदर्श चतुर्वेदी अपनी पसंदीदा एलएसजी टीम से मिलने के लिए उत्साहित दिखे।


स्टेडियम में मैच को लेकर कार्ययोजना बनाते रोहित शर्मा, केएल राहुल और सूर्यकुमार।

### मयंक फिट, आज खेलने की संभावना

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का मुकाबला मंगलवार को मुंबई इंडियंस से होना है। मैच से पूर्व सोमवार की एलएसजी की तरफ से मोर्ने मोर्केल ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि मयंक यादव ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। मुंबई के खिलाफ उनके मैच खेलने की उम्मीद है। पिछले मैच में गेंदबाजी के बारे में कहा कि कई बार हमारे निर्णय हमारे पक्ष में नहीं होते हैं। मैदान में परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लिए जाते हैं। इन्हीं से हमें सबक भी मिलता है। रवि बिश्नोई का कुछ बैटर के खिलाफ इस्तेमाल करने की तैयारी थी। फिलहाल में हम अगले मैच में फोकस कर रहे हैं। क्विंटन डिकॉक के प्रदर्शन के बारे में उन्होंने कहा कि वह तकरीबन साढ़े तीन सौ रन इस टूर्नामेंट में बना चुके हैं। वह गेम चेंजर हैं। मुंबई के खिलाफ मैच को लेकर कहा कि हम गेंदबाजी, बल्लेबाजी के साथ बेहतरीन फील्डिंग को तैयार है। हम शानदार क्रिकेट खेलेंगे।

# बल्लेबाजों ने छोड़ा दबाव में खेलना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** देश के लिए खेलना प्लेयर के लिए गौरव की बात होती है। सभी को उस पर गर्व होता है। लेकिन हर किसी को यह मौका नहीं मिल पाता है। यह कहना था लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के फिरकी गेंदबाज रवि विश्नोई का।

सोमवार को एक निजी होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने आईपीएल की बदलती तस्वीर के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस सत्र में मुकाबले बुलेट की स्पीड से आगे बढ़ रहे हैं। 260 रनों का लक्ष्य 16 ओवर में चेज किया जा रहा है। क्रिकेट की यह रफ्तार अब कम नहीं होने वाली। बल्लेबाजों ने किसी तरह का प्रेशर लेना छोड़ दिया है। गेंदबाजों को टीम की आवश्यकतानुसार गेंदबाजी करनी होती है। दिल से नहीं दिमाग से गेंदबाजी की जरूरत होती है।


प्रेसवार्ता करते रवि विश्नोई।

- एलएसजी के खिलाड़ी रवि विश्नोई ने कहा, टीम बेहतर प्रदर्शन को तैयार

रवि ने कहा कि आईपीएल में वह अब तक के प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं हैं, लेकिन टीम अच्छा कर रही है। उन्होंने कहा कि मैं अपने प्रदर्शन को अच्छा रखने के लिए खुद को कूल रखूंगा और बेहतर गेंदबाजी का प्रयास करुंगा। मयंक यादव पर कहा कि वह जिस स्पीड से गेंदबाजी कर रहे हैं, वह हर मैच में जरूरी है। उनके खेलने से जुड़ा निर्णय टीम मैनेजमेंट लेगा।

### चयनकर्ताओं पर छोड़ देना चाहिए खिलाड़ियों का चुनाव

रवि ने टी-20 टीम में जगह पर कहा कि यह चयनकर्ताओं पर छोड़ देना चाहिए। उनका जो भी फैसला होगा, वह अच्छा रहेगा। हर कोई वर्ल्ड कप खेलना चाहता है, मैं भी खेलना चाहता हूं। राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ के बीच इकाना में खेले गए मैच में देर से गेंदबाजी मिलने पर कहा कि कई बार ऐसा हुआ है।

## क्रूसेडर्स व कुहू की जीते

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीएएल डेकथलॉन टी-20 लीग में आरईपीएल क्रूसेडर्स और कुहू स्पोर्ट्स ने अपने मुकाबले जीत कर पूरे अंक हासिल किए। क्रूसेडर्स ने एसआरके क्लब को 58 रन से हराया। कुहू स्पोर्ट्स ने गुरमान क्रिकेट अकादमी को आठ विकेट से शिकस्त दी। लीग के अन्य मुकाबलों में आलम नगर क्लब ने डीवाईए को 10 विकेट, दिव्य युग आश्रम ने संदीप क्रिकेट अकादमी को छह रन, एसडी क्लब ने लखनऊ रिक्रिएशन क्लब को दो रन, ट्रंम्फ क्रिकेट अकादमी ने स्टैंडर्ड क्लब को नौ विकेट, पैरामाउंट क्लब ने राहुल कपूर क्रिकेट अकादमी को 72 रन और जेके स्पोर्ट्स क्लब ने ट्रंम्फ स्टारलेट्स क्लब को 79 रन और आशीष नेहरा अकादमी ने यंग चैलेंजर्स को तीन विकेट से पराजित किया।

# अभिषेक, कृष्ण के खेल से स्पोर्ट्स कॉलेज चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अभिषेक और कृष्ण कुमार की बल्लेबाजी की बदौलत गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज ने एमएलमिश्रा क्रिकेट टूर्नामेंट में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। पं.रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में विजेता टीम ने गुरुकुल क्लब को 73 रन से शिकस्त दी।

पहले बल्लेबाजी करते हुए स्पोर्ट्स कॉलेज ने 40 ओवर में 8 विकेट खोकर 221 रन बनाए। अभिषेक राय ने 65 और कृष्ण कुमार साहू ने नाबाद 56 रनों की पारी खेली। गुरुकुल क्लब के आदित्य सिंह को दो विकेट मिले।


ट्रॉफी के साथ गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के छात्र। अमृत विचार

- विजेता टीम ने गुरुकुल क्लब को 73 रन से शिकस्त दी

जवाब में गुरुकुल क्लब की टीम 148 रनों के योग पर सिमट गई। उत्कर्ष वर्मा ने सबसे अधिक 47 रन बनाए। विजयी टीम की ओर से अतुल विश्वकर्मा ने चार, रुद्र सिंह और नितिश तिवारी ने दो-दो विकेट चटकाए। प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर कुशाग्र सिंह को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, आदित्य सिंह को गेंदबाज और अतुल विश्वकर्मा को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया।

## हजूरी जत्थों ने शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुरु तेग बहादुर का 403वां प्रकाश पर्व सोमवार को श्रद्धा और सत्कार से मनाया गया। इस मौके पर गुरुद्वारों में विशेष दीवान सजा। सुबह गुरुग्रंथ साहिब पर फूलों की वर्षा हुई। हजूरी जत्थों ने शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया। यहियागंज स्थित गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर में प्रकाश पर्व के अवसर पर सुबह पांच बजे से देर रात तक विशेष दीवान सजाया गया। सुबह सात बजे गुरु ग्रंथ साहिब के ऊपर गुलाब के फूलों की वर्षा की गई। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि दरबार साहिब अमृतसर से आए शुभदीप सिंह, हरदयाल सिंह, कृपाल सिंह व कथा वाचक ज्ञानी किशन सिंह ने कथा और कीर्तन से संगत को निहाल किया। डॉ. अमरजोत सिंह ने बताया कि सन 1670 में गुरु तेग बहादुर इस स्थान पर आए थे और यहां तीन दिन रुके थे। एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा मानसरोवर को फूलों और रंगबिरंगी लाइटों से सजाया गया। गुरुद्वारा में 27 से शुरू हुए अखंड पाठ का आज समापन हुआ। शाम को कीर्तन दीवान सजा। रागी जत्थे भाई रजिंदर सिंह और कंवलजीत कौर ने अपने सुंदर शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया। ज्ञानी बलदेव व ज्ञानी हरिंदर जीत सिंह ने गुरु के जीवन पर प्रकाश डाला।


कानपुर रोड स्थित मानसरोवर गुरुद्वारा एलडीए कॉलोनी के गुरुद्वारे मे श्री गुरू तेग बहादुर महाराज के 403वां प्रकाश पर्व के अवसर पर सजा दीवान। अमृत विचार

# गोमती किनारे 40 गांवों में होगी बागवानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिले में गोमती नदी किनारे स्थित 22 ग्राम पंचायत के 40 गांव ग्राम्य विकास विभाग हराभरा करेगा। प्रत्येक गांव में फल व छायादार दो-दो हजार पौधे लगाए जाएंगे। पौधरोपण अभियान जून व जुलाई में चलेगा। इसकी प्रक्रिया विभाग ने शुरू कर दी है।

इस वर्ष ग्राम्य विकास विभाग को 12.39 लाख पौधरोपण का लक्ष्य मिला है। इसमें गोमती नदी किनारे के 40 गांवों में 80 हजार पौधे लगाकर बागवानी के रूप में विकसित करने की है। बीकेटी, गोसाईगंज, काकोरी व चिनहट विकास खंड में आने वाले गांवों में नदी के दोनों ओर पांच-पांच किमी तक मनरेगा के तहत आम, अमरूद और अन्य फलदार पौधे लगाए जाएंगे। उपायुक्त सुशील कुमार सिंह ने बताया कि पौधों से क्षेत्र हराभरा होगा। किसानों को आय का साधन मिलेगा। इससे पर्यावरण को फायदा होगा। पौधे वन विभाग उपलब्ध कराएगा।

### नदी किनारे स्थित हैं ये ग्राम पंचायतें

बीकेटी ब्लॉक की ग्राम पंचायत कठवारा, अकड़रियाकला, सुल्तानपुर। गोसाईगंज ब्लॉक की बक्कास, चुरहिया, फरीदपुर, नूरपुर बेहटा, सुरियामऊ, गौरियाकलां, धौरहरा, मोहम्मदाबाद, घुसकर, सलेमपुर। काकोरी ब्लॉक की गोपरामऊ, काकराबाद, बंशीगढ़ी। चिनहट ब्लॉक की रैथा, दुगवर, बौरूमऊ, धोबैला, सिकंदरपुर खुर्द, देवरिया ग्राम पंचायत।

# ईवीएम को अकेला नहीं छोड़ेंगे अधिकारी : सूर्यपाल गंगवार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चुनाव ड्यूटी करने वाले मतदान कर्मियों के पास रिजर्व ईवीएम होगी। ईवीएम सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी। ईवीएम को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। ईवीएम के पास एक अधिकारी या पुलिस कर्मी गाड़ी में रहेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी और जोनल मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जोनल मजिस्ट्रेट को यदि किसी कारण से गाड़ी से उतरना है तो एक पुलिस कर्मी को ईवीएम की सुरक्षा के लिए गाड़ी में बैठा कर उतरें। उन्होंने कहा की जिन बूथों में अभी भी पर्याप्त सुविधाए उपलब्ध नहीं है उनमें तत्काल सुविधाएं उपलब्ध कराएं।


कलेक्ट्रेट में बैठक के दौरान निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी और जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देश देते जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार। अमृत विचार

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी जोनल मजिस्ट्रेट को 23 बिंदुओ का फॉरमेट दिया और इसके आधार पर बूथों पर सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। जोनल अधिकारी बूथों पर विशेष कर शौचालयों की स्थिति, पेयजल की व्यवस्था और इलेक्ट्रिसिटी आदि की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें। यदि कोई कमी है तो ग्रामीण क्षेत्रों में खंड विकास अधिकारी और शहरी क्षेत्रों में नगर निगम के जोनल अधिकारियो से संपर्क कर व्यवस्थाएं कराएं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान कार्मियों को रवानगी के दिनांक से पूर्व रात में ही एसएमएस के माध्यम से उनके बूथ, बस नंबर, सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट का नाम नंबर सहित उपलब्ध करा दिया जाएगा, ताकि रवानगी के समय कोई असुविधा न हो। उक्त के साथ ही पोलिंग पार्टी रवानगी के समय स्मृति उपवन में वाईफाई और नेटवर्क बूस्टर की व्यवस्था की जा रही है। पोलिंग पार्टियां ड्यूटी के समय समय अपने पास मोबाइल चार्जर और पावर बैंक अवश्य रखें। बैठक में सीडीओ अजय जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रशासन शुभी सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ, अपर नगर मजिस्ट्रेट, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### सूची से करनी होगी मतदाता की पहचान

**अमृत विचार, लखनऊ :** चुनाव ड्यूटी में लगे मतदान अधिकारी प्रथम को सूची से मतदाता की पहचान करनी होगी। पहचान करने के साथ ही भाग संख्या और क्रमांक भी तत्काल नोट कर लें। वोट चैलेंज होने पर भी अग्रिम कार्यवाही मतदान अधिकारी ही करेंगे। सोमवार को 3,128 कर्मियों को दो पाली में केकेसी कॉलेज में प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार सोमवार को केकेसी कॉलेज पहुंचे और उक्त निर्देश कर्मियों को दिए। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारियों को मशीन की सीलिंग, वीवीपैट से मॉक पोल के दौरान की पर्चियां निकालना और मॉक पोल कराना होगा। इसके अलावा अगर ईवीएम सात बजे से पहले खराब हो जाती है तो सेक्टर मजिस्ट्रेट को तत्काल सूचित कर मशीन बदलवानी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बताया कि प्रथम पाली में सुबह 9 :00 बजे और दूसरी पाली का प्रशिक्षण दोपहर 1 :30 बजे शुरू हुआ। 1600 पीठासीन अधिकारी के सापेक्ष कुल 1556 और 1600 प्रथम मतदान अधिकारी के सापेक्ष कुल 1572 ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे कर्मियों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# पंचायत सहायक बुजुर्ग और दिव्यांगों को कराएंगे मतदान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिले के ग्राम सचिवालयों पर तैनात पंचायत सहायक की लोकसभा चुनाव में बड़ी भूमिका रहेगी। वे बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को बूथों में ले जाकर मतदान कराएंगे।

जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशु शेखर ठाकुर ने बताया कि इसके लिए 1 मई को दो पाली में पंचायत सहायकों को विकास भवन में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी तरह शिक्षा मित्र, अनुदेशक व ग्राम रोजगार सेवक भी कार्य करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने ग्राम सचिवालयों पर तैनात 166 पंचायत सहायक मतदान के दौरान सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बूथ की हर गतिविधि की वीडियोग्राफी कराएंगे।



- 166 पंचायत सहायक जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ कराएंगे बूथों की वीडियोग्राफी

## एक नजर

### महिला को पीटकर किया घायल, दी गई तहरीर

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नौगवा में एक महिला को गांव के दबंगों ने पुरानी रंजिश में मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की लिखित सूचना पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। क्षेत्र के ग्राम नौगवा निवासी शिवा देवी पुत्री द्रगपाल ने बताया वह घर के दरवाजे पर थी, तभी गांव के सुनील पुत्र जुबराज अपनी पत्नी चमेली और राम कढ़ेल ने पुरानी रंजिश में उसे गाली गलौज किया गाली का विरोध करने पर विपक्षियों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर उसका भाई संजय उसे बचाने आया उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### निधन पर जताया शोक

**हरदोई, अमृत विचार।** बार कौंसिल के सदस्य पूर्व चेयरमैन तथा अधिवक्ता महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष अजय कुमार शुक्ल एडवोकेट ने वरिष्ठ अधिवक्ता राम प्रकाश दीक्षित बार एसोसिएशन संडीला के पूर्व अध्यक्ष के निधन पर शोक व्यक्त किया। कहा कि राम प्रकाश दीक्षित बेहद नेक, कर्मठ, मिलनसार, कर्तव्यपरायण व्यक्ति थे, उनके निधन से अधिवक्ता समाज की गहरी क्षति हुई है। उत्तर प्रदेश अधिवक्ता महासंघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सूर्यवंशी, महासचिव नरेंद्र कुमार वर्मा ने भी शोक व्यक्त किया। उधर बार एसोसिएशन अध्यक्ष केडी शुक्ला, महामंत्री महेंद्र प्रताप सिंह की अगुवाई में हुई शोक सभा में शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

### तमंचा के साथ गिरफ्तार

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली के मोहल्ला सुलेमानी में पुलिस ने युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कस्बे के मोहल्ला सुलेमानी रोड पर तालाब के निकट संदिग्ध युवक को रोका गया। युवक ने अपना नाम राधेश्याम पुत्र अशोक निवासी मंगियावां बताया।

# जाली रेंट एग्रीमेंट बनाकर हासिल किया जीएसटी नंबर

## संयुक्त पुलिस आयुक्त के निर्देश पर गाजीपुर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गाजीपुर थाना अंतर्गत एक महिला ने शोरूम का जाली रेंट एग्रीमेंट बनाकर जीएसटी रजिस्ट्रेशन हासिल कर लिया। महिला की सच्चाई सामने आने पर शोरूम मालिक ने विरोध किया, तो महिला उसे धमकाने लगी। यह आरोप लगाते हुए शोरूम मालिक ने संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल से शिकायत की। जिनके निर्देश पर गाजीपुर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक, नाका हिंडोला थाना के पानदरीबा निवासी नारायण दास जोतवानी (80) का संजय गांधी पुरम में एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स है। वर्ष 2012 में भूमिगत तल की दुकान का किरायेदारी अनुबंध कर मो. खालिद को दिया था। मई 2021 में खालिद की मौत के बाद उनकी पत्नी इशरत ने जुलाई माह में संपर्क किया। उसने आग्रह किया कि पति के फर्नीचर शोरूम में सामान बिक जाने तक उसे बैठने दिया जाए, ताकि उसकी आर्थिक स्थित में सुधार हो सके। उसने दावा किया सामान बिकते ही वह शोरूम खाली कर देगी। महिला पर भरोसा कर बुजुर्ग ने बगैर एग्रीमेंट किए हामी भर दी। आरोप है कि करीब दो वर्ष तक महिला ने दुकान खाली नहीं की। दबाव देने पर वह टाल मटोल करने लगी। इसी बीच पीड़ित को जानकारी हुई कि इशरत ने शोरूम का जाली रेंट एग्रीमेंट बनवाकर जीएसटी रजिस्ट्रेशन हासिल कर लिया। जाली किरायेदारी अनुबंध में रिहान खान और तनवीर निवासी इंदिरानगर ने गवाह बनकर साइन किया था। इस पर पीड़ित ने विरोध किया तो वह धमकाने लगी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने इशरत जहां, रिहान खान, तनवीर और राहत आलम के खिलाफ जाली दस्तावेज के आधार पर धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और गाली गलौज की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जाली रसीद से शुल्क हड़पने के प्रकरण की जांच शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में फर्जी रसीद के जरिये रुपये हड़पने के मामले की जांच शुरू हो गई है। केजीएमयू प्रशासन ने इस मामले में फजीहत होने के बाद चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर के पांचवें तल स्थित क्रिटिकल केयर यूनिट में अलीमुनिशा (44) भर्ती कर इलाज किया गया था। क्रिटिकल केयर यूनिट में हर दिन बेड चार्ज का एक हजार रुपए जमा होता है। क्रिटिकल केयर यूनिट कर्मचारियों ने मरीज के तीमारदार को तीन दिन का बेड चार्ज जमा करने को कहा था। आईटी सेल के कर्मचारी ने बेड चार्ज जमा करने की बजाए दूसरे मरीज रज्जन लाल की कटी रसीद पर नाम व शुल्क दर्ज करके थमा दी। जबकि रज्जन लाल की यह रसीद डेंटल ओपीडी में कटी थी। फर्जीवाड़े का खुलासा होने पर विभागीय अफसरों ने मामले की शिकायत केजीएमयू प्रशासन से की थी। शासन प्रशासन में किरकिरी के बाद केजीएमयू प्रशासन ने 26 अप्रैल को चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। इसमें सीएमएस डॉ. बीके ओझा, चीफ प्रॉक्टर डॉ. क्षितिज श्रीवास्तव, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. संदीप भट्टाचार्या और आईटी सेल की प्रमुख डॉ. ऋचा खन्ना शामिल हैं।

# शादी का झांसा देकर विधवा का किया शारीरिक शोषण

- गर्भावस्था में महिला के पेट पर लात मार भ्रूणहत्या की कोशिश
- हुसैनगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज की प्राथमिकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हुसैनगंज थाना अंतर्गत एक विधवा को शादी का झांसा देकर परिचित दो साल से उसका शारीरिक शोषण करता रहा। महिला ने आरोपी युवक, उसके भाई और बहनोई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक रामकुमार गुप्ता के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली महिला (35) के पहले पति की मौत हो गई थी। पहले पति से उसके दो बच्चे हैं। वह चारबाग रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में पान-मसाला बेचती है। महिला ने बताया कि इस दौरान उसकी मुलाकात रायबरेली जनपद के हरदासपुर गौरीगंज निवासी हरिओम से हुई। महिला का कहना है कि शादी करने का झांसा देकर हरिओम उसका शारीरिक शोषण करने लगा। जब वह गर्भवती हुई तब आरोपी के भाई शुभम वैश्य ने उसके पेट में लात मार दी। हालत बिगड़ने पर हरिओम बहनोई जितेंद्र को लेकर उसका गर्भपात करवाने के लिए जबरन प्राइवेट अस्पताल लेकर गया। जहां मौका मिलते ही पीड़िता भाग निकली। इसके बाद महिला ने सम्बन्धित थाने में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर तहरीर दी है।

# सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर 85 हजार ठगे

सतरिख, बाराबंकी

**अमृत विचार :** प्रदेश सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी हो गई है। जालसाजों ने उससे 85 हजार रुपए ठग लिये। पीड़ित की तहरीर मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू की है।

लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के शहजादेपुर निवासी कैलाश रावत का आरोप है कि कोठी थाने के भानमऊ चौराहे पर कुछ दिन पहले एक व्यक्ति से उसकी मुलाकात हुई थी। उसने अपने को सतरिख के तीरगांव निवासी खान साहब और उत्तर प्रदेश सचिवालय के नियुक्ति विभाग में तैनात होना बताया था। यह भी कहा कि उसके मामा योगी के साथ रहते हैं और नेताओं के साथ चलते हैं। सचिवालय में अच्छी पकड़ है। इसके बाद कई बार मुलाकात हुई और उसने सचिवालय में चतुर्थ श्रेणी की नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। इसके बदले में चार बार में उसने 85 हजार रुपए धोखे से ले लिए। इसके बाद आरोपी ने मोबाइल से बात करना बंद कर दिया। एक दिन सतरिख थाना क्षेत्र के मजीठा गांव के पास मिलने पर नौकरी के संबंध में बात की तो जाति सूचक गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी।

### आग से आठ घरों की गृहस्थी राख

**संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के देवारा खुर्द गांव में दंपत्ति में हुये विवाद के बाद पति ने घर में आग लगा दी थी। जिससे गांव के आठ घर चपेट में आने से गृहस्थी का सामान, नकदी, सोना, चांदी से लेकर अन्य कीमती सामान जलकर खाक हो गया। देवारा खुर्द गांव में आग लगने से सबसे ज्यादा नुकसान शिवदेवी के घर में हुआ था। जहां दो दिन पहले उसकी बेटी की शादी थी। जिससे घर में रखे 25 कुंतल गेंहू, 8 कुंतन धान, 40 कुंतल भूसा, पांनी का इंजन, दो सिलेंडर, दो लाख बीस हजार की नकदी के अलावा अन्य सामान जलकर खाक हो गया था। इसी तरह बब्लू के घर का लाखों का माल जलकर स्वाहा हो गया था। इसी तरह कुशहर, तेजनारायन, ठाकुर प्रसाद, उर्मिला और जगदीश की गृहस्थी भी आग से तबाह हो गई थी। आठों परिवार ने रविवार रात खुले आमसान के नीचे काटी। वहीं प्रधान राजेन्द्र लोधी ने परिवार को आर्थिक मदद पहुंचाने के साथ ही रात में राशन मुहैया कराया।

# एसडीआरएफ की चार टीमों को नहीं मिला युवती का शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**फॉलोअप**

- रील बनाते समय पैर फिसलने से नहर में डूबी थी मनीषा
- तीन किमी तक एसडीआरएफ ने की तलाश

**अमृत विचार :** बीबीडी इलाके में इंदिरा नहर के किनारे डांस करते हुये साथी से रील बनवाते समय पैर फिसलने से डूबी मनीषा खान को तलाश करने के लिए पुलिस ने एसडीआरएफ टीम और स्थानीय गोताखोरों की मदद से नहर में करीब तीन किलोमीटर तक सर्च ऑपरेशन चलाया। जो सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक चला। इसमें एसडीआरएफ की चार टीमें युवती को तलाशने में जुटी रहीं लेकिन उसका पता नहीं चला।

एसीपी विभूतिखंड अनिद्य विक्रम सिंह के मुताबिक, विकासनगर थाना अंतर्गत सेक्टर- सी टेढ़ी पुलिया सबौली गांव निवासी शकील उर्फ सुरेश बेटी मनीषा खान ब्यूटी पार्लर में काम करती थी। जबकि पिता शकील सब्जी का ठेला लगाते हैं। रविवार को मनीषा बहन निशा खान, रिश्तेदार रुपाली, नगमा और ओमकार के साथ जनेश्वर मिश्र पार्क के बाद देवां शरीफ जाने की बात कहकर घर से निकली थी। शाम करीब 5:30 बजे सभी बीबीडी किसान पथ इंदिरा नहर में बने रेगुलेटर के पास पहुंचे। अच्छी लोकेशन देख सभी मौज-मस्ती कर रील बनाने लगे। इस बीच मनीषा नहर किनारे भोजपुरी गाने पर डांस कर किसी साथी से रील बनवाने लगी। तभी पैर फिसलने से वह नहर में गिरकर पानी के तेज बहाव में बह गई। प्रभारी निरीक्षक अजय नारायण सिंह ने बताया कि स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवती को तलाशने का प्रयास किया गया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। सोमवार को एसडीआरएफ की चार टीम बुलाई गई। टीम ने सुबह 8 बजे रेस्क्यू शुरू किया जो शाम 6 बजे तक जारी रहा, लेकिन मनीषा का पता नहीं चला। इस दौरान टीम ने पानी में करीब तीन किलोमीटर तक सर्च ऑपरेशन किया। उनका कहना है कि मंगलवार को भी सर्च ऑपरेशन चलाया जाएगा।

सोमवार को सोशल मीडिया पर मनीषा की अंतिम रील बनाने का वीडियो वायरल हुआ। वायरल हो रहे वीडियो में वह नहर किनारे भोजपुरी गाने पर डांस करती दिख रही है, इसके बाद उसकी चीख सुनाई देती है।



नहर में मनीषा को तलाश करता कर्मी

# मारपीट से महिला के गर्भ में पल रहे शिशु की मौत

अटौरा, रायबरेली

- पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** गुरुबक्शगंज थाने की अटौरा चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत सरांय डिगोसा गांव में बुधवार को किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक गर्भवती महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार को महिला के पेट में पल रहे बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

सरांय डिगोसा गाँव निवासिनी बिटाना देवी पत्नी वंशु ने विगत बुधवार को गुरुबक्शगंज थाने में शिकायती पत्र देकर बताया था कि 24 अप्रैल दिन बुधवार की देर शाम करीब 8 बजे गांव के ही छविनाथ पुत्र रामपाल शराब के नशे में आकर बेवजह गाली गलौज करने लगे। जिसका उसने विरोध करने पर छविनाथ व उसके दोनों बेटे सचिन और विपिन भी आ गए और उसको लात -घूंसो और लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा। शोरगुल सुनकर उसकी पुत्री रेनू, पुष्पा व बहू रामावती पत्नी राजेश कुमार बचाने को दौड़ी। तो उन्हे भी मारा पीटा। इस मारपीट में दोनों पुत्रियां और बहू को भी गंभीर चोटे लगी जबकि प्रार्थिनी को भी गम्भीर चोटें आई थी।

### छत से गिरी तीन साल की बच्ची, हो गई मौत

**अमृत विचार, उन्नाव :** आसीवन थानाक्षेत्र के मुंडा रोलिया गांव में रविवार रात छत से गिरकर तीन वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं परिजनों ने पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी। मुण्डा रोलिया गांव निवासी रमेश की बेटी चंदा की शादी पांच वर्ष पूर्व बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के तेरवा जहांगीराबाद गांव निवासी गुड्डू से हुई थी। शादी के बाद से पति-पत्नी में अनबन रहने लगी। दो साल पहले विवाद बढ़कर कोर्ट पहुंच गया। तभी से चंदा अपने तीन वर्षीय बेटे अंश के साथ मायके आ गई और वहीं रहने लगी। रविवार को खाना खाने के बाद वह बेटे के साथ छत पर सोने चली गई। सोमवार सुबह पांच बजे बेटा सोकर उठा और छत के किनारे पहुंच गया। पैर फिसलने से वह नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गया। जब तक परिजन उसे अस्पताल ले जाते इससे पहले उसकी मौत हो गई।

# मंत्री के काफिले में शामिल एस्कॉर्ट ने तीन को कुचला

शाहाबाद, हरदोई

- घायलों में डेढ़ साल का बच्चा भी शामिल, सभी को सीएचसी से मेडिकल कॉलेज किया रेफर

**अमृत विचार।** ककरघटा के पास से गुजर रही मंत्री के काफिले की पुलिस स्कार्ट ने तीन बाइक सवारों को कुचल दिया। जिनमें डेढ़ साल का बच्चा भी शामिल है। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर हालत में तीनों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर हृदय निवासी रमेश (42), सुमित (50) अपने डेढ़ साल के बेटे कृष्णा को लेकर बाइक से ग्राम ककरघटा जा रहे थे। ककरघटा गांव के पास पीछे से आ रहीं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी के काफिले में शामिल एस्कॉर्ट ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बालक सहित बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। बाइक सवारों को सीएचसी शाहबाद लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है।




### अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे अधिवक्ता

**संवाददाता हसनगंज उन्नाव, अमृत विचार।** हसनगंज तहसील बार अध्यक्ष सजीवन सिंह व बार महामंत्री राजीव सिंह के नेतृत्व में दर्जनों अधिवक्ता तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। उन्होंने सोमवार से रजिस्ट्री दफ्तर हसनगंज व तहसील स्थित न्यायालय के कार्य का बहिष्कार करने की बात कही है। बार महामंत्री ने बताया कि तहसील के सभी अधिवक्ता स्टांप वेंडर व डीड राइटर सोमवार से किसी भी तरह का कार्य नहीं करेंगे। उन्होंने बताया कि हसनगंज तहसील कार्यालय में बाहरी लोग काम कर रहे हैं। जो सरकारी अभिलेखों के साथ छेड़छाड़ करते हैं। पूर्व में नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी के चालक से दो अधिवक्ताओं सुधीर सिंह व अखिलेश यादव से किसी बात पर कहासुनी हो गयी थी। जिसमें कोतवाली पुलिस ने नायब तहसीलदार की तहरीर पर अधिवक्ताओ के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। जबकि, अधिवक्ताओं की ओर से दी तहरीर पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई।

## सार-संक्षेप

### विपक्षियों के मंसूबे कभी भी पूरे नहीं होंगे : नितिन

**अमृत विचार, हरदोई :** प्रदेश के राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल ने भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में जहां एक तरफ विपक्षियों को जमकर लताड़ लगाई, वहीं दूसरी तरफ दावे के साथ कहा कि देश में फिर से एक बार भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने गठबंधन को लेकर खूब खरी खोटी कही। कहा कि विपक्षियों के मंसूबे कभी भी पूरे नहीं होंगे। इससे पहले रविवार को शहर के एक धर्मशाला में हुए सम्मेलन में भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेश अग्रवाल ने योगी और मोदी राम लक्ष्मण की जोड़ी बताया। कहा कि इस कलयुग में मोदी और योगी की जोड़ी भ्रष्टाचारियों, अराजक तत्वों और अपराधियों का अंत करने के लिए आई है। पूर्व सांसद श्री अग्रवाल ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के समकक्ष विपक्ष में कोई नेता ही नहीं हैं। कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा विपक्षी दलों का सत्ता में आने के मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। भाजपा नेता श्री अग्रवाल ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले कभी सफल नहीं होंगें।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मंत्री नितिन अग्रवाल।



नामांकन सभा में जलशक्ति मंत्री का स्वागत करते भाजपा के पदाधिकारी।

### अब कांवड़ यात्रा पर बरसते हैं फूल : स्वतंत्रदेव

**अमृत विचार, बाराबंकी :** भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत ने बाराबंकी लोकसभा संसदीय क्षेत्र से सोमवार को अपना नामांकन पत्र का दूसरा सेट दाखिल किया। इसके पहले जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह की मौजूदगी में जीआईसी ऑडिटोरियम में चुनाव नामांकन सभा का आयोजन किया गया। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि योगी सरकार में अब कांवड़ यात्रा पर रोक नहीं लगती बल्कि फूल बरसाए जाते हैं। नामांकन सभा में समर्थकों का सैलाब उमड़ पड़ा। जय श्री राम और भारत माता की जयकारे से जीआईसी ऑडिटोरियम गूंजता रहा। नामांकन सभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र अयोध्या के सबसे निकट है, इसलिए 80 प्रतिशत वोट भाजपा को दिलाकर इतिहास रचना है। कांग्रेस और सपा पर हमला बोलते हुए स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि सरदार पटेल की जिन्ना से तुलना करने वालों को सबक सिखाने का चुनाव है। कुछ नेता 500 किलोमीटर जाकर फातिहा पढ़ सकते हैं। मगर अयोध्या में रामजी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आमंत्रण ठुकरा देते हैं।




सम्मेलन को संबोधित करते पूर्व मंत्री राकेश वर्मा साथ में प्रत्याशी तनुज पुनिया।

### भाजपा सरकार ने उद्योगपतियों का माफ किया कर्ज : वर्मा

**अमृत विचार, मसौली, बाराबंकी :** मसौली पशु बाजार स्थित मैदान में सोमवार को इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया सम्मेलन को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा सहित गठबंधन के नेताओं ने सम्बोधित किया। सम्मेलन में गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया भी मौजूद थे। पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। किसानों को उनकी फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। भाजपा ने किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का कानूनी अधिकार नहीं दिया। दिल्ली में जब किसान एमएसपी की मांग को लेकर दिल्ली गये थे तो उनको रोकने के लिए सड़क पर सीमेंट की दीवार खड़ी कर दी गई। कीलें लगवा दी गईं, टैक्टर-ट्रॉली को डीजल नहीं दिया गया।



राजनाथ सिंह के रोड शो के दौरान स्वागत करते क्रिश्चियन समाज के लोग।



रक्षा मंत्री का स्वागत करने के लिए सिंधी समाज के लोग भी जुटे। अमृत विचार



राजनाथ सिंह के नामांकन को लेकर उत्साहित सिख समाज के लोग। अमृत विचार

# व्यापारी संगठनों की पुष्पवर्षा से राजनाथ प्रफुल्लित

- नामांकन में बनाया जीत जैसा माहौल, मत प्रतिशत बढ़ाने में जुटेंगे
- लखनऊ व्यापार मंडल के चेयरमैन को बनाया गया प्रस्तावक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सांसद राजनाथ सिंह के नामांकन जुलूस में सभी बडे. व्यापारी संगठन जुटे। हनुमान मंदिर के आसपास हजरतगंज मुख्य मार्ग पर मंच लगाया। मंदिर से निकलकर रथ पर सवार होते ही व्यापारियों ने राजनाथ पर पुष्पवर्षा शुरू कर दी। उड़ती पंखुड़ियों के बीच ढोल और नगाडे. की धुन पर व्यापारी नृत्य करते रहे। पूरे मार्ग पर कारोबारियों ने रक्षामंत्री के रथ का स्वागत किया। स्वागत में अभिभूत उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने माइक संभाला और मंच से संगठन प्रमुखों का नाम लेकर आभार जताया।

लखनऊ व्यापार मंडल ने हजरतगंज स्थित सेंट्रल बैंक के पास मंच लगाया। अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि जीत सुनिश्चित है बस जरूरत है तो मत प्रतिशत बढ़ाने की। सभी व्यापारी ठान लें और जीत का रिकार्ड बना ऐसा इतिहास रचें कि लखनऊ की सीट और लोगों को कोई भूल न पाए। संगठन प्रमुख अमरनाथ ने बताया कि चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल को सांसद ने अपना प्रस्तावक बनाया गया है। यह कम गौरव की बात नहीं है। हजरगंज चौराहे से लेकर कैसरबाग तक लखनऊ व्यापार मंडल की ओर से होल्डिंग लगाई गयीं। अनिल विरमानी, किशनचन्द्र बम्बानी, विनोद पंजाबी, अनुराग मिश्र उमेश शर्मा, मनीष गुप्ता, श्याममूर्ति गुप्ता, कपड़ा व्यवसायी प्रभू जालान, महेश गुप्ता, नितिन जैन, भारत भूषण गुप्ता, लोकराम अग्रवाल, टीएस तनेजा, सतवीर सिंह राजू, केके मोदनवाल, अभिनव गुप्ता, अतुल त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

### आदर्श व्यापार मंडल ने कहा, विकास के लिए राजनाथ जरूरी

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने हजरतगंज हनुमान मंदिर के ठीक सामने मंच बनाया गया। प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में पुष्पवर्षा कर राजनाथ सिंह के नामांकन जुलूस का स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सांसद राजनाथ सिंह के दो कार्यकाल में लखनऊ का सर्वांगीण विकास हुआ है। लखनऊ का व्यापारी उन्हें रिकार्ड मत से जिताकर फिर संसद भेजें। नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, राजीव शुक्ला, अमित अग्रवाल, राजन मिश्रा, संजय त्रिवेदी, डॉ. साकेत चतुर्वेदी, डॉ. उमाकांत, श्याम सुंदर अग्रवाल, विवेक श्रीवास्तव, श्यामजी शर्मा, मो. रिजवान, मो. गौस, पवन जायसवाल, अजय प्रताप सिंह, संजय अग्रवाल आदि शामिल रहे।

### मत प्रतिशत बढ़ा व्यापारी बनाएंगे जीत का रिकार्ड

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने हजरतगंज स्थित छंगामल चौराहे पर पुष्प वर्षा कर राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी सहित नामांकन जुलूस में शामिल नेताओं का स्वागत किया। संदीप बंसल ने कहा कि व्यापारियों को मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए बाहर निकलना पड़ेगा। मत प्रतिशत इतना बढ़ाया जाए कि रिकार्ड बने। इसके लिए व्यापारी समाज मतदान कराए। व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, लखनऊ महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, आकाश गौतम, जावेद बेग, वेद रतन श्रीवास्तव, युवा अध्यक्ष अश्वन वर्मा, प्रदेश महिला महामंत्री एकता अग्रवाल, राजीव कक्कड़, अनुज गौतम, पतंजलि सिंह, संजय निधि अग्रवाल, आरके मिश्रा, प्रदेश महिला महामंत्री एकता अग्रवाल, बीनू मिश्रा, मृदुला भार्गव, रेखा दुआ आदि व्यापारी शामिल रहे।

### सिन्धी, पंजाबी, सिख समाज ने की दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में पूजा

हजरतगंज में सिंधी, पंजाबी सिख वा राधा स्वामी सत्संग व्यास के पदाधिकारियों ने राजनाथ सिंह को प्रचंड बहुमत से जीतने का संकल्प लिया। मन्दिर परिसर में राजनाथ का स्वागत अभिनन्दन कर भगवा रंग के गुब्बारे उड़ाए। ढोल नगाड़ों की धुन पर समाज के लोगों ने नृत्य किया। दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में पूर्वाह्न करीब 10 :30 बजे प्रमुख लोगों ने पूजा अर्चना की और मारुतिनंदन से प्रचंड जीत के लिए प्रार्थना की। सिंधु सभा के अध्यक्ष अशोक मोतियानी, चेयरमैन श्याम कृष्नानी, भारतीय पंजाबी समाज के अध्यक्ष अनिल बजाज, सुनील कालरा, मुरलीधर आहूजा, लखन आहूजा, अकादमी के नानक चंद लखमानी, मेला कमेटी के अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, लखनऊ व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष एवं कपड़ा कारोबारी प्रभु जालान, सिख समाज से केजीएमयू के पूर्व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. गुरमीत सिंह, सिन्धी समाज इंद्रा नगर पंचायत के अध्यक्ष हंसराज राजपाल, पूजा जसवानी मौजूद रहीं।

### एसीएमओ ने न्यू सहारा हास्पिटल में चस्पा की नोटिस, दिया अल्टीमेटम

**अमृत विचार, महराजगंज, रायबरेली :** जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर सोमवार को एसीएमओ ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ अवैध रूप से चल रहे न्यू सहारा हॉस्पिटल पर नोटिस चस्पा कर दी है। इस दौरान हॉस्पिटल संचालक को तीन दिन का अल्टीमेटम भी दिया गया है। बताते चलें कि क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे न्यू सहारा हॉस्पिटल सहित दर्जनों अपंजीकृत हॉस्पिटलों की मनमानी व आमजन के जीवन से हो रहे खिलवाड़ को लेकर समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर को संज्ञान लेते हुए जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने टीम भेजकर कार्यवाही की है। हालाकि मात्र एक ही अस्पताल पर हुई कार्यवाही क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। सोमवार को एसीएमओ डा अरविंद ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ पहुंचकर न्यू सहारा हॉस्पिटल पर छापेमारी की, जहां पर उन्हे पूरे अस्पताल में 9 बेड मिले और दिनेश पुत्र रामबली नाम का मरीज भर्ती पाया गया। कागजात मांगने पर कोई कागजात नही मिले तो अस्पताल में नोटिस चस्पा कर तीन दिन में कागजात प्रस्तुत करने के आदेश दिए। यदि तीन दिन में अस्पताल संचालक द्वारा कागजात प्रस्तुत ना हुए तो विधिक कार्यवाही करते हुए अस्पताल सील करने की कार्यवाही किए जाने की चेतावनी दी गई है।

# चार घंटे अयोध्या में रहेंगी राष्ट्रपति

**अयोध्या, अमृत विचार :** राष्ट्रपति के अयोध्या दौरे को लेकर तैयारी तेज है। सोमवार को अफसरों ने एयरपोर्ट परिसर में बैठक की। अपर मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए अफसरों से बातचीत की। राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू एक मई को अयोध्या के दौरे पर रहेंगी। वह यहां लगभग चार घंटे बिताएंगी। रामलला का दर्शन करेंगी। हनुमान गढ़ी में माथा टेंकेंगी। सरयू आरती में शामिल होने की संभावना है। वह विशेष विमान से अयोध्या एयरपोर्ट पर शाम को लगभग चार बजे उतरेंगी। यहां राज्यपाल से लेकर दूसरे वीआईपी उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद वह अयोध्या धाम प्रस्थान करेंगी। हालांकि राष्ट्रपति का औपचारिक कार्यक्रम अभी नहीं आया है, लेकिन वीआईपी आगमन की औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। सोमवार को बैठक में विमान की लैंडिंग से लेकर स्वागत, वीआईपी मूवमेंट और अयोध्या पहुंचने तक को लेकर चर्चा की गई। शाम को अपर मुख्य सचिव गृह ने भी आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नितीश कुमार, एसएसपी राजकरन नैयर सहित अन्य अफसरों के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग से बातचीत की।





अयोध्या एयरपोर्ट पर पत्नी के साथ पहुंचे छत्तीसगढ़ के राज्यपाल।

## छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने किया रामलला का दर्शन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** भव्य मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठित होने के बाद हर कोई अपने आराध्य की एक झलक पाने के लिए अयोध्या पहुंच रहा है। इसी क्रम में सोमवार को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने रामलला का दर्शन किया। उन्होंने कहा कि प्रभु का दर्शन कर जीवन धन्य हो गया। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन अपनी पत्नी के साथ महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे। जहां से प्रोटोकॉल के तहत राम जन्मभूमि परिसर पहुंचे। एयरपोर्ट पर राम मंदिर को लेकर लंबे वक्त तक चले संघर्ष में अपनी भूमिका का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मुझे आशा थी कि एक समय ऐसा आएगा जब प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा होगी।



रामलला का दर्शन करने के बाद प्रसन्न मुद्रा में नवनीत सहगल।

## प्रसार भारती के अध्यक्ष ने किया रामलला का दर्शन-पूजन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या दौरे पर आए प्रसार भारती के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल ने रामलला का दर्शन-पूजन किया। अफसरों के साथ रामलला की आरती के सजीव प्रसारण की समीक्षा की। अफसरों को कार्रवाई का निर्देश दिया। अध्यक्ष सहगल महर्षि बाल्मीकि एयरपोर्ट से सर्किट हाउस पहुंचे। यहां प्रसार भारती के अधिकारियों के साथ बैठक की। अयोध्या में मौजूद पुजारियों सतेंद्र दास सहित अन्य पुजारी, श्री राम जन्म भूमि न्यास के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र, विश्व हिंदू परिसद के संगठन मंत्री राजेन्द्र सिंह पंकज से विचार विमर्श किया। सुझाव लिया कि कैसे इसका और बेहतर प्रसारण हो। मौके पर मौजूद अफसरों को इसके मुताबिक कार्रवाई का निर्देश दिया। अंत में वह श्रीराम जन्म भूमि न्यास के सदस्य विमलेंद्र मोहन मिश्र के स्वर्गवासी पत्नी के त्रियोदश/ शान्तिभोज/ पाठ में शामिल हुए।



नीदरलैंड की राजदूत के साथ सेल्फी लेती महिला।

## नीदरलैंड की राजदूत को मनमोहक लगी अयोध्या

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** भारत में नीदरलैंड की राजदूत मारिया लूसिया ग्रेनार्ड ने सोमवार को अयोध्या पहुंचकर रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। सरयू के तट पर घूमते हुए कुछ महिलाओं के साथ सेल्फी भी ली। लखनऊ से सड़क मार्ग से नीदरलैंड की राजदूत अयोध्या पहुंचीं। सबसे पहले राममंदिर में माथा टेका। राममंदिर ट्रस्ट की ओर से राजदूत का अभिनंदन किया गया। राजदूत ने मंदिर निर्माण की भव्यता को सराहा। उन्होंने सरयू तट का भी भ्रमण किया। राम की पैड़ी परिसर को भी निहारा।

▸▸ **महिलाओं के साथ ली सेल्फी**

# अबकी बार अखिलेश के सियासी रसूख का इम्तिहान

कानपुर



- मुलायम सिंह के बिना पहला आम चुनाव तय करेगा यादव समाज का सपा को कितना समर्थन
- 2009 से जनाधार में गिरावट, सपा की जीती 21 सीटों में यादव बहुल केवल मैनपुरी, इटावा, फिरोजाबाद थीं

**अमृत विचार:** सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बिना सपा पहली बार लोकसभा चुनाव में उतरी है। हालांकि मुलायम के निधन के बाद मैनपुरी में हुआ उप चुनाव डिंपल यादव ने जीता था, तब परिवार में एका हुआ था और चाचा-भतीजा, शिवपाल सिंह और अखिलेश यादव ने साथ आकर नेताजी की विरासत बचाने के लिए दिन-रात एक कर दिया था। लेकिन अब पार्टी के प्रदर्शन का पूरा दारोमदार अध्यक्ष अखिलेश यादव के कंधे पर है। ऐसे में यह चुनाव सपा के परंपरागत वोटरों को साथ रखने के साथ प्रदेश में 'यादव लैंड' कही जाने वाली लोकसभा की 10 सीटों पर तेज रफ्तार में साइकिल दौड़ाने का भी है।

प्रदेश में मैनपुरी, फिरोजाबाद, बदायूं, एटा, कन्नौज, जौनपुर, फैजाबाद, आजमगढ़, गाजीपुर, बलिया लोकसभा सीटें यादव बहुल मानी जाती हैं। इसलिए इन्हें यादव लैंड कहकर भी पुकार जाता है। अब इन सीटों के चुनावी परिणाम ही प्रदेश और देश में अखिलेश यादव का सियासी रसूख तय करेंगे। यह भी साफ हो जाएगा कि मुलायम के बाद यादव समाज कितनी बड़े संख्या बल के साथ अखिलेश की नुमाइंदगी कुबूल करता है, क्योंकि भाजपा ने यादव बहुल सीटों पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को उतारकर अखिलेश के यादव वोट बैंक में दरार डालने का पूरा जाल बिछा रखा है।

वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव में सपा ने 26 सीटें जीती थीं। इनमें यादव लैंड की मैनपुरी, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, बदायूं और आजमगढ़ की सीटें शामिल थीं। जौनपुर भाजपा के हिस्से में आई थी। 2004 में सपा के 37 सांसद चुने गए थे। मैनपुरी, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, बदायूं, जौनपुर लोकसभा सीटों पर सपा ने विरोधियों को पछाड़ दिया था। इस चुनाव में फैजाबाद और आजमगढ़ से बसपा जीती थी। 2009 के चुनाव से सपा का जनाधार खिसकने लगा। इस चुनाव में सपा ने 21 सीटें जीतीं। इनमें यादव लैंड की केवल तीन मैनपुरी, इटावा, फिरोजाबाद सीटें शामिल थीं। एटा से सपा समर्थित उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह जीते थे। फिरोजाबाद में अखिलेश यादव के इस्तीफा देने से उपचुनाव हुआ तो कांग्रेस के राज बब्बर जीते। उन्होंने अखिलेशकी पत्नी डिपंल यादव को हरा दिया था। वर्ष 2009 में बलिया सीट सपा ने जीती, फैजाबाद से कांग्रेस, जौनपुर से बसपा, संतकबीर नगर से बसपा और आजमगढ़ से भाजपा ने जीत हासिल की थी।

### बीते चुनाव में सपा का सबसे खराब प्रदर्शन

- वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा का यादव लैंड में अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। इस चुनाव में मैनपुरी से मुलायम सिंह यादव और आजमगढ़ से अखिलेश यादव ही चुनाव जीत पाए। वहीं वर्ष 2022 के लोकसभा उपचुनाव में आजमगढ़ सीट पर भाजपा ने जीतकर कमल खिला दिया।

# डेढ़ घंटे का रोड शो निकाल स्मृति ने दिखाई ताकत

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने सोमवार को भारी भीड़ व लाव लश्कर के साथ अमेठी में तीसरी बार नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके पूर्व अपने मेदन मवई आवास पर हवन पूजन करने के पश्चात स्मृति जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय पहुंची। जहां से उनका काफिला नामांकन के लिए रवाना हुआ। लगभग डेढ़ घंटे के रोड शो के बाद कलेक्ट्रेट पहुंची स्मृति ने दो सेटों में जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत को नामांकन पत्र सौंपा।

राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी मनीषी प्रस्तावक के रूप में मौजूद रहे। इरानी के नामांकन में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी पहुंचे। 3 किमी के रोड शो में उमड़ी भीड़ के कारण कस्बे में जाम की स्थिति रही। नामांकन जूलूस में लगभग दस हजार लोगों के शामिल होने का अनुमान है।

नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्मृति ने कहा कि राहुल गांधी 15 साल अमेठी से सांसद रहे लेकिन कोई काम नहीं किया। वे अपनी सांसद निधि तक नहीं खर्च कर सके। उन्होंने कहा कि अमेठी को अपना परिवार बताने वाले, लोकसभा में पहुंचने के लिए वायनाड को अपना परिवार बता रहे हैं।




रोड शो निकालकर नामांकन करने जातीं स्मृति इरानी। अमृत विचार

**पति-पत्नी दोनों करोड़पति :** केंद्रीय मंत्री व अमेठी की प्रत्याशी स्मृति 3 करोड़ 8 लाख 94 हजार दो सौ छियानबे रुपये की चल सम्पत्ति व 1 करोड़ उनहत्तर लाख 80 हजार की अचल संपत्ति की धारक हैं। वहीं उनके पति जूबिन 3 करोड़ तीस लाख 17 हज़ार सात सौ नब्बे रुपये की चल सम्पत्ति व 2 करोड़ 3 लाख की अचल संपत्ति के स्वामी हैं। स्मृति ने एचडीएफसी से 16 लाख 55 हज़ार 8 सौ तीस रुपये वाहन लोन भी ले रखा है। स्मृति ने वर्ष 1994 में दिल्ली विवि से बैचलर ऑफ कॉमर्स किया है।

### स्मृति से साधु संत नाराज

रविवार को बाबूगंज सगरा आश्रम के पीठाधीश्वर महासंत मौनी महाराज का साधु-संतों व अनुयायियों को भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी को मतदान में सहयोग न देने का संकल्प लेने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। सगरा आश्रम पर रविवार को आश्रम के पीठाधीश्वर मौनी महराज द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर साधु-महात्माओं के साथ नरेंद्र मोदी को एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेने का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी को आना था। साधु-संत उनके आने का इंतजार करते रहे। बिना किसी सूचना के स्मृति ने कार्यक्रम निरस्त कर दिया। इसके चलते मौनी महाराज सहित कार्यक्रम में सम्मिलित पीठाधीश्वर व संत नाराज हो गए।

### फसल बचाने के प्रयास में जिंदा जल गया किसान

**महोबा, अमृत विचार।** खेत में थ्रेसिंग कराने के लिए रखी फसल में आग लग गई। आग बुझाने के प्रयास में किसान जिंदा जल गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दमकल विभाग के जवानों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर तो काबू पा लिया, लेकिन किसान की फसल बर्बाद हो गई। कुलपहाड़ क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास देशराज यादव के खेत में गेहूं की फसल रखी हुई थी। अचानक फसल में आग लग गई। लपटों ने पशुवाड़े को भी अपनी चपेट में ले लिया। किसान पानी लेकर फसल के पास गया, इसी बीच आग फसल के दूसरे छोर में भी लग गई, जिससे किसान आग के बीच में फंस गया। दमकलकर्मी आग बुझाने में जुट गए। दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तबतक किसान की जिंदा जलकर मौत हो गई थी।

# बसपा ने भाजपा के कथित समर्थन का दाग धोया, गठबंधन की राह में बिछाए कांटे

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी जिसे लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में अकेले चुनाव लड़ने के कारण बड़ी चुनौती नहीं माना जा रहा था, जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ रहा है, दो दर्जन सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष में आकर कहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन तो कहीं भाजपा के लिए जीत की राह में कांटे बिछाती बनती नजर आ रही है। प्रत्याशी चयन में चतुराई दिखाते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी के ऊपर पिछले विधानसभा चुनाव में लगा भाजपा को कथित मौन समर्थन का दाग धोने के साथ ही अपने भतीजे और पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद के लिए एक ऐसी खुली जमीन तैयार कर दी है, जहां से बसपा एक बार फिर मजबूत वोट बैंक की नई उड़ान भर सकती है।

बीते चार दशक में अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही बसपा के अकेले लोकसभा चुनाव में उतरने के मायावती के फैसले का निहितार्थ अब धीरे-धीरे सामने आ रहा है। पार्टी ने पिछले लोकसभा चुनाव में सपा के साथ गठबंधन करके 10 लोकसभा सीटें जीती थीं, लेकिन इनमें से ज्यादातर साथ छोड़ गए हैं।





विधान सभा चुनाव में पार्टी का वोट बैंक धड़ाम हो गया था। 2017 के विधान सभा चुनाव में जहां बसपा को 22.23 फीसदी वोट मिले थे, वहीं 2022 में यह आंकड़ा घटकर 12.88 पर आ गया था। वोट शेयर में लगभग 10 फीसदी वोटों की भारी गिरावट के साथ पार्टी सिर्फ एक सीट पर सिमट गई थी। यही वह वजह थी, जिसने बसपा सुप्रीमो को नए सिरे से रणनीति बनाने के लिए मजबूर किया। लोकसभा चुनाव में अभी तक बसपा ने ही सबसे ज्यादा मुस्लिम वर्ग को टिकट दिए हैं। पार्टी अब तक 20 से अधिक मुस्लिम प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। बसपा के इन मुस्लिम उम्मीदवारों ने सपा और कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशियों की मुश्किल बढ़ा दी है। माना जा रहा कि बसपा के इस कदम से मुस्लिम वोट बंटने पर भाजपा प्रत्याशी को फायदा हो सकता है। लेकिन बसपा की अपनी रणनीति है, वह अकेले दम पर चुनाव लड़ रही है, इसलिए अपने प्रत्याशी को जीत की संभावना के साथ टिकट दिए हैं। पार्टी का मानना है कि मुस्लिम प्रत्याशी चुनाव जीत नहीं पाए तो भी अच्छा प्रदर्शन करके वोट प्रतिशत बढ़ाने में सहायक होंगे। इसी रणनीति के चलते ही बसपा ने दलित समुदाय को प्रतिनिधित्व देने के साथ 18 सवर्ण और 16 ओबीसी प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। बसपा के मुस्लिम और सवर्ण प्रत्याशी पश्चिम उत्तर प्रदेश की कई सीटों पर सपा-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवारों की चुनौती कमजोर करते नजर आए, तो कहीं-कहीं भाजपा के लिए परेशानी का सबब बने।

जौनपुर, मेरठ, मैनपुरी, बस्ती, बंदायू, आजमगढ़ समेत जैसी सीटों पर बसपा ने सपा-कांग्रेस गठबंधन के साथ साथ भाजपा की राह भी मुश्किल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को आजमगढ़ से उतरकर बसपा ने भाजपा और सपा दोनों के लिए चुनौती खड़ी कर दी है। बस्ती में भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद हरीश द्विवेदी को फिर टिकट दिया है, तो यहां बसपा ने ब्राह्मण समाज के ही दयाशंकर मिश्र को टिकट देकर भाजपा की राह में कांटे बिछा दिए हैं। मैनपुरी में प्रत्याशी बदलकर यादव उम्मीदवार उतारकर डिंपल यादव की परेशानी बढ़ा दी है।

### पार्टी का प्रदर्शन

| | | |
|---|---|---|
| 2009 | 20 सीटें | 27.42% वोट |
| 2014 | 00 सीटें | 19.77% वोट |
| 2019 | 10 सीटें | 22.43% वोट |

- पार्टी ने अपना गिरता वोट बैंक संभालने के लिए लिया था अकेले चुनाव लड़ने का फैसला
- 20 मुस्लिम प्रत्याशी उतारकर सपा-कांग्रेस प्रत्याशियों की चुनौती कमजोर करने का प्रयास
- सवर्ण और ओबीसी को कई सीटों पर टिकट देकर भाजपा के लिए भी खड़ी कर दी परेशानी
- विधानसभा चुनाव में भाजपा के कथित मौन समर्थन का टैग हटाया, आकाश को दी नई जमीन

# सपा-बसपा-कांग्रेस को जनता ने नकार दिया: संजय

मेंहदावल, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में अपनी विजय सुनिश्चित कराने के लिए राजनीतिक पार्टियों चुनावी मैदान में उतर चुकी हैं। प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद निषाद पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में शिरकत करने के लिए मेंहदावल पहुंचे। जहां उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस कोई पार्टी नहीं है। इन्हें जनता जनार्दन ने नकार दिया है और देश की 140 करोड़ जनता ने मोदी जी को स्वीकार कर लिया है।

पश्चिम टोला मोहल्ले के बीएमसीटी मार्ग पर एक निजी मैरिज में निषाद पार्टी द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद ने कहा कि भाजपा और निषाद पार्टी समेत सहयोगी दलों के सभी कार्यकर्ता इस चुनाव में इस बात को सुनिश्चित करेंगे कि उनके बूथ पर 90 प्रतिशत से कम मतदान न हो। भाजपा प्रत्याशी इं. प्रवीण निषाद ने कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस कोई पार्टी नहीं है। इन्हें जनता जनार्दन ने नकार दिया है और देश की 140 करोड़ जनता ने मोदी जी को स्वीकार कर लिया है। इस बार जनता खुद चुनाव लड़ रही है और वोट दे रही है।



मेंहदावल में कार्यकर्ता सम्मेलन में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते संजय निषाद।

▸▸ **भाजपा सरकार में बढ़ा निषादों का सम्मान : प्रवीण**

## ओपी राजभर की प्रतिष्ठा फंसी

मऊ। प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के लिए घोसी सीट का चुनाव प्रतिष्ठा बन गया है। यहां उनके बेटे अरविंद राजभर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें घेरने के लिए सपा- कांग्रेस ने राजीव राय तो बसपा ने पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को उतारा है। राजीव राय जहां ओपी राजभर से नाराज भाजपा नेताओं को साधने में जुटे हैं तो दलित और मुस्लिम मतदाताओं को जोड़कर जीतने की कोशिश में बाल कृष्ण चौहान भी ताकत लगा रहे हैं। नेता भले ही बाहर से अरविंद राजभर के साथ नजर आ रहे हैं लेकिन पूर्व में दिए तीखे बयानों के कारण वे दिल से उनके साथ नहीं जुड़ पा रहे हैं।

# युद्ध स्तर पर चल रहा दोहरीकरण का कार्य

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** उत्तर पश्चिम रेलवे पर व्यस्ततम रेल लाइनों खण्ड पर दोहरीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। रेल लाइनों के दोहरीकरण कार्य में गति प्रदान कर उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य मार्ग फुलेरा से जोधपुर रेल मार्ग का दोहरीकरण कार्य विभिन्न चरणों में पूर्ण कर विशेष उपलब्धि प्राप्त की है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार प्रमुख रेल मार्ग में सम्मिलित फुलेरा से जोधपुर के मध्य दोहरीकरण कार्य दो चरणों में स्वीकृत किया गया था जिनमें डेगाना-राई का बाग, 146 किलोमीटर 808 करोड रुपए की



लागत से तथा डेगाना-फुलेरा, 108 किलोमीटर 1007 करोड रुपए की लागत से पूरा किया गया है। कैप्टन शशि किरण के अनुसार रेलवे संरक्षा आयुक्त द्वारा गोविंदी मारवाड़-नावा सिटी, 9 किमी मार्ग का निरीक्षण कर इसे 95 किमी प्रति घंटा गति से रेल संचालन के लिए अनुमोदित किया। इस रेल खंड के दोहरीकरण होने से फुलेरा-डेगाना रेल खंड के दोहरीकरण का कार्य पूरा हो गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व डेगाना-राई का बाग रेल मार्ग का कार्य पूरा किया जा चुका है। अब फुलेरा से राई का बाग (जोधपुर) तक संपूर्ण रेल मार्ग दोहरीकृत हो गया है। श्री शशि के अनुसार फुलेरा-जोधपुर उत्तर पश्चिम रेलवे का महत्वपूर्ण मार्ग है तथा इस पर अधिक संख्या में रेलसेवाओं का संचालन होने के कारण इस मार्ग के दोहरीकरण की आवश्यकता थी, जिसे विभिन्न चरणों में पूरा किया गया। विभिन्न चरणों में दोहरीकरण करने का लाभ हुआ । दोहरीकरण कार्य हो जाने से रेलसेवाओं में वृद्धि के साथ-साथ गति एवं समय पालनता भी बढ़ेगी।

# कुशाग्र कांड में तीन मई को तय होंगे आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हत्यारोपी शिवा व प्रभात के अधिवक्ता ने की बहस
- ट्यूशन टीचर रचिता के वकील कोर्ट में नहीं हुए पेश

**अमृत विचार।** कपड़ा कारोबारी के 16 वर्षीय बेटे कुशाग्र हत्याकांड के मामले में सोमवार को सुनवाई की गई। हत्यारोपी शिवा व प्रभात के वकील ने कोर्ट में बहस की, वहीं ट्यूशन टीचर रचिता वत्स के वकील की नामौजूदगी के कारण कोर्ट ने अंतिम अवसर देते हुए आरोप तय करने तिथि तीन मई निर्धारित की।

आचार्य नगर निवासी कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया का बेटा कुशाग्र 30 अक्टूबर 2023 को कोचिंग जाने के लिए घर से निकला था। कुशाग्र की ट्यूशन टीचर रचिता वत्स के प्रेमी प्रभात शुक्ला उसका अपहरण कर ओमपुरवा स्थित आवास पर ले आया था, जहां उसकी हत्या कर दी थी। प्रभात के साथी शिवा उर्फ आर्यन ने फिरौती का पत्र मनीष के घर में फेंका था। रायपुरवा पुलिस ने कुशाग्र का शव प्रभात के घर से बरामद कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामला एडीजे सात आजाद सिंह की कोर्ट में विचाराधीन है। डीजीसी दिलीप अवस्थी व अधिवक्ता चिन्मय पाठक ने बताया कि सोमवार को सुनवाई के दौरान हत्यारोपी प्रभात व शिवा गुप्ता के अधिवक्ता मनीष शर्मा ने कोर्ट में बहस की। वहीं रचिता वत्स के वकील सोमवार को भी सुनवाई में शामिल नहीं हुए, जिसके बाद कोर्ट ने एक मई को बहस का अंतिम अवसर देते हुए तीन मई आरोप तय करने की तिथि निर्धारित की है।

# कालीन नगरी में हैट्रिक लगाने को भाजपा ने रचा चक्रव्यूह

**भदोही संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

- समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने इस सीट को तृणमूल कांग्रेस के लिए छोड़ा है
- ममता बनर्जी ने ललितेश त्रिपाठी तो भाजपा ने विनोद कुमार बिंद को उतारा

**अमृत विचार।** कालीन उत्पादन के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध भदोही संसदीय सीट पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए भी प्रतिष्ठा का सवाल बन गई है। ममता ने कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी के वंशज ललितेश त्रिपाठी को यहां से उतारा है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उन्हें यहां से जीत दिलाने के लिए रात- दिन लगे हुए हैं। ललितेश के कंधे पर भाजपा की हैट्रिक रोकने की जिम्मेदारी है। भाजपा ने इस सीट से वर्तमान सांसद रमेश चंद बिंद का टिकट काटकर विनोद कुमार बिंद को दिया है। जीत की हैट्रिक लगाने को भाजपा ने यहां मजबूत चक्रव्यूह रचा है जिसे भेदने के लिए टीएमसी उम्मीदवार के साथ ही बसपा के इरफान अहमद बब्लू भी जूझ रहे हैं। भदोही संसदीय सीट 2008 के परिसीमन में अस्तित्व में आई थी। पहले यह सीट भदोही- मिर्जापुर के नाम से जानी जाती थी। 2009 में जब पहला चुनाव हुआ तो बसपा ने जीत दर्ज की, लेकिन 2014 की मोदी लहर में भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त सांसद बने। उन्होंने बसपा के राकेश धर त्रिपाठी को हराया था। तब सपा तीसरे, जदयू चौथे और कांग्रेस का उम्मीदवार पांचवें स्थान पर था। 2019 में पार्टी ने वीरेंद्र सिंह मस्त के स्थान पर रमेश चंद बिंद को उम्मीदवार बनाया तो वे भी जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। इस चुनाव में भी बसपा उम्मीदवार दूसरे नंबर पर थे। तब सपा से बसपा का गठबंधन था। कांग्रेस उम्मीदवार पूर्व सांसद रमाकांत यादव मात्र 25604 वोटों पर ही सिमट गए थे। भाजपा ने फिर टिकट बदला है और विनोद कुमार बिंद पर भरोसा जताया है। विनोद कुमार बिंद मिर्जापुर जिले की मझवां विस सीट से निषाद पार्टी के विधायक हैं। चंदौली निवासी डॉ. बिंद को 2022 के चुनाव में ज्ञानपुर विस सीट से सपा ने पहले उम्मीदवार बनाया था बाद में टिकट काट दिया था। इससे नाराज होकर वे निषाद पार्टी में शामिल हो गए थे मझवा सीट से मैदान में उतरे और जीते भी।



विनोद कुमार बिंद ।



ललितेश त्रिपाठी ।



इरफान अहमद बब्लू।

### तीन विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा



- भदोही लोकसभा क्षेत्र में 5 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से प्रतापपुर, हंडिया और भदोही सीट समाजवादी पार्टी के कब्जे में है जबकि ज्ञानपुर से निषाद पार्टी और औराई से भाजपा का विधायक है। विधानसभा चुनाव परिणाम को ध्यान में रखकर बात करें तो इस चुनाव में सपा का पलड़ा भारी दिखता है लेकिन भाजपा उम्मीदवार को मोदी की गारंटी का पूरा भरोसा है। वैसे भी तृणमूल कांग्रेस का इस क्षेत्र में कोई आधार नहीं है उसे सपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के दम पर ही चुनाव लड़ना है। ललितेश कांग्रेस से बगावत कर टीएमसी में शामिल हुए थे। इससे भी कांग्रेस कार्यकर्ता उनसे नाराज दिखते हैं। हालांकि बसपा भी यहां लड़ाई में दिख रही है। पार्टी के उम्मीदवार लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं और पार्टी के परंपरागत दलित मतदाताओं व मुस्लिम मतदाताओं के सहारे वे जीत का गणित लगा रहे हैं।

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम् ।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नराः पण्डितबुद्धयः ॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते, नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं, डटकर उसका सामना करते हैं, वही ज्ञानी हैं ।

## संपादकीय

# खनिजों की खोज

आर्थिक प्रभुत्व की दौड़ में शामिल भारत में एक नया खजाना खोज शुरू हो गई है। यह है महत्वपूर्ण खनिजों की खोज। 2017 के बाद से, ऊर्जा क्षेत्र की लिथियम की आवश्यकता तीन गुना हो गई है और कोबाल्ट और निकल की मांग में 70 प्रतिशत और 40 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। इंटरनेशनल एनर्जी एसोसिएशन (आईईए) ने 2030 तक मांग दोगुनी होने का अनुमान लगाया है। भारत के तीव्र आर्थिक विकास और महत्वाकांक्षी स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों की पृष्ठभूमि में सोमवार से आयोजित किया जा रहा खनिज शिखर सम्मेलन उद्योग जगत के अग्रणी प्रतिनिधियों, स्टार्टअप, सरकारी अधिकारियों, वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और नीति विशेषज्ञों समेत भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय हितधारकों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। शिखर सम्मेलन में आठ प्रमुख खनिजों ग्लूकोनाइट (पोटाश), लिथियम-दुर्लभ पृथ्वी तत्व (लैटेराइट), क्रोमियम, प्लैटिनम समूह, ग्रेफाइट, ग्रेफाइट से जुड़े टंगस्टन, दुर्लभ पृथ्वी तत्व (आरई) और ग्रेफाइट से जुड़े वैनेडियम पर तकनीकी सत्र शामिल हैं। कहा जा सकता है कि स्मार्ट-फोन से लेकर लड़ाकू विमानों तक हर चीज के लिए आवश्यक माने जाने वाले ये खनिज प्रगति के छिपे हुए चालक बन गए हैं। जैसे-जैसे दुनिया स्वच्छ ऊर्जा और डिजिटल चमत्कारों द्वारा संचालित भविष्य की ओर बढ़ रही है, महत्वपूर्ण खनिजों की मांग बढ़ती गई है। खनिजों के महत्व को पहचानते हुए भारत ने 24 महत्वपूर्ण खनिजों की पहचान की है और उन्हें अपनी सीमाओं के भीतर खनन के लिए एक ढांचा स्थापित किया है। लिथियम इसके केंद्र में है क्योंकि यह बैटरी-पावरहाउस खनिज इलेक्ट्रिक वाहन क्रांति को बढ़ावा दे रहा है, जो भारत के जलवायु परिवर्तन शमन एजेंडे का एक महत्वपूर्ण घटक है। तांबा लिथियम, निकल, कोबाल्ट जैसे महत्वपूर्ण खनिज की पवन टरबाइन और बिजली नेटवर्क से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक मांग बढ़ रही है। केंद्र ने अभी तक 38 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की नीलामी शुरू की है और उसकी 100 से अधिक महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी की तैयारी है। खान सचिव वीएल कांथा राव ने सोमवार को कहा कि जून के अंत तक नीलामी के चौथे दौर में करीब 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लाक की नीलामी होगी। महत्वपूर्ण खनिज आत्मनिर्भरता के लिए भारत की खोज को संसाधन निष्कर्षण की वैश्विक भू-राजनीति से अलग नहीं किया जा सकता है। यह भारत की आर्थिक रणनीति में बदलाव का प्रतीक है, जो भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण खनिजों की शक्ति को पहचानता है। भारत द्वारा हाल ही में 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी का आकलन अकेली घटना के रूप में नहीं, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति के रूप में किया जाना चाहिए।

# आखिर मतदान प्रतिशत गिर क्यों रहा है



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

**एक और ध्यान दिलाना और भी जरुरी है कि विगत शती से अद्यावधि दशकों निर्वाचन प्रक्रिया के चलने के बाद भी आज तक भारत निर्वाचन आयोग के पास जिलों में अपना खुद का सेट अप नहीं है। और न ही पर्याप्त पूर्णकालिक स्टाफ। निर्वाचन की घोषणा होते ही सारी व्यवस्था जिलाधिकारी को जिला निर्वाचन अधिकारी बनाकर उन पर थोप दी जाती है। अब तुम जानो तुम्हारा काम जाने।**



**एक बात जिस पर भारत निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों का बहुत जोर होता था – वह था मतदाता सूची अर्थात निर्वाचक नामावलियों की शुचिता। जिसे एक अधिकारी मतदाता सूचियों का स्वास्थ्य भी कहते थे। स्वास्थ्य खराब तो मतदान प्रक्रिया का दुष्प्रभावित होना तय। मतदाता सूचियों के खराब स्वास्थ्य का अर्थ था – मृतकों का नाम भी शामिल रह जाना, निर्वाचन क्षेत्र को छोड़कर दूसरे निर्वाचन क्षेत्र जिले या प्रदेश शहर में हमेशा के लिए चले गए मतदाता का नाम भी स्थानीय मतदाता सूची में शामिल रह जाना। दो जगहों पर मतदाताओं का नाम बने रहना।**

सामान्य निर्वाचन 2024 के अभी संपन्न दो चरणों में निरंतर गिर रहे मतदान प्रतिशत से अटकलबाजी का माहौल है। क्या भाजपा का उद्घोषित अबकी बार चार सौ पार नारा बेअसर होगा या फिर इंडिया गठबंधन की लुटिया डूबेगी? दोनों पक्षों के अपने अपने कयास हैं, तर्क और विवेचना है। किन्तु यहां चर्चा कयासबाजी से इतर इस पहलू को लेकर है कि आखिर मतदान प्रतिशत गिर क्यों रहा है?

राजनीतिक समझ के पुरोधाओं, समाचार मीडिया ने इस पर भी बहुत कुछ लिखा है। एक प्रमुख कारण बढ़ती भीषण गरमी बताई गई है। एक यह कारण भी इंगित हुआ है कि सत्ताधारी पार्टी के प्रत्याशियों और दीगर राजनैतिक पार्टी के प्रमुख दावेदार प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में पहले जैसी ताकत नहीं झोंकी।

सत्ता पक्ष पूरी तरह मुतमईन है, बेपरवाह है कि मोदी मैजिक चलेगा और आंकड़ा चार सौ पार जाना जब सुनिश्चित ही है तो फिर काहें की मगजमारी? दूसरा हताश विपक्ष की पूरी बेचारगी कि जब मोदी को फिर से, तिबारा आना ही है तो क्या मतदान करना? दोनों ही ओर गफलत के चलते मतदान प्रतिशत गिरा है।

वैसे यह सब कयास ही है मगर एकदम से उपेक्षित करने लायक भी नहीं। देखने में स्पष्ट आ रहा है कि भाजपा के कितने प्रत्याशी बस मोदी मैजिक पर आश्रित हैं। क्षेत्र में जा ही नहीं रहे हैं। सघन प्रचार नहीं कर रहे हैं। बल्कि मतदाता कहते फिर रहे हैं कि हमारे भाजपा के प्रत्याशी महानुभाव तो दर्शन दिए नहीं हम तो बस मोदी के नाम पर वोट डाल आए हैं। कोढ़ पर खाज यह कि इस बार जहां जहां भाजपा ने एलियन प्रत्याशी उतारे हैं, उन्हें क्षेत्र की समझ भी नहीं है और उनके स्थानीय भाजपा सहयोगी खुन्नस खाए बैठे हैं। दिखाने के लिये चेहरे पर रौनक और ठकुरसुहाती है। पीठ पीछे कुछ और। यह सब देख तो यही लगता है कि चार सौ पार का आंकड़ा पाना टेढ़ी खीर ही है। भाजपा समर्थकों को अब मोदी योगी मैजिक का ही आसरा है। राहत यह है कि अभी पांच चरण बाकी हैं। जब से और जितना जल्दी यह पार्टी कैडर चेत जाय उतना ही भला।

दूसरी ओर मजहबी बिरादरी पानी पी पीकर मोदी योगी को कोसती हुई कांग्रेस के पक्ष में एकजाई हो गई है और पूरी सक्रियता और विपुलता से मतदान में हिस्सा ले रही है। बस उद्घोष करते फिर रहे राष्ट्रप्रेमी मतदाता वोट देने में उतने सक्रिय नहीं है। ये फैक्टर निश्चय ही सत्तादल के लिए अनुकूल नहीं है। सारा दमखम बस दिखावे के लिए हो, एक यूफोरिया ही तारी हो जो वोट में परिणत न हो सके तो संकेत शुभ कैसे कहा जाय?

न न करते आखिर मैंने एक राजनीतिक विश्लेषण कर ही दिया। मगर एक बात और जिस पर सयानों की नज़र नहीं जा रही है वह है मतदाता सूचियों की अशुद्धता, जिसकी वजह से भी मतदान प्रतिशत के गिरे होने की प्रतीति है। और इसकी जिम्मेदारी तो भारत निर्वाचन आयोग को ही लेनी है। हम जब राजकीय सेवा में थे निर्वाचन प्रक्रिया के लगभग सभी पहलुओं से गहरे जुड़े थे। उच्च स्तर के प्रशिक्षण भी प्राप्त किए थे और विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण देते भी थे।मतलब निर्वाचन मशीनरी से करीब से जुड़े थे। इसलिए व्यवस्था की अच्छाईयों और खामियों (लूपहोल) से भी खासे परिचित होते थे।

एक बात जिस पर भारत निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों का बहुत जोर होता था - वह था मतदाता सूची अर्थात निर्वाचक नामावलियों की शुचिता। जिसे एक अधिकारी मतदाता सूचियों का स्वास्थ्य भी कहते थे। स्वास्थ्य खराब तो मतदान प्रक्रिया का दुष्प्रभावित होना तय। मतदाता सूचियों के खराब स्वास्थ्य का अर्थ था - मृतकों का नाम भी शामिल रह जाना, निर्वाचन क्षेत्र को छोड़कर दूसरे निर्वाचन क्षेत्र जिले या प्रदेश शहर में हमेशा के लिए चले गए मतदाता का नाम भी स्थानीय मतदाता सूची में शामिल रह जाना। दो जगहों पर मतदाताओं का नाम बने रहना। एक ही मतदाता का नाम दुबारा उसी सूची में आना। सभी नए मतदाताओं का नाम न जुड़ पाना। और पूरक सूची में होने पर मतदान कार्मिकों की कहीं कही अक्षमता से ऐसे मतदाताओं का नाम न ढूंढ़ पाना आदि आदि। जब तक मतदाता सूचियां इन विसंगतियों से पूर्णतया मुक्त नहीं होंगी मतदान प्रतिशत कैसे बढ़ेगा?

एक और ध्यान दिलाना और भी जरुरी है कि विगत शती से अद्यावधि दशकों निर्वाचन प्रक्रिया के चलने के बाद भी आज तक भारत निर्वाचन आयोग के पास जिलों में अपना खुद का सेट अप नहीं है। और न ही पर्याप्त पूर्णकालिक स्टाफ। निर्वाचन की घोषणा होते ही सारी व्यवस्था जिलाधिकारी को जिला निर्वाचन अधिकारी बनाकर उन पर थोप दी जाती है।

अब तुम जानो तुम्हारा काम जाने। जिले के सारे अधिकारी कर्मचारी अल्पकालिक तौर पर भारत निर्वाचन आयोग के अधीन हो जाते हैं और ऊपर से आयोग का चाबुक। मरता क्या न करता। एक भारी दबाव का वातावरण सृजित होता है जिसमें गुणवत्ता तो कंप्रोमाईज होनी ही है। जबकि सामान्य समझ है कि मतदान प्रक्रिया अगर सौ फीसदी सही नहीं रही तो वह दूषित हो जाती है। आज राजनीतिक दलों से लेकर, सुप्रीम कोर्ट तक और स्वयं भारत निर्वाचन आयोग की ओर से भी चुनाव सुधारों की बड़ी चर्चा होती है मगर इस पर विमर्श क्यों नहीं होता कि हर जिले में पर्याप्त स्टाफ के साथ निर्वाचन का पृथक कार्यालय हो और वर्ष भर वहां प्रशिक्षण देने के कार्यक्रम आयोजित हों।

यह तो गनीमत रहती है कि जिला निर्वाचन अधिकारी प्रायः भारतीय प्रशासनिक सेवा का अधिकारी होने से सामान्यतः अपनी बुद्धि और कार्यक्षमता से निर्वाचन कार्य संभाल लेता है मगर जहां अधीनस्थ पर यथेष्ट नियंत्रण और संवाद की कमी होती है विकट परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं। और ज्यादातर नए उप जिलाधिकारी जो मतदाता सूचियों के उत्तरदायी अधिकारी होते हैं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पुस्तकों के पन्ने तक नहीं पलटते। और जब ऊपर की डांट फटकार से पलटने शुरु भी करते हैं चुनाव ठीक सिर पर होता है। इन बिन्दुओं को लिखने के पीछे चुनाव सुधार की ही कामना है और इसे इसी भावना से लिए जाने का अनुरोध है। ताकि लोकतंत्र का हमारा यह महापर्व पूरी शुचिता और निर्विघ्नता से संपन्न हो सके।

आशा है कि आगे के चरणों में मतदाताओं की भागेदारी बढ़ेगी। राजनीतिक दल इसे हल्के में न लें। कमर कस कर जुट जायें। अधिक से अधिक मतदाताओं को घरों से बाहर निकालें।

## प्रसंगवश

# तहजीब लखनऊ की



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लखनऊ की तहज़ीब औरनफ़ासत दुनिया भर में मशहूर है। 1964 के आसपास रहा होगा; इटावा की नुमाइश में एक कार्यक्रम में दिल्ली का कमेडियन लखनऊ के नवाबों पर एक चुटकुला सुना रहा था। एक नवाब के बच्चे को दूसरे नवाब के बच्चे ने खेल खेल में पीट दिया था। बस फिर क्या था! इज्जत का सवाल था। जिनका बच्चा हार गया था, वह पूरी नवाबी पोशाक पहन कर, छड़ी लेकर बग्घी पर सवार हुए और दूसरे नवाब के दरवाज़े पर पहुंच गए। वे ऊपर दूसरी मंजिल पर थे। पहले वाले नवाब,जो लड़ने गए थे,यूं बोले," अमां नवाब साहब! आपके साहबज़ादे ने मेरे बेटे को मारा है, जो मुझे हरगिज़ बर्दाश्त नहीं हैं। आप झगड़ा करने के वास्ते नीचे तशरीफ ला रहे हैं या मैं ऊपर आ कर हाज़िर होऊं"। अब एक सही किस्सा। 1920 में लखनऊ म्युनिसपलिटी के चुनाव हुए। चौक इलाके से कारपोरेटर सीट के लिए मशहूर तवायफ दिलरुबा जान खड़ी हुईं। वे बला की खूबसूरत थीं। अब उनकी महफिलें खचाखच भरने लगीं। कोई उनके खिलाफ लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। एक हकीम थे शमशुद्दीन। उनके कुछ दोस्तों ने उन्हें पानी पर चढ़ा कर पर्चा दाखिल करवा दिया। कनवेसिंग होने लगी। दिलरुबा जान की तरफ की भीड़ सरासर ज्यादा थी। हकीम साहब दोस्तों पर झल्लाए। कहा, हमें फिजूल में हारने के लिए खड़ा कर दिया। भला दिलरुबा को छोडकर हमें कौन वोट देगा; लेकिन हकीम साहब के दोस्तों ने हिम्मत नहीं हारी उन्होंने एक नारा दीवालों पर लिखवाया- हिदायत है ये चौक के वोटर-ए शौकीन को।/ दिल तो दिलरुबा दीजिए,वोट शमशुद्दीन को।।तवायफें भी कम होशियार नहीं थीं। जवाबी नारा दीवालों पर लिखवा दिया-' हिदायत है ये चौक के वोटर'-ए शौकीन को।/ वोट दिलरुबा को दीजिए, नब्ज़ शमशुद्दीन को।।

खैर! वोटिंग हुई शमशुद्दीन जीत गए। अब लखनवी तहज़ीब के हिसाब से दिलरुबा हकीम साहब के घर मुबारकबाद देने गईं। बातों बातों में कहा,"इसका मतलब है लखनऊ में आशिक कम मरीज़ ज्यादा हैं'।

# कहां बसाएंगे अपने सपनों की दुनिया



डा. मनोज कुमार
प्रवक्ता, मऊ

**बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या के भरण-पोषण के लिए अधिक अनाज उत्पादन का दबाव बढ़ता जा रहा है।**

आज से लगभग साढ़े चार अरब वर्ष पहले पृथ्वी भी अन्य ग्रहों की तरह आग का दहकता हुआ गोला थी। परन्तु पर्यावरण में कुछ रासायनिक क्रियाएं हुईं तदुपरांत पृथ्वी ठंडी हुई । बादल बने बारिश हुई तथा पृथ्वी पर जल भराव हुआ। इन्हीं जल भरावो में जीवन की संभावना बनी। इस तरह का कुदरती करिश्मा केवल पृथ्वी के साथ हुआ। इसलिए सौरमंडल के सभी नौ ग्रहों में केवल पृथ्वी पर जीवन और प्रचुर मात्रा में जैव विविधता पाई जाती हैं। इसलिए पृथ्वी को अद्भुत ग्रह कहा जाता हैं। पृथ्वी समस्त जीवों का पालन पोषण तो करती हैं मनुष्य के शौक श्रृंगार को भी पूरा करती हैं। मनुष्य सहित समस्त जीव जंतुओं को स्वस्थ जीवन प्रदान करने वाली पृथ्वी ही अगर अस्वस्थ, प्रदूषित और कुपोषित हो गई तो हमारी भावी पीढ़ियों का जीवन संकट में पड जाएगा।

विकास करने और खुशहाल जीवन जीने में प्राकृतिक संसाधन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परन्तु इन संसाधनों का मूर्खतापूर्ण उपभोग और उपयोग अनगिनत प्रकार की सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय समस्याएं पैदा कर सकता हैं। इसलिए भावी पीढ़ियों को ध्यान में रखते हुए विकास की योजनाएं निर्धारित करनी होगी तथा संसाधनों का संरक्षण आवश्यक है। इसलिए प्रायः अत्यंत प्राचीन काल से प्रत्येक समाज में चिंतक और विचारक संसाधनों के संरक्षण पर अपने विचार प्रकट करते रहे हैं। इस संबंध में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा है कि प्रकृति में प्रत्येक की आवश्यकता पूरी करने के लिए सब कुछ है। परन्तु किसी के लालच को पूरा करने के लिए नहीं। अर्थात हमारे पेट भरने के लिए बहुत है लेकिन पेटी भरने के लिए नहीं। महात्मा गांधी के अनुसार संसाधनों के ह्रास्व के लिए स्वार्थी व्यक्ति तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी की शोषणकारी प्रवृत्ति जिम्मेदार हैं। इसलिए वह व्यापक जन भागीदारी द्वारा लघु कुटीर उद्योग धंधों पर आधारित अर्थव्यवस्था के पक्षधर थे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यवस्थित तरीके से संसाधनों के विवेकपूर्ण इस्तेमाल और संसाधन संरक्षण की वकालत 1968 में क्लब ऑफ रोम ने की।

तीव्र औद्योगीकरण, नगरीकरण और आधुनिकीकरण की चाहत में पृथ्वी के प्राकृतिक भूगोल ,भूसंरचना भू-आकृति और भौगोलिक विन्यास को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया गया। इन चाहतों में पागल मानवीय महत्वाकांक्षाओं ने जल प्रबंधन के अधिकांश परंपरागत निर्मितियों कुआं, तालाब पोखरे जोहड़ और बावडियो को बेरहमी से पाट दिया गया। इसका स्वाभाविक परिणाम यह देखने को मिलता है कि आज देश के मेगा शहर अत्यधिक जल भराव के शिकार हैं तो ग्रामीण क्षेत्रों में भौमिक जल स्तर काफी नीचे चला गया है। इसलिए भारत के लगभग छह लाख गांवो में जल संकट गहराता जा रहा हैं। जल संकट के अतिरिक्त औद्योगिक विकास शहरीकरण और नगरीकरण के कारण प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध शोषण हुआ है। इस अंधाधुंध शोषण के फलस्वरूप पारिस्थितिकीय असंतुलन, भूमंडलीय तापन, ओजोन परत का क्षरण पर्यावरण प्रदूषण और भूमि निम्ननीकरण जैसी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं।

बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या के भरण-पोषण के लिए अधिक अनाज उत्पादन का दबाव बढ़ता जा रहा हैं। अधिक अनाज उत्पादन के लिए अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों, प्रयोग, खरपतवारनाशी और कीटनाशक दवाओं के अत्यधिक प्रयोग के कारण हमारी धरती अत्यधिक प्रदूषित होती जा रही है और भूमि की गुणवत्ता में निरंतर गिरावट आती रही। जिसके फलस्वरूप अनगिनत बीमारियां पांव पसार रहीं हैं तथा हमारी समृद्ध जैव विविधता क्षीण होती जा रही हैं। अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों, खरपतवार नाशी और कीट नाशक दवाओं के प्रयोग के कारण अनगिनत जीव जंतु और अनगिनत वनस्पतियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। इसलिए जिस तरह हम अपने लिए अपने सपनों के घर की देखभाल करने के लिए चितिंत रहते हैं उसी तरह मनुष्य सहित समस्त जीव जंतुओं के प्राकृतिक आवास पृथ्वी के बारे में भी चिंतन मनन करना चाहिए। निश्चित रूप से हर इंसान को अपने सपनों का घर, घरौंदा, घोंसला या महल बनाना चाहिए परन्तु इतना ध्यान रखना चाहिए कि- हमारी धरती ही लहू-लुहान हो गई तो हम अपने सपनों का घर, घरौंदा, घोंसला या महल कहां और कैसे बनाएंगे।

## सोशल फोरम

# बिल्लू का ईरफान



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

मास्टर एक्टर ईरफ़ान को गुज़रे चार बरस हो चुके हैं। मगर आज भी वो दिल के बहुत क़रीब हैं। एक एक्स्ट्रा 'र' की ध्वनि के कारण इरफ़ान को ईरफ़ान ख़ान कहलाना अच्छा लगता था। वो बाकी ख़ानों से अलग ख़ान थे, बेजोड़ ख़ान। चीखने-चिल्लाने और जगमग रोशनी में नहाई सेल्फ प्रमोशन की फ़िल्म नगरी में चुपचाप और अकेले रहे। वो पर्दे पर भी इसी रूप में दिखे। इसी एक्सप्रेसिव चेहरे की बदौलत एक अलग और ऊंचा मुकाम हासिल किया। अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरुस्कारों से नवाज़े गए, पद्मश्री देकर सरकार भी गौरवांवित हुई। लेकिन इरफ़ान ने सफलता को सर पर नहीं चढ़ने दिया। बनने चले थे क्रिकेटर। सुना गया कि सीके नायडू अंडर-23 में सिलेक्शन भी हो गया था मगर नियति ने उन्हें नाटक और सिनेमा के लिए बनाया था। संयोग से नेशनल स्कूल ऑफ़ ड्रामा में दाख़िला मिल गया। क्रिकेट का मैदान छोड़ दिया।

मैंने उनकी कई फ़िल्में देखी हैं, मक़बूल और पान सिंह तोमर भी, जिसने उन्हें श्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरूस्कार दिलाया। मगर मुझे उनकी 'बिल्लू' बहुत पसंद आई। पूरी फ़िल्म में वो शायद ही कहीं बोले, उनका एक्सप्रेसिव फेस ही व्यथा, ख़ुशी और ग़म का अहसास करता रहा। इसमें वो एक ग़रीब नाई बिल्लू हैं, अथाह क़र्ज़ में डूबे हुए। पत्नी लारा दत्ता है और दो बच्चे। जैसे-तैसे गुज़र हो रही है। तभी कस्बे में एक फिल्म की शूटिंग शुरू होती है, हीरो हैं साहिल ख़ान (शाहरुख़ ख़ान)। बिल्लू पत्नी और बच्चों को बताता है साहिल से उसका बचपन का नाता है। मगर क़िस्मत ने उसे स्टार बना दिया और उसे नाई। जाने कैसे ये बात बाहर लीक हो जाती है और नतीजा ये होता है तमाम कस्बे की निगाह में बिल्लू हीरो बन जाता है। मगर स्वयं बिल्लू को बॉडी गार्ड्स ने साहिल से मिलने नहीं दिया।

तो सबको लगा साहिल झूठ बोल रहा था। सब एकाएक उसके दुश्मन बन गए। एक स्कूल के फंक्शन में उसने बिल्लू से अपनी नज़दीकियां बयान कीं। बिल्लू ये सब चुपचाप पीछे खड़ा सुन रहा है। वो चुपचाप घर लौट आता है और उसके पीछे-पीछे साहिल भी आ जाता है। और पीछे पीछे तमाम गांववाले भी जो बिल्लू को अब तक धिक्कार रहे थे।

**-फेसबुक वॉल से**

# ओरछा में मंदिर दर्शन



अनूप शुक्ल
कानपुर

**मंदिर के प्रांगण में तमाम नवदंपति अपने परिजनों के साथ पूजा करने आए थे। यहां की परंपरा है नए दूल्हे-दुल्हन पूजा करते हैं। थापे लगाते हैं।**

ओरछा में सभी पर्यटन स्थल आसपास ही हैं। एक दिन में पांव फिराते हुए सब देखे जा सकते हैं। वैसे भी लोग घूमते हुए इमारतों को 'मौका मुआयना' वाले अंदाज में देख लेते हैं। जिन इमारतों को बनने में वर्षों लगे उनको मिनटों में निपटा देते हैं।

हम भी कोई अलग थोड़ी हैं। सबसे पहले चतुर्भुज मंदिर देखा। मंदिर के निर्माण की शुरुआत बुंदेल राजा मधुकर शाह (1554 -1593 ई) ने अपनी रानी गणेश कुंवरि के आग्रह पर, रानी के आराध्य देव राजा राम की स्थापना के लिए शुरू की थी। पश्चिमी बुंदेलखंड पर मुगल आक्रमण और राजकुमार होरलदेव की मृत्यु के कारण यह पूरा नहीं हो सका। उस समय अकबर मुगलों का बादशाह था। रानी ने राजा राम की प्रतिमा अपने ही महल में स्थापित कर ली। मंदिर का निर्माण दूसरे चरण में महाराज वीरसिंह देव (1605-1627 ई) के शासन काल में हुआ।

मंदिर में भगवान विष्णु की प्रतिमा है। 105 मीटर ऊंचा मंदिर 4.5 मीटर नींव पर बना है। लगभग पांच सौ साल पुराने मंदिर की भव्यता देखकर अचरज और कौतूहल होता है कि कैसे इतने विशाल मंदिर बनाए गए होंगे।

मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति के पास बैठे पुजारी जी ने बताया कि छह पीढ़ियों से उनका परिवार यहां के पुजारी का काम देख रहा है। पीछे लगी एक महिला की फ़ोटो दिखाते हुए बताया इन्होंने (शायद पुजारी जी की मां) ने वर्षों पुजारी का काम किया। भगवान विष्णु की प्रतिमा के सामने ओरछा का राजमहल है। तकरीबन 200 मीटर की हवाई दूरी होगी। रानी ने प्रतिमा की स्थापना इस तरह कराई थी कि महल के अपने कक्ष से भगवान के दर्शन कर सकें। पूजारी जी इसे रानी के घमंड के रूप में देखते हैं कि अपने कमरे में बैठे-बैठे कोई भगवान के दर्शन करना चाहे।

बाद में महल में स्थित रानी के कक्ष के झरोखे से देखा तो वहां से मंदिर की प्रतिमा साफ दिख रही थी। पांच सौ वर्ष पहले के साधनों से इतनी उत्कृष्टता से निर्माण कार्य जिन लोगों ने किया होगा वे कितने कुशल कारीगर रहे होंगे। अफसोस उनके बारे में आज कोई जानकारी नहीं।

चतुर्भुज मंदिर से राजाराम मंदिर की तरफ आए। यह मंदिर रानी गणेश कुंवरि के आग्रह पर बनवाया गया। कहानी प्रचलित है कि रानी अपने आराध्य देव भगवान राम को लेने अयोध्या गई। उनको लाने के लिए वहां तपस्या की। भगवान प्रकट नहीं हुए तो सरयू में कूद गईं। इस पर भगवान राम प्रकट हुए और रानी के साथ ओरछा चलने को राजी हुए लेकिन शर्तों के साथः रानी उनको अपने साथ ले चलेंगी, वे ओरछा के राजा होंगे, एक बार जहां उनको रख दिया गया वे वहीं स्थापित हो जाएंगे।

रानी ने अपने आराध्य की तीनों शर्तें मान लीं। उनको अयोध्या से ओरछा लाईं। तब तक मंदिर पूरा नहीं बना था तो प्रतिमा को अपने महल में रख लिया कि जब मंदिर बनेगा तो वहां स्थापना होगी। लेकिन बाद में कहते हैं कि मूर्ति इतनी भारी हो गई कि यहां से हटी नहीं। मजबूरन महल को ही मंदिर बनाना पड़ा।

रानी ने अपने आराध्य की दूसरी शर्त के अनुसार भगवान राम को ओरछा का राजा घोषित करवाया होगा। यह राम जी का अकेला मंदिर है जहां वे भगवान और राजा के रुप मे माने जाते हैं। भगवान के रूप में पूजा होती है। राजा के रूप में रोज सलामी जी जाती है।

मंदिर के प्रांगण में तमाम नवदंपति अपने परिजनों के साथ पूजा करने आए थे। यहां की परंपरा है नए दूल्हे-दुल्हन पूजा करते हैं। थापे लगाते हैं। इसके बाद उनका दांपत्य जीवन आरंभ होता होगा। शायद भगवान के राजा स्वरूप के कारण इस प्रथा की शुरुआत हुई हो। हमारे देखते-देखते एक नवयुगल अपने परिवार के साथ पूजा करने आया वहां। परिवार के लोग डांस भी कर रहे थे। सबसे ज्यादा उत्साह से दुल्हन डांस कर रही थी। सर पर मुकुट और उसके नीचे लंबा घूंघट। घूंघट के अंदर होने के कारण चेहरा नहीं दिख रहा था दुल्हन का लेकिन उसका उल्लास और उत्साह उसके डांस से प्रकट हो रहा था। मंदिर में प्रांगण में भजन मंडली ढोलक की थाप पर अल्हैत वाले अंदाज में भजन गा रही थी। दूल्हा-दुल्हन उसके सामने ही डांस कर रहे थे। मंदिर परिसर में फोटोबाजी मना थी फिर भी नवयुगल और उनके परिवारी जन को डांस करते देखकर और लोगों की देखादेखी कुछ फोटो वीडियो बना लिए।

मंदिर से निकलकर राजमहल देखने के लिए आगे बढ़े। सामने एक पुरानी इमारत दिखी। उसमें लिखा था -टकसाल भवन। 17 वीं शताब्दी का टकसाल भवन आज बुजुर्ग और जर्जर हाल में है। कभी यहां कड़ा पहरा रहता होगा। आज कोई जाता नहीं।

टकसाल भवन के सामने ही तमाम तरह के सामान की भी कुछ दुकानें थी। एक में सामने नीचे तसलों में अलग-अलग आकार की चिलमें रखीं थी। पता चला कि सीकर में बनती हैं ये चिलम। पास बैठे कुछ लोग अलग-अलग अंदाज में चिलमों को टटोलते हुए मोलतोल कर रहे थे।

आगे एक जगह बोर्ड लगा था -"धीमे वाहन चलाओ, जानवरों की जान बचाओ।" हेल्प डाग सेंटर की तरफ से लगाया गया यह बोर्ड जिस सड़क के बीच लगा था वह इतनी कम चौड़ी थी कि वहां तेज गाड़ी चलाने की गुंजाइश कम ही थी। लेकिन कम से कम इसे पढ़कर ही लोग जानवरों के बारे में कुछ दयालु हो सकें।

## आपका पत्र

### हे भारत

भाजपाइयों को रहीम, रसखान, अशफाक, जाफरानी याद क्यों नहीं,/ वीर अब्दुल हमीद, शहीद उस्मान / के राष्ट्रप्रेम की कहानी याद क्यों नहीं, प्रधानमंत्री मोदीजी को इतिहास के नामों में सिर्फ औरंगजेब ही याद क्यों हैं ? हे भारत, बतलाओ, उन्हें ज्ञान नहीं है या राष्ट्र को आधे अधूरे एकांगी तथ्यों को अतिरंजना के साथ प्रस्तुत कर कोई हिडेन एजेंडा तो नहीं लागू कर रहे? उन्हें प्रभु राम और कृष्ण पर लिखने वाले रहीम व रसखान क्यों याद नहीं आते ? उन्हें पंडित रामप्रसाद बिस्मिल और चंद्रशेखर आजाद के साथ मिल कर देशभक्ति अमर कहानी के महानायक अशफाक उल्ला खान याद क्यों आते ? जिसे नेताजी बोस ने आजाद हिंद फौज का और पंडित जवाहर लाल ने भारतीय सेना व पुलिस का अभिवादन बनाया , उस जय हिंद का नारा देने वाले आबिद हसन सफरानी याद क्यों नहीं आते ? भगत सिंह का मुकदमा लड़ने वाले आसफ अली याद क्यों नहीं आते ? शाहिद उस्मान और वीर अब्दुल हमीद याद क्यों नहीं आते?

कहीं जमूद तो कहीं सिर्फ इंतसार/ सा है/ जहां को अपनी तबाही का इंतजार सा है/ कोई तो सूद चुकाए कोई तो जिम्मा ले/ उस इंकलाब का जो आज भी उधार सा है

- **दीपक मिश्रा**, समाजवादी चिंतक,लखनऊ।

# वन जलाने वालों पर धामी सरकार सख्त

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार** : उत्तराखंड में वनाग्नि की घटनाओं को लेकर सरकार की सख्ती पिछले कुछ दिनों में काम आयी है। वन विभाग ने आग लगाने वालों के खिलाफ सैकड़ों अभियोग पंजीकृत किये हैं जबकि 39 लोगों को पकड़ा है।

पूरे प्रदेश में आग की अभी तक 653 घटनाएं प्रकाश में आयी हैं। इनमें लगभग 814 हेक्टेअर जगंल खाक हो चुका है। इसमें से 480 हेक्टेअर से अधिक जगंल अकेले कुमाऊं परिक्षेत्र में है।

खास बात यह है कि सरकार के सख्त रुख के बाद वन विभाग ने आग लगाने वालों के खिलाफ सख्ती से पेश आना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ दिनों में आग



● वनों में आग लगाने वालों के खिलाफ सख्ती, 39 पकड़े

लगाने वालों के खिलाफ 227 मामले दर्ज हुए हैं और 31 मामलों में 39 लोगों को पकड़ा गया है। अधिकांश मुकदमे अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किये गये हैं।

विभागीय सूत्रों के अनुसार आरोपियों का पता लगाया जा रहा है। यही नहीं आने वाले दिनों में और सख्ती की जाएगी। प्रदेश में इन सब के बावजूद आग की घटनाओं में कमी नहीं आयी है। पिछले चौबीस घंटे में प्रदेश में आग की 47 घटनायें प्रकाश में आयी हैं। इनमें से 30 घटनायें कुमाऊं और 16 गढ़वाल मंडल में हैं। एक घटना वन्य जीव रिजर्व में है।

वनाग्नि की घटनाओं में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सख्त तेवर दिखाये और गढ़वाल और कुमाऊं मंडल में उच्च अधिकारियों के साथ पृथक पृथक बैठक की। मुख्यमंत्री ने जगंलों में आग लगाने वालों के खिलाफ सख्ती से पेश आने के निर्देश दिये। साथ ही ग्रामीणों, नव युवक मंगल दलों के साथ महिला स्वयं सहायता समूहों के साथ सामंजस्य कायम करने को कहा था।

## मां ने दो बेटों के साथ कुएं में कूदकर जान दी

**चित्रकूट।** मानिकपुर थानांतर्गत ऊंचाडीह गांव के मजरे झलमल में मां ने सोमवार को अपने दो बेटों के साथ कुएं में छलांग लगाकर जान दे दी। मामले के पीछे गृह कलह की बात सामने आई है। पुलिस ने जांच शुरू की है। झलमल निवासी सबित लाल कोल की पत्नी अंजू (28) ने सोमवार सुबह लगभग 11 बजे अपने दो बेटों सुदीप (1) और सुधीर (3) को एक-एक कर कुएं में फेंका और फिर वह भी कूद गई। घटना के समय पति घर पर नहीं था। लौटने पर पत्नी-बच्चों को घर में न पाकर ढूंढने निकला तो किसी ग्रामीण ने बताया कि कुएं में तीनों के शव पड़े हैं।

# सुप्रीम सवाल, केजरीवाल पेश नहीं हुए... बयान कैसे होते

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बयान दर्ज कराने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी द्वारा बार-बार समन जारी किये जाने के बावजूद पेश नहीं होने पर सोमवार को सवाल उठाया।

न्यायालय ने कहा कि क्या वह अपने बयान दर्ज नहीं किये जाने के आधार पर, आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दे सकते हैं। मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किये जाने के बाद केजरीवाल न्यायिक हिरासत में हैं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने केजरीवाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से कई सवाल पूछे और कहा कि आम



● सुप्रीम कोर्ट ने कहा- गिरफ्तारी को चुनौती कैसे दे सकते हैं आप

आदमी पार्टी के नेता ने अधीनस्थ अदालत में जमानत याचिका दायर क्यों नहीं की।

पीठ ने कहा क्या आप यह कहकर अपनी ही बात का खंडन नहीं कर रहे हैं कि धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 50 के तहत उनके बयान दर्ज नहीं किए गए ? आप धारा 50 के तहत बयान दर्ज कराने के लिए समन जारी किये जाने पर उपस्थित नहीं होते हैं और फिर कहते हैं कि यह दर्ज नहीं किया गया। न्यायालय ने पूछा कि यदि केजरीवाल समन पर उपस्थित नहीं होते हैं तो जांच अधिकारी क्या करेंगे। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा यदि आप धारा 50 के तहत बयान दर्ज नहीं कराते हैं तो आप यह नहीं कह सकते कि उनके बयान दर्ज नहीं किये गए। सिंघवी ने कहा मेरा कहना है कि अन्य सामग्रियां भी मेरे अपराध को स्थापित नहीं करतीं। ईडी गिरफ्तार करने मेरे घर आई थी। तो फिर घर पर बयान क्यों नहीं दर्ज कर सकती?

### लंबे समय तक अनुपस्थित नहीं रह सकते सीएम

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बावजूद मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का फैसला निजी है, लेकिन इसका अभिप्राय यह नहीं है कि स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों के मौलिक अधिकारों को रौंद दिया जाए। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि केजरीवाल की अनुपस्थिति एमसीडी (दिल्ली नगर निगम) विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मुफ्त पाठ्यपुस्तकों, लेखन सामग्री और वर्दी के बिना पहला सत्र पूरा करने की अनुमति नहीं देती। अदालत ने कहा कि दिल्ली जैसी व्यस्त राजधानी ही नहीं किसी भी राज्य में मुख्यमंत्री का पद कोई औपचारिक पद नहीं है। उसने कहा कि यह एक ऐसा पद है जहां पदधारक को बाढ़, आग और बीमारी जैसी प्राकृतिक आपदा या संकट से निपटने के लिए सातों दिन 24 घंटे उपलब्ध रहना पड़ता है। कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति पी .एस .अरोड़ा की पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय हित और सार्वजनिक हित की मांग है कि इस पद पर रहने वाला कोई भी व्यक्ति लंबे समय तक या अनिश्चित समय के लिए संपर्क से दूर या अनुपस्थित न रहे।

# जेब से राशन नहीं दे रहे प्रधानमंत्री मोदी, बहकावे में न आएं : मायावती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : बसपा प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती पूरे दमखम से पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार में उतर आई हैं। सहसवान के गांव कंधरपुर में जनसभा में मायावती ने कहा कि कहा नरेंद्र मोदी अपने पास से राशन नहीं दे रहे हैं। झांसे में मत आना ।सोच समझकर वोट करना।

कांग्रेस पर तंज कसा कि वह अपनी गलत नीतियों की वजह से सत्ता से बाहर गई। अब भाजपा भी सत्ता में आसानी से नहीं लौट पाएगी।



● बसपा प्रमुख ने बदायूं में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

सपा भी कटाक्ष किए।

बदायूं, आंवला और संभल लोकसभा सीटों पर पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभा में मायावती ने कहा कि थोड़े से राशन के एवज में भाजपा और आरएसएस के लोग बोल रहे हैं कि मोदी जी ने फ्री में राशन दिया। आपको इसका कर्ज अदा करना है। उन्होंने कहा कि किसी के बहकावे में नहीं आना है। राशन मोदी जी की जेब से नहीं बल्कि लोगों के टैक्स से मिले रुपये से मिल रहा है। उन्होंने कांग्रेस को भी निशाने पर रखा। कहा कि कांग्रेस अपनी गलत नीति और कार्यप्रणाली की वजह से केंद्र के साथ कई प्रदेशों में सत्ता से बाहर हो गई। ऐसी ही स्थिति कांग्रेस की सहयोगी पार्टियों की है। इनकी सरकार में पिछड़े, दलित वर्ग और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की उपेक्षा की गई। भाजपा व उनके सहयोगी दल केंद्र और राज्यों में आए लेकिन इनकी भी नीतियां जातिवादी, संकीर्ण, पूंजीवादी, सांप्रदायिक हैं। इनकी कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। कहा कि भाजपा इस बार सत्ता में आसानी से आने वाली नहीं है। भाजपा की गलत नीतियों से देश की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ रहा है। गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई बढ़ रही है। भ्रष्टाचार खत्म नहीं हुआ है। सीमाएं सुरक्षित नहीं हैं। लोगों से आह्वान किया कि बहकावे में न आएं। सोच समझकर मतदान करें।

### हादसे में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री समेत पांच घायल

मुरादाबाद, अमृत विचार : मुरादाबाद-लखनऊ बाईपास पर गागन नदी के पुल के पास भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम की कार हादसे का शिकार हो गई। इसमें राष्ट्रीय महामंत्री समेत पांच लोग घायल हुए हैं। उन्हें टीएमयू में भर्ती कराया गया है। हादसा कुंदरकी थाना क्षेत्र में हुआ है। बताया जा रहा है कि सोमवार को दुष्यंत गौतम इनोवा कार में सवार होकर शाहजहांपुर से मुरादाबाद आ रहे थे। रात करीब 8 .45 बजे गागन नदी के पुल के पास पीछे से कार ने उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दुष्यंत गौतम की कार डिवाइडर पर चढ़कर विपरीत दिशा में पहुंचकर हाइवे पर लगे एंगिल में जा टकराई। कार की खिड़की खुल गई और दुष्यंत गौतम सड़क पर गिर गए थे। सड़क पर गिरने से भाजपा नेता की पीठ में चोट आई है। उन्हें टीएमयू अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने प्रारंभिक इलाज किया।

# जांच में सहयोग न करने वाले बैंक अधिकारियों पर जताई नाराजगी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने दिन- प्रतिदिन बढ़ रहे साइबर अपराधों और उनकी जांच में सहयोग न करने वाले बैंक अधिकारियों के ढुलमुल रवैये पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बैंक अधिकारियों से कानून का पालन करने वाले नागरिक होने की उम्मीद की जाती है जो पुलिस द्वारा की जा रही आपराधिक जांच में सहयोग करने के लिए अपने कानूनी दायित्व का पालन करें।

कोर्ट ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उन बैंक अधिकारियों के खिलाफ उचित आपराधिक कार्यवाही की जाए जो ऐसे मामलों में सहयोग नहीं करते हैं। पुलिस के पास साक्ष्य छिपाने या अपराध की जांच में बाधा डालने वाले अपराधियों



▸▸ जांच में सहयोग न करने वालों पर हाई कोर्ट ने दिए आपराधिक कार्रवाई के निर्देश

के खिलाफ कानून के अनुसार कार्यवाही करने का पूरा अधिकार है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अजय भनोट की पीठ ने आलोक झा द्वारा दायर दूसरी जमानत याचिका को स्वीकार कर उसे सशर्त जमानत देते हुए की। मौजूदा मामले में आरोपी के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं और आईटी अधिनियम की धारा 66 डी के तहत पुलिस स्टेशन -पिलखुवा, हापुड़ में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। बहस के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि बैंक अधिकारियों के कथित असहयोग के कारण जांच एजेंसी अपना काम ठीक ढंग से नहीं कर पा रही है। बैंक अधिकारी महत्वपूर्ण साक्ष्य को छिपा रहे हैं, जिससे न्यायिक प्रक्रिया सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है। इस पर कोर्ट ने कहा कि साइबर अपराध का खतरा समय के साथ भयानक रूप ले रहा है। ऐसे में पुलिस और बैंक अधिकारियों का ढीला रवैया संपूर्ण आपराधिक जांच के ढांचे को कमजोर बनाता है। कोर्ट ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए निचली अदालत को भी संबंधित बैंक अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है जो पुलिस जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

# इंटर्नशिप कटऑफ विस्तारित करने की याचिका खारिज

● उच्चतम न्यायालय ने सुनाया महत्वपूर्ण फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने इस साल 23 जून को प्रस्तावित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पीजी में बैठने वाले अभ्यर्थियों के लिए इंटर्नशिप कटऑफ विस्तारित करने संबंधी याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कुछ समय तक दलीलें सुनने के बाद कहा कि इस पर विचार नहीं किया जा सकता। सीजेआई ने कहा कि मेरा मतलब है कि जब कोई कटऑफ होता है तो लोग एक विशेष रेखा के पक्ष में जाने के लिए बाध्य होते हैं।

### यूजीसी नेट की परीक्षा होगी 18 जून को

**नई दिल्ली।** यूजीसी ने नेट की परीक्षा 16 जून के स्थान पर अब 18 जून 2024 को किये जाने की घोषणा की है। परीक्षा की तिथि को 18 जून को इसलिए किया गया है क्योंकि यूजीसी नेट और सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तिथि 16 जून को पड़ गयी थी। यूजीसी के अध्यक्ष एम जगदीश ने कहा अभ्यर्थियों से जानकारी प्राप्त होने के बाद आयोग ने तारीख बढ़ाने का फैसला किया।

# इसरो ने चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण में की थी चार सेकंड की देरी

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक रिपोर्ट में कहा है कि अंतरिक्ष मलबे के एक टुकड़े से बचने के लिए चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण चार सेकंड की देरी से किया गया था।

भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग से इतिहास रच दिया था और इस क्षेत्र में अपना यान उतारने वाला वह दुनिया का पहला देश बन गया था। वर्ष 2023 के लिए इंडियन सिचुएशनल स्पेस अवेयरनेस रिपोर्ट (आईएसएसएआर) के अनुसार, चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण टक्कर संबंधी



● मलबे के टुकड़े से बचने के लिए उठाया था कदम

आकलन के आधार पर चार सेकंड की देरी से किया गया था। इसरो ने कहा कि यह देरी अंतरिक्ष मलबे से बचने के लिए आवश्यक थी। लैंडर मॉड्यूल विक्रम और रोवर प्रज्ञान के साथ भारत का चंद्रयान-3 मिशन पिछले साल 14 जुलाई को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया था। इसने 23 अगस्त, 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में सुरक्षित साफ्ट लैंडिंग की थी और इसके साथ ही भारत चांद के इस क्षेत्र में साफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया था। प्रक्षेपण में चार सेकंड की देरी ने चंद्रमा की यात्रा पर गए अंतरिक्ष यान के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित किया था जिसमें किसी अंतरिक्ष मलबे से टकराव का जोखिम नहीं था।


## कानूनी पृष्ठभूमि वाले राज्यसभा सांसदों पर उपराष्ट्रपति धनखड़ ने की टिप्पणी

# कानून बनाने में योगदान नहीं दे रहे सदस्य

नयी दिल्ली, एजेंसी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि कानूनी पृष्ठभूमि वाले कुछ राज्यसभा सदस्य अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों से बच रहे हैं और कानून बनाने में योगदान नहीं दे रहे हैं।

राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने कहा कि वह संसद के उच्च सदन में ऐसे सदस्यों को कम से कम सोमवार और शुक्रवार को दिन के शुरुआती हिस्से में कभी नहीं देखते।



● उपराष्ट्रपति ने सांसदों की भूमिका पर महत्वपूर्ण बात कही

उल्लेखनीय है कि जब संसद सत्र चल रहा होता है तो लोकसभा और राज्यसभा पूर्वाह्न 11 बजे से काम करना शुरू कर देती हैं। उच्चतम न्यायालय में सोमवार और शुक्रवार के दिन विविध दिन के रूप में निर्धारित हैं जब नए मामलों सहित विभिन्न मामले सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किए जाते हैं। धनखड़ ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि राज्यसभा को सदस्यों के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता उपहार में मिले हैं। मैं चाहता हूं कि वे कानून बनाने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता पी. चिदंबरम, कपिल सिब्बल, केटीएस तुलसी, अभिषेक सिंघवी, विवेक तन्खा सदन में सदस्य हैं। धनखड़ ने कहा कि काश उन्होंने उच्च सदन की कार्यवाही में भाग लेने के लिए समय निकाला होता। काश उन्होंने अपने संवैधानिक कर्तव्य का निर्वहन किया होता। उपराष्ट्रपति ने कहा कि कानूनी विशेषज्ञों की भागीदारी में कमी है जो अपने संवैधानिक नियमों से भाग रहे हैं और अपने सार्वजनिक कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं। उन्होंने यह बात हाल ही में संसद द्वारा लागू किए गए भारतीय न्याय संहिता अधिनियम, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता अधिनियम और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का जिक्र करते हुए कही।

### अन्नामलाई के खिलाफ घृणा भाषण में सुनवाई पर रोक बढ़ी

नई दिल्ली : न्यायालय ने अक्टूबर 2022 में यूट्यूब चैनल पर साक्षात्कार में ईसाइयों के खिलाफ नफरती भाषण देने के आरोप में भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई के विरुद्ध दर्ज मामले की सुनवाई पर लगाई रोक सोमवार को बढ़ा दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने शिकायतकर्ता को छह सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा। पीठ ने कहा कि अंतरिम आदेश जारी रहेगा। नौ सितंबर से शुरू हो रहे सप्ताह में मामले को पुनः सूचीबद्ध करें।

## वर्ग पहेली-55

**बाएं से दाएं**

2. 1. चमड़े का काम करने वाला 2. जूते सीलने तथा बनाने वाला कारीगर।

5. 1. लेख आदि की प्रतिलिपि करने वाला व्यक्ति 2. लिखने वाला, लेखक 3. मुंशी, मुहर्रिर 4. लीथो प्रेस पर छपने के लिए एक विशेष कागज़ पर विशेष स्याही से लिखने का काम करने वाला व्यक्ति।

7. 1. हिसाब-किताब लिखने वाला कर्मचारी 2. खजांची।

8. 1. सीढ़ी 2. देहरी, चौखट, दहलीज़।

9. दम घोंटने वाला, सांस फुला देने वाला।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. घूंसा, मुष्टिकाप्रहार 2. वह प्रहार या चोट जिसके पड़ने से 'धम' शब्द हो; घमका।

3. एक औषधीय वनस्पति, यष्टिमधु, मुलेठी।

4. भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना करने वाला एक शासक

6. तीन पहिए या चक्केवाला।

7. 1. अनुचर, हमेशा साथ-साथ रहने वाला 2. सेवक, नौकर, सेवा में रहने वाला 3. कर्मचारी।





## वर्ग पहेली -54 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ख | नि | 2 ज | ते | ल | |
| | | | मा | | | |
| | 3 तु | 4 क | मा | | 5 लि | |
| 6 हं | | 7 सा | र | भा | टा | |
| भा | | व | | | 8 ना | की |
| | 9 ठा | ट | बा | ट | | |

## सुडोकू -134

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 4 | 8 | | | | |
| 1 | | | | 3 | | | 5 | 8 |
| 6 | | | | 2 | | 4 | | |
| | | 7 | | 6 | | | | |
| 4 | | | 2 | | 9 | | | |
| | | | | 4 | | 8 | | |
| | | 3 | | 9 | | | | |
| 9 | 5 | | | | | | | |
| | | 6 | 7 | 5 | 4 | | | |

## सुडोकू -133 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 1 | 2 | 9 | 5 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 2 | 5 | 1 | 6 | 8 | 4 | 9 | 3 | 7 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 |
| 9 | 7 | 6 | 3 | 1 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 4 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 2 |
| 1 | 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 |
| 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 07 .05 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 1 मई 04 .09 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** — आज विवाहित लोगों को अपने लिए कुछ नया करने का विचार मन में आएगा तथा आपका पार्टनर उसमे भरपूर साथ देगा जो आपको आनंदित करेगा। दोनों के बीच आपसी स्नेह में बढ़ोत्तरी होगी। भाई या बहन के साथ संबंध मजबूत बनाए रखें क्योंकि वे आपके बहुत काम आएंगे।

**वृष** — आज अपने प्रतिद्वंद्वियों पर नजर बनाकर रखें क्योंकि वे आपका नुकसान कर सकते हैं। व्यापार में आपके पास ऐसे समझौते आएंगे जो दिखने में तो आकर्षित होंगे लेकिन यह आपके लिए अनुचित सिद्ध हो सकते हैं।

**मिथुन** — आज नौकरी कर रहे लोगों का मन अपने काम से उब सकता है तथा वे अपने लिए नई नौकरी की तलाश कर सकते हैं। आज के दिन अपने विरोधियों से बचकर रहे। आपको अपने मित्रों की ओर से कुछ अच्छा अवसर भी मिल सकता है।

**कर्क** — आज आपको कुछ ऐसे अवसर मिलेंगे जो व्यापार को बढ़ावा दे सकते हैं। आपके मित्र भी आपका सहयोग करेंगे लेकिन आप किसी चीज़ को लेकर संशय में रहेंगे। भूमि संबंधी निवेश में लाभ मिलेगा। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे।

**सिंह** — आज आपके मृदु स्वभाव के कारण घर में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी तथा सभी के मन में आपके प्रति सम्मान और बढ़ेगा। ऐसे में आपको अपने मित्रों का सहयोग भी मिलेगा जिससे रिश्तों में मजबूती आएगी। मन में काम को लेकर उत्साह रहेगा।

**कन्या** — आज उच्च शिक्षा की पढ़ाई कर रहे छात्रों को सकारात्मक परिणाम मिलेंगे तथा आपके सहपाठी भी आपसे प्रसन्न होंगे। परिवार में आपकी शिक्षा को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा भी हो सकती है जिससे आपका मन आशंकित रहने की भी संभावना है।

**तुला** — आज प्रेम जीवन के लिए दिन उत्तम है। विवाहित लोगों का अपने जीवनसाथी के प्रति कुछ यादगार अनुभव रहने की संभावना है जिससे आप दोनों के बीच आपसी संबंध मजबूत होंगे। आप किसी काम में अटक सकते हैं। ऐसे में सीनियर का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** — आज स्कूल के छात्र अपना समय रचनात्मक कार्यों में देंगे जिसमें उन्हें आनंद की अनुभूति होगी। किसी भी कार्य को शुरू करते समय आप संशय में रहेंगे लेकिन अंत में उसमें सफलता मिलेगी। मन किसी बात को लेकर बेचैन रहेगा और अशांति का अनुभव करेंगे।

**धनु** — आज इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे लोगों को किसी का सहयोग मिल सकता है जिससे उनका मार्ग प्रशस्त होगा तथा भविष्य के लिए उचित मार्गदर्शन मिलेगा। आज का दिन आप दोनों के लिए यादगार रहने की उम्मीद है।

**मकर** — आज नौकरी कर रहे लोगों को अपने काम से संतुष्टि मिलेगी तथा ऑफिस में उनके काम की प्रशंसा होगी। सहकर्मी आपके काम से प्रसन्न होंगे तथा आपके साथ मिलकर कुछ नया प्लान भी करेंगे। आज के दिन अपने विरोधियों से बचकर रहे।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए शुभ संकेत लेकर आ रहा है तथा आपका अपने परिवार वालों के साथ संबंध और मधुर बनेगा। घर में कोई नई खुशी आ सकती है जिसमे सभी सम्मिलित होंगे। किसी प्रोजेक्ट पर काम कर रहे तो उसमे असफलता मिलेगी।

**मीन** — आज श्वास की बीमारी से जुड़े रोगी अपना विशेष ध्यान रखें तथा प्रदुषण वाले क्षेत्रों से दूरी बनाकर रखें। अस्थमा के रोगियों को यदि कहीं बाहर जाना है तो हमेशा अपने साथ इनहेलर रखें। पारिवारिक जीवन काफी सन्तोषप्रद रहेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES — स्वीकार किया मैने, सुबह : 08 .26; यमला पगला दीवाना, शाम : 05 .52

SONY MAX — अशिकी, सुबह : 11.00; हिट द फर्स्ट केस, रात : 09 .00

SONY PIX — रेडी प्लेयर वन, दोपहर : 12 .48; क्लैश ऑफ़ द टाइटन्स, शाम : 06 .58

ZEE CINEMA — प्रेम, सुबह : 11 .40; तमाशा, शाम : 06 .00

colors CINEPLEX — चिराग, सुबह : 09 .23; अग्निपथ, रात : 09 .33

### आज की सुपरहिट फिल्म





जी सिनेमा पर शाम :06 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति – जज साहब मुझे अपनी बीवी से तलाक चाहिए।
जज– पर क्यों ?
पति–जज साहब, जब से मेरी बीवी आई है तब से मुझसे कुछ भी बात नहीं करती है।
जज– एक बार फिर सोच ले, ऐसी बीवी सिर्फ किस्मत वालों को ही नसीब होती है।

सोनू गर्लफ्रेंड से– तुम चाइनीज जैसी क्यों दिखती हो ?
गर्लफ्रेंड– मेरे पापा चीन के थे।
सोनू– तुमने कभी मिलवाया नहीं ?
गर्लफ्रेंड– वो अब इस दुनिया में नहीं हैं।
सोनू– हां, चाइनीज माल ज्यादा दिन तक टिकता भी कहां है...



# उप चुनाव का परिणाम दोहराने को बेताब है सपा

## गोरखपुर लोकसभा सीट 10 बार गोरक्षपीठ के कब्जे में रही

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां से पांच बार रह चुके हैं सांसद

## 2018 का उप चुनाव जीत चुकी है समाजवादी पार्टी

इंद्रभूषण दुबे, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोरखपुर पूर्वांचल ही नहीं बल्कि देश में अपनी अलग पहचान रखता है। चाहे देश की राजनीति का मामला हो या अयोध्या राम मंदिर आंदोलन का। महंत अवेद्यनाथ ने राममंदिर आंदोलन की अगुवाई गोरक्षपीठ (गोरखनाथ मंदिर) से ही की थी। कांग्रेस और भाजपा की सरकार में इस सीट के सांसद की अपनी अलग धमक रही है। लोकसभा सीट पर पिछले 19 चुनाव में 10 बार गोरक्षपीठ के कब्जे में रही।

वहीं, योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद इस सीट के परिणाम पर देश-विदेश की निगाहें लगी हैं। हालांकि उपचुनाव 2018 में सपा के प्रवीण निषाद ने भाजपा के उपेंद्र दत्त शुक्ला को करीब 26 हजार मतों से हरा दिया। पर, इस जीत को सपा 2019 में कायम न रख सकी। भाजपा ने भोजपुरी कलाकार रवि किशन शुक्ला को प्रत्याशी बनाया। करीब तीन लाख मत से धमाकेदार तरीके से भाजपा ने सीट वापस हासिल कर ली। उपचुनाव का परिणाम दोहराने के लिए इस बार भी इंडिया गठबंधन (समाजवादी पार्टी) ने टीवी कलाकार काजल निषाद को उम्मीदवार बनाते हुए 2018 उपचुनाव के परिणाम को दोहराने को बेताब है तो वहीं, भाजपा ने वर्तमान सांसद रविकिशन को ही प्रत्याशी बनाया है।

2019 के संसदीय चुनाव में गोरखपुर से भाजपा ने रवि किशन शुक्ला को मैदान में उतारा था। इस चुनाव में बसपा और सपा गठबंधन के तहत सपा ने राम निषाद को टिकट दिया था। रवि किशन ने 7,17,122 वोट हासिल किए तो राम निषाद को 4,15,458 वोट मिले, तीसरे नंबर पर रहने वाली कांग्रेस को महज 22,972 वोट ही मिले थे। रवि किशन ने 3,01,664 मतों के अंतर से जीत हासिल की थी। जानकार कहते हैं के इस बार का चुनाव भी रोचक हो सकता है।



### सबसे अधिक निषाद वोटर

जातीय समीकरण की बात करें तो यहां पर पिछड़ा वर्ग के वोटरों का दबदबा है। गोरखपुर लोकसभा सीट पर सबसे अधिक निषाद जाति के वोटर हैं। यहां पर चार लाख वोटर निषाद समाज से आते हैं जबकि यादव और दलितों की संख्या भी दो-दो लाख है। गोरखपुर लोकसभा सीट पर डेढ़ लाख मुस्लिम वोटर भी हैं। इसके अलावा करीब 3 लाख ब्राह्मण और ठाकुर वोट हैं। भूमिहार और वैश्य वोटरों की संख्या भी करीब डेढ़ लाख है।

### भाजपा का है कब्जा

गोरखपुर सदर लोकसभा क्षेत्र में कुल पांच विधानसभा है, जिसमें गोरखपुर शहर, गोरखपुर ग्रामीण, सहजनवा, पिपराइच और कैंपियरगंज गोरखपुर आती है। सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा है। गोरखपुर शहरी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कैम्पियरगंज से फतेह बहादुर सिंह, पिपराइचसे महेंद्र पाल सिंह, गोरखपुर ग्रामीण से बिपिन सिंह और सहजनवा से प्रदीप शुक्ला विधायक हैं


रवि किशन


काजल निषाद


जावेद सिमनानी

### भाजपा ने रवि किशन पर फिर लगाया दांव

भाजपा ने एक बार फिर मौजूदा सांसद रवि किशन शुक्ला पर दांव लगाया है, रवि किशन राजनीति के साथ-साथ हिंदी और भोजपुरी फिल्मों में भी काफी सक्रिय हैं। 2019 में भाजपा से चुनाव लड़ने से पहले जौनपुर से 2009 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। जहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

### 2018 में भाजपा को लगा था झटका

इससे पहले 2018 में गोरखपुर सीट पर कराए गए उपचुनाव में भाजपा को जोर का झटका लगा था, क्योंकि यह सीट योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने की वजह से खाली हुई थी। उपचुनाव में सपा के प्रत्याशी प्रवीण कुमार निषाद ने भाजपा के उम्मीदवार उपेंद्र दत्त शुक्ला को 21,801 मतों के अंतर से हरा दिया था। जबकि 2014 के चुनाव में योगी आदित्यनाथ ने बीजेपी के टिकट पर गोरखपुर सीट से जीत हासिल की थी। तब योगी आदित्यनाथ को 3,12,783 मतों के अंतर से बड़ी जीत मिली थी।

### भाजपा ने आठ बार जीता है लोक सभा चुनाव

आजादी के बाद अब तक इस सीट पर कुल 19 बार चुनाव हो चुके हैं। 10 बार प्रत्यक्ष रूप से गोरक्षपीठ के कब्जे में रही। पहली बार गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ ने 1967 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज की। 1970 में उनके शिष्य महंत अवेद्यनाथ ने जीत दर्ज की। इसके बाद महंत अवेद्यनाथ ने 19 साल बाद हिंदू महासभा से इस सीट पर जीत दर्ज की तो यह सिलसिला 2014 तक जारी रहा। उनके बाद 1998 में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सीट पर जीत दर्ज की। हालांकि 22 साल बाद यह सीट योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद हुए उपचुनाव में पीठ के हाथ से निकल गई। सपा के प्रवीण निषाद ने भाजपा प्रत्याशी उपेंद्र शुक्ला को हरा दिया। अब तक 6 बार कांग्रेस, दो बार निर्दलीय, एक बार हिंदू महासभा, एक बार जनता पार्टी, भाजपा ने 8 और एक बार सपा ने जीत दर्ज की है।

### इंडी गठबंधन ने काजल को बनाया प्रत्याशी

इंडी गठबंधन की सपा प्रत्याशी व टीवी कलाकार काजल निषाद के राजनीतिक सफर की बात करें तो वह वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा तो 2022 में सपा के ही टिकट पर कैंपियरगंज से चुनाव लड़ चुकी है। पार्टी ने उन्हें पिछले साल हुए नगर निकाय के चुनाव में महापौर पद का भी प्रत्याशी बनाया था, मगर उन्हें वहां भी हार का सामना करना पड़ा। अभी हाल ही में उन्हें हार्ट अटैक आया था, जिसका उपचार चल रह है, फिलहाल इनके चुनाव लड़ने को लेकर असामंजस्य की स्थिति है।


### बसपा ने जावेद पर जताया भरोसा


बसपा सुप्रीमो मायावती ने छात्र राजनीति से बसपा का झंडा लेकर चलने वाले जावेद सिमनानी पर भरोसा जताया है।गोरखपुर के नखास चौक के रहने वाले प्रिंटिंग प्रेस व्यवसाय से जुड़े जावेद सिमनानी का पूरा परिवार बसपा से जुड़ा है। 45 वर्षीय जावेद सिमनानी 25 वर्षों से वे बसपा में हैं।

### गोरखपुर का तीन बार हुआ विभाजन

गोरखपुर का इतिहास बहुत पुराना है। गोरखपुर जिले को आर्य संस्कृति और सभ्यता का एक अहम केंद्र माना जाता रहा है। ब्रिटिश राज में साल 1865 में, गोरखपुर जिले से अलग करते हुए बस्ती को नया जिला बनाया गया। आजादी से पहले साल 1946 में एक बार फिर गोरखपुर का विभाजन किया गया और प्रदेश के नक्शे पर देवरिया के रूप में नया जिला बनकर आया। 1989 में गोरखपुर का तीसरी बार विभाजन किया गया और इस बार महराजगंज नया जिला बना। गोरखपुर को गोरखनाथ मंदिर और गीताप्रेस की वजह से भी दुनियाभर में विशेष पहचान है। इस सीट पर गोरखनाथ मंदिर का खासा प्रभाव माना जाता है। महंत दिग्विजय नाथ के बाद महंत अवैधनाथ चार बार सांसद चुने गए फिर योगी आदित्यनाथ पांच बार सांसद चुने गए।

### गोरखपुर: 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| रवि किशन शुक्ला | 7,17,122 |
| रामभुआल निषाद | 4,15,458 |
| मधुसूदन त्रिपाठी | 22,972 |

### उप चुनाव : 2018 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| सपा | प्रवीण कुमार निषाद | 4,56,589 |
| भाजपा | उपेन्द्र दत्त शुक्ल | 4,34,788 |
| कांग्रेस | डॉ. सुरहीता करीम | 18,872 |





### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | सिंहासन सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | महादेव प्रसाद | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | सिंहासन सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 व 70 | महंत दिग्विजय/ अवेद्यनाथ | निर्दल |
| 1971 | नरसिंह नारायण पांडे | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | हरिकेश बहादुर | जनता पार्टी |
| 1980 | हरिकेश बहादुर | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | मदन पांडे | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | महंत अवेद्यनाथ | हिंदू महासभा |
| 1991 व 96 | महंत अवेद्यनाथ | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996,98,99,04,09 | योगी आदित्यनाथ | भारतीय जनता पार्टी |

| 2014 नोटा | 2018 नोटा | 2019 नोटा |
|---|---|---|
| 8,153 | 8,331 | 7,688 |

### 2014 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | योगी आदित्यनाथ | 5,39,127 |
| सपा | राजमती निषाद | 2,26,344 |
| बसपा | राम भुवाल निषाद | 1,76,412 |
| कांग्रेस | अष्टभुजा प्रसाद त्रिपाठी | 45,719 |




### 2024 - मतदाताओं की संख्या

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 20,74,745 |
| पुरुष | 11,12,023 |
| महिला | 9,62,531 |
| अन्य | 191 |

---

### इलेक्शन बायस्कोप



मौका विजय के लिए उत्साह भरने का हो तो वहां महिलाओं की मौजूदगी शुभ संदेश की तरह होती हैं। सोमवार को हजरतगंज में रक्षामंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के नामांकन के दौरान चिलचिलाती धूप और गर्मी में भी भाजपा समर्थित महिलाएं मुस्कुराते हुए कमल का फूल लेकर रोड-शो के स्वागत में मुस्तैद दिखीं। अमृत विचार

### चौथे चरण की सीटों पर 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

अमृत विचार, लखनऊ। प्रदेश में चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों पर 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। सोमवार को आठ प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया। इनमें ज्यादातर निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं, जबकि ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इस सीट पर किसी प्रत्याशी ने नामांकन वापस नहीं लिया।मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीटों में धौरहरा, मिश्रिख, फर्रूखाबाद, अकबरपुर, इटावा व हरदोई में एक-एक प्रत्याशी ने नाम वापस लिया, जबकि कन्नौज में दो प्रत्याशियों ने नाम वापस लिया। उन्होंने बताया कि इस चरण के लिए 13 मई को मतदान होगा।

### उज्जवल रमण समेत चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊः** छठे चरण में 14 लोकसभा सीटों के लिए सोमवार को चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें इलाहाबाद से कांग्रेस से उज्जवल रमण सिंह समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इलाहाबाद लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस से उज्ज्वल रमण सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। आजमगढ़ सीट के लिए जन राज्य पार्टी से पारस यादव ने नामांकन किया। जौनपुर लोकसभा सीट के लिए भाजपा से कृपा शंकर सिंह व मछलीशहर (अजा) सीट के लिए भाजपा से भोला नाथ सरोज (बीपी सरोज) ने नामांकन पत्र दाखिल किया। बाकी लोकसभा सीटों व गैंसड़ी विधानसभा चुनाव के लिए किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया।

# क्षत्रियों को लेकर धनंजय को क्यों घेर रहे अभय

## सबसे बड़ा डॉन बताते हुए क्षत्रियों की उपेक्षा करने का भी लगाया आरोप

## भाजपा एवं बसपा प्रत्याशी के बीच वोट न बटे, इसलिए शुरू हुई राजनीति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : विधायक अभय सिंह और पूर्व सांसद धनंजय सिंह के बीच लंबे समय से वर्चस्व की खबरें आती रही हैं। एक दूसरे के गुटों में झड़पों को लेकर भी सूचनाएं आती रही हैं। लेकिन इस बार यह वर्चस्व व्यक्तिगत न होकर राजनीतिक हो चुका है। धनंजय सिंह को जमानत मिलने के बाद उनकी पत्नी एवं बसपा प्रत्याशी श्रीकला रेड्डी को काफी बल मिला। सूचना यहां तक है कि क्षत्रियों में बड़ी संख्या में लोग धनंजय सिंह की वजह से मजबूती के साथ बसपा प्रत्याशी के साथ खड़ा हो गया है।

राजनीतिक विश्लेषकों की माने तो अभय सिंह इसीलिए लगातार धनंजय सिंह को ओबीसी और खासकर यादवों का हितैशी बताते हुए उन्हें क्षत्रिय विरोधी बता रहे हैं। अब इसका कितना असर होगा यह चुनावी नतीजे बताएंगे।


अभय सिंह


धनंजय सिंह

गौरतलब हो कि जौनपुर से भाजपा ने कृपाशंकर सिंह को टिकट दिया है। कृपाशंकर सिंह ने अपना नामांकन भी करा लिया है और जोर-शोर से प्रचार में जुट गए हैं। इसी बीच बसपा ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी को टिकट दे दिया। इस सीट पर क्षत्रिय वोटरों की संख्या काफी है, इसलिए अब भाजपा को क्षत्रियों का वोट बंटने का डर सताने लगा है। धनंजय सिंह को जमानत मिलने के बाद क्षत्रियों की गोलबंदी बसपा की तरफ अधिक प्रतीत हो रही है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है अभय सिंह इसीलिए

● **धनंजय की पत्नी श्रीकला हैं चुनावी मैदान में**

धनंजय सिंह को क्षत्रिय विरोधी बता रहे हैं। वायरल हो रहे साक्षात्कार में अभय सिंह, धनंजय को डॉन कहने के साथ-साथ एक ही तरह का आरोप लगा रहे हैं। समस्त आरोप क्षत्रियों के इर्दगिर्द घूमता नजर आ रहा है। उन्होंने बयान दिया कि धनंजय सिंह ने हमेशा यादवों और ओबीसी जातियों को आगे बढ़ाया है, ठाकुरों को आगे बढ़ने ही नहीं दिया।

इस बयान को लेकर चुनावी विश्लेषक जौनपुर चुनाव से जोड़ रहे हैं। उनका कहना है कि इस साक्षात्कार के माध्यम से अभय सिंह बसपा प्रत्याशी के पक्ष में क्षत्रियों की लामबंदी रोकने का प्रयास कर रहे हैं।

### अपनी ढपली अपना राग



राहुल बाबा और अखिलेश बाबा विदेशों में पढ़कर आये हैं, इसलिए दोनों को देश के बारे में कम समझ है। - पुष्कर सिंह धामी



राशन, किसी की जेब से नहीं मिलता, इसलिए जब भाजपा और आरएसएस के लोग आएं और नमक का कर्ज याद दिलाएं बहकावे में न आएं। - मायावती



भाजपा के गारंटी की घंटी व 400 का झुनझुना अब गायब हो गया है। बीजेपी पुलिस में भी 3 साल के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। -अखिलेश यादव



राजनाथ सिंह एक तपस्वी नेता हैं, उन्होंने हमेशा दलितों-वंचितों, पिछड़े वर्गों पर ध्यान दिया है। लखनऊ के लोग एकतरफा उनका चुनाव करते हैं। - स्वतंत्र देव सिंह

# कैडर और ब्राह्मण वोट पर चोट करने को तैयार बसपा

अरुण कुमार मिश्र,गोंडा

**अमृत विचार:** चुनावी रंगोली में खाली जगह भरने को बसपा के संभावित दावेदार मैदान में कूद गए हैं। बीते दो माह से चल रहे कयास को हकीकत में बदलने को लेकर बसपा के नेशनल कोआर्डिनेर आकाश आनंद के संदेश पर गोंडा और कैसरगंज के दो ब्राह्मण चेहरे मैदान में उतरने को आतुर हैं। इसमें कैसरगंज से नरेंद्र पांडेय तो गोंडा से सौरभ मिश्र ने सोमवार को बसपा का संभावित उम्मीदवार बताकर पर्चा ले लिया है। दोनों ब्राह्मण चेहरे के साथ ही श्रावस्ती से मुस्लिम चेहरा तथा बहराइच सुरक्षित सीट से पढ़े लिखे संस्कृत के विद्वान प्रोफेसर बृजेश सोनकर पर बसपा दांव लगा सकती है। खासकर गोंडा और कैसरगंज में कैडर के साथ ब्राह्मण वोट पर चोट करने को बसपा तैयार दिख रही है।

गोंडा लोकसभा सीट से भाजपा ने पहले ही सांसद कीर्तिवर्धन सिंह पर दांव लगाया है। वह तीसरी बार भाजपा के टिकट पर मैदान में हैं, जबकि समाजवादी पार्टी से श्रेया वर्मा मैदान में हैं। इंडिया गठबंधन में होने के नाते कांग्रेस सपा उम्मीदवार का समर्थन कर रही है, जबकि बसपा किसी भी गठबंधन में नहीं है। मनकापुर क्षेत्र के ही अवध शरन मिश्र जो भाजपा सांसद के कभी खास रहे और उनके प्रबंधकीय इंटर कालेज में प्रधानाचार्य रहे। लेकिन अवध शरन मिश्र को कालेज से हटवा कर उनका स्थानांतरण करवा दिया गया।

इसके विरोध में अवध शरन मिश्र ने कुंवर आनंद सिंह व उनके बेटे कीर्तिवर्धन सिंह के खिलाफ बिगुल फूंक दिया था। उनके खिलाफ पूरे जिले में पर्चे तक बंटवाए थे। विरोध स्वरूप अवध शरन मिश्र के बेटे सौरभ मिश्र बसपा में शामिल हो गए और अब संभावित उम्मीदवार के रूप में सोमवार को पर्चा भी ले लिया है। इसी तरह कैसरगंज से पयागपुर के मल निवासी नरेंद्र पांडेय जो आकाश आनंद के करीबी बताए जा रहे हैं और मौजूदा समय लखनऊ में रहते हैं। उन्होंने भी बसपा से ताल ठोकने को तैयार दिख रहे हैं। इसी तरह भिनगा से 2022 में बसपा से विधानसभा चुनाव लड़ चुके दद्दन खां ने भी बसपा से पर्चा खरीद लिया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में दद्दन खां भले ही तीसरे स्थान पर रहे परंतु इस बार वह लोकसभा में अपना भाग्य आजमाने को तैयार हैं। बहराइच सुरक्षित सीट से भाजपा ने सांसद अक्षैबर लाल गौड़ के पुत्र आनंद गौड़ को मैदान में उतारा है, जबकि सपा ने रमेश गौतम को मैदान में उतारा है। बसपा ने अभी कोई अधिकृत सूची जारी नहीं की है लेकिन लखनऊ विश्वविद्यालय में संस्कृत के प्रोफेसर बृजेश सोनकर पर दांव लगाने पर मंथन कर रही है। माना जा रहा है कि एक दो दिनों में बसपा भी अपना पत्ता खोल सकती है। इसलिए सभी संभावित दावेदारों ने पर्चे खरीद लिए हैं और लड़ने को तैयार हैं। गोंडा और कैसरगंज में बसपा का कैडर वोट और ब्राह्मण वोट पर संगठन की नजर है। गोंडा और कैसरगंज से इन संभावितों के राजनीतिक सफर भले ही न के बराबर है परंतु बसपा के कैडर वोट और ब्राह्मण वोट पर नजर अवश्य है।




### देवीपाटन मंडल की चार सीटों पर 2009 से 2019 तक बसपा के वोट

| लोकसभा | वर्ष | उम्मीदवार | मिले वोट |
|---|---|---|---|
| बहराइच(सु) | 2009 | लालमनि प्रसाद | 1,21,052 |
| | 2014 | डॉ. विजय कुमार | 98,883 |
| कैसरगंज | 2009 | सुरेंद्र नाथ अवस्थी | 1,23,864 |
| | 2014 | कृष्ण कुमार ओझा | 1,46,542 |
| | 2019 | चंद्रदेव राम यादव | 3,19,418 |
| श्रावस्ती | 2009 | रिजवान जहीर | 1,59,527 |
| | 2014 | लालजी वर्मा | 1,94,827 |
| | 2019 | राम शिरोमणि वर्मा | 4,41,505 |
| गोंडा | 2009 | कीर्तिवर्धन सिंह | 1,31,995 |
| | 2014 | अकबर अहमद डंपी | 1,16,051 |

नोट : 2019 में सपा और बसपा के बीच गठबंधन था। गोंडा और बहराइच में सपा और कैसरगंज व श्रावस्ती से बसपा के उम्मीदवार लड़े थे। इसमें सपा को जीत तो नहीं मिली परंतु दो में एक पर बसपा को जीत मिली थी।

### 2009 में सपा और भाजपा का बिगड़ गया था गणित

बसपा ने 2009 के चुनाव में भाजपा और सपा दोनों का गणित बिगाड़ दिया था। कैसरगंज सीट को छोड़कर मंडल की तीन सीटों पर बसपा तो जीत नहीं पाई लेकिन उसे इतने वोट जरूर मिले जिससे भाजपा व सपा दोनों को हार का मुहं देखना पड़ा और कांग्रेस जीवंत हो उठी और तीन सीटों पर कांग्रेस की सरकार बन गई थी।

# चुनावी चक्कर

● **फिर नयी 'पंचायत' तो नहीं कर रहे मंत्री जी?**

योगी सरकार के एक मंत्री हैं ओम प्रकाश राजभर। विधानसभा हो या जनसभा, ऐसा कम ही होता है कि उनके मुख से निकली प्रतिक्रिया चर्चा का विषय न बनती हो। हाल ही में फिर मंत्री जी ने चुनाव प्रचार के दौरान मंच से कुछ ऐसा बयान दे दिया जिसपर चर्चा हो रही है। उनके इस बयान का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, मंत्री जी घोसी में अपने बेटे और एनडीए प्रत्याशी अरुण राजभर के लिए चुनाव प्रचार कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कहा कि, ओमप्रकाश राजभर पंचायती राज मंत्री है।'' आगे उन्होंने यह भी जोड़ा कि वो अल्पसंख्यक वाला विभाग भी तो है पास में, ''अकलमंदों के लिए इशारा काफी है। जान लो और कुछ नहीं कहूंगा। अब ओमप्रकाश का ताजे बयान का क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब ओपी राजभर ने ऐसा कोई शिगूफा छोड़ा हो। इससे पहले मंत्री बनने के बाद उनका एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें वह पीला गमछा लगाकर थाने जाने को लेकर बयान दे रहे थे। उन्होंने कहा था कि इस गमछे को लगाकर जब आप थाने पर जाओगे तो दरोजा जी को आपकी शक्ल में ओमप्रकाश राजभर नजर आएंगे। बहरहाल, मंथन उनके ताजा बयान पर हो रहा है कहीं भाजपा को फिर धौंस दिखाने की पंचायत तो नहीं कर रहे? इस पर सभी की निगाहे हैं।





# दिग्गज छत्रप-महारथी मजबूरी में बेटी के चुनावी रथ के सारथी

## राजनीति में जोड़-तोड़ के माहिर खिलाड़ी रहे शरद पवार को अपने ही गढ़ बारामती में वोट के लिए फैलाने पड़ रहे हाथ

**मुंबई।** कहते हैं, राजनीति जो न कराए कम है। दिग्गज राजनेता मराठा छत्रप शरद पवार की इन दिनों कुछ ऐसी ही दशा है। पवार अपने राजनीतिक जीवन में कभी कोई चुनाव नहीं हारे हैं। लेकिन 83 साल की उम्र में उन्हें बारामती में बेटी की सीट बचाने के लिए भीषण गर्मी में पसीना बहाना पड़ रहा है। छह बार लोकसभा सांसद और चार बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे शरद पवार ने बारामती से खुद पांच बार लोकसभा का चुनाव जीता है। लेकिन इस बार राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में हुई टूट के बाद भतीजे अजित पवार की चुनौती में ऐसा फंसे हैं कि लोगों को पुरानी बातें याद दिलाकर वोट के लिए झोली फैलानी पड़ रही है। बारामती लोकसभा क्षेत्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की उम्मीदवार और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले का मुकाबला उनकी भाभी और उप मुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से हो रहा है, जो राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल राकांपा की उम्मीदवार हैं। शरद पवार के लिए चुनौती कठिन है क्योंकि जिस बारामती से वह स्वयं पांच बार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले तीन बार चुनाव जीत चुकी है, वहां अब उन्हें बेटी को चौथी जीत दिलाने के लिए अपने ही भतीजे की पत्नी की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। माना जा रहा है कि बारामती सीट से चुनाव हारने के साथ ही पवार की राजनीतिक धमक का भी अंत हो जाएगा। राकांपा का चुनाव चिह्न अजीत पवार के पास है। हालांकि इसका जिम्मेदार शरद पवार को ही माना जाता है, उन्होंने 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद उद्धव ठाकरे को राजग गठबंधन से तोड़कर भाजपा के हाथ में आई हुई सत्ता छीन ली थी और महाविकास आघाड़ी का गठन करके ठाकरे को महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बना दिया था। इसी के बाद उनकी पार्टी में बिखराव के बीज पनप गए थे।

### 'मैं 2004 में महाराष्ट्र का सीएम बन जाता'

- 2004 के विधानसभा चुनाव में शरद पवार की रकांपा को 71 सीटें मिली थीं और कांग्रेस को 69 सीटें। इसके बावजूद उन्होंने महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद पर दावा करने के बजाय केंद्र में कृषि मंत्री बनने में ज्यादा रुचि दिखाई थी। भतीजे अजीत पवार को आज तक इस बात का अफसोस है कि शरद पवार ने उस समय उनसे मुख्यमंत्री बनने का अवसर छीन लिया। वह बारामती में चुनाव प्रचार के दौरान सभाओं में वह लोगों को बता रहे हैं कि उनके साथ पार्टी में उस समय नाइंसाफी हुई। शरद पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस के हिस्से में आया मुख्यमंत्री का पद कांग्रेस को दे दिया था। अगर मुख्यमंत्री पद शरद पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस के पास रखा होता तो वह या पार्टी का कोई और नेता मुख्यमंत्री बन सकता था। अगर उनके नसीब में होता तो वही मुख्यमंत्री बन जाते। शरद पवार राज्य में मुख्यमंत्री लेकर भी केंद्र में अपने लिए महत्वपूर्ण मंत्रालय ले सकते थे। लेकिन वह जोड़-तोड़ की राजनीति का हिस्सा बनकर प्रधानमंत्री बनने का स्वप्न देख रहे थे। इसके चलते ही पार्टी को मिला राष्ट्रीय दर्जा क्षेत्रीय पार्टी पर आ गया।

### 'चार दिन सास के होते तो चार दिन बहू के भी आते हैं'

- शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के खिलाफ अपनी पत्नी को जिताने के लिए रकांपा प्रमुख अजित पवार बारामती में चुनावी सभाओं में लोगों से अपील कर रहे हैं कि इस बार बहू यानी सुनेत्रा पवार को चुनें ना कि बेटी सुप्रिया सुले को। चार दिन सास के होते हैं, तो चार दिन बहू के भी आते हैं, यही समय चक्र है। बारामती और राज्य के सामने तमाम समस्याएं हैं। केंद्र में जिसकी सत्ता आनी है, अगर उसका समर्थक सांसद चुनकर नहीं भेजा तो लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्य नहीं हो पाएगा। बीते 10 साल से क्षेत्र इसी कारण उपेक्षा झेल रहा है।


**मध्यप्रदेश में लोकसभा की कुल 29 सीटों में से दो चरणों में 12 लोकसभा सीटों पर वोट डाले जा चुके हैं। अब तीसरे चरण में राज्य की नौ लोकसभा सीटों पर सात मई को जनता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगी। तीसरे चरण में मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल और राजगढ़ के अलावा बैतूल लोकसभा सीट पर भी चुनाव होगा। पहले तीसरे चरण में केवल आठ सीटों पर मतदान होना था, लेकिन आदिवासी सुरक्षित सीट बैतूल में बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार के निधन के कारण दूसरे चरण में चुनाव स्थगित कर दिया गया था। अब बैतूल को मतदान के लिए तीसरे चरण में शामिल कर लिया गया है। तीसरे चरण के चुनाव में राज्य के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक केंद्रीय मंत्री की किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद हो जाएगा।**

# मैदान में मामा, महाराजा व राजा किसका बजेगा बाजा

## अंतिम चुनाव बताकर मतदाताओं को साधने की हो रही कोशिश

### राजगढ़ का किला बचाने में दिग्गी राजा का छूट रहा पसीना

प्रदेश की सबसे हॉट सीट राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र में सात मई को होने वाले मतदान पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। यहां से 10 वर्षों तक मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष रहे दिग्गज कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला भाजपा के मौजूदा सांसद रोडमल नागर कर रहे हैं। इस सीट से दोनों उम्मीदवार दो-दो बार सांसद रह चुके हैं। लेकिन दोनों के बीच आपस में यह पहला मुकाबला है। दिग्विजय सिंह 33 साल बाद चुनाव लड़ने के लिए राजगढ़ के मैदान में उतरे हैं। वह वादा निभाओ पद यात्राएं करके हर विधानसभा क्षेत्र को नाप रहे हैं। वह लोगों से भावनात्मक अपील कर अंतिम चुनाव की बात कह रहे हैं। भाजपा उन्हें घेरने के लिए पूरी ताकत के साथ लगी है। सूबे के सीएम के बाद प्रचार में आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तो दिग्विजय सिंह की हार तय बताकर जनसभा में चुटकी ले गए हैं कि आशिक का जनाजा है, बड़ा आदमी है, जरा धूमधाम से निकालना। जैसी दिग्गी राजा की शान है, वैसी ही बड़ी लीड से विदाई करना। लोकसभा क्षेत्र की आठ विधनासभाओं में छह पर भाजपा का कब्जा है, दो कांग्रेस के पास हैं।




| | 2019 | 2014 |
|---|---|---|
| भाजपा | 65% | 59% |
| कांग्रेस | 31% | 36% |

## 'मैं नेता नहीं, मामा और भैया हूं, बहन-बेटियां मेरे लिए देवी की मूर्तियां'

### विदिशा में शिवराज का तिलक और भेंट किया नारियल

राज्य की दूसरी हॉट सीट विदिशा से सर्वाधिक समय प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान मैदान में है। उनका सीधा मुकाबला कांग्रेस के भानु प्रताप शर्मा से है। दोनों ही इस सीट से सांसद रह चुके हैं। बीते 15 चुनाव में इस सीट पर कांग्रेस दो बार जीती है और दोनों बार भानु प्रताप ही प्रत्याशी थे। 1991 में अपने पहले चुनाव में शिवराज सिंह भानु प्रताप को हरा चुके हैं। वर्ष 2004 शिवराज यहां से पांचवी बार लोकसभा का चुनाव जीते थे। इसके बाद वह मुख्यमंत्री बने। अब 20 साल बाद फिर यहां चुनाव लड़ने आए हैं। वह नुक्कड़ सभाओं, यात्रा और रोड शो करके अपने कराए विकास कार्य गिना रहे हैं। आशीर्वाद यात्रा में उनका फूलों से स्वागत कर बहनों ने कहीं तिलक लगाया, कहीं आरती उतारी और शिवराज के हाथ में नारियल और चुनाव लड़ने के लिए 10-10 रुपये भी थमा दिए। पीएम मोदी सभा में कह गए थे कि वह शिवराज सिंह को दिल्ली लेकर जा रहे हैं। इसके मुकाबले भानु प्रताप शर्मा पिछले दो दशक से महत्वपूर्ण पद पर नहीं रहे हैं। कोई चुनाव भी नहीं लड़े हैं। इस कारण उन्हें चुनाव खड़ा करने में दिक्कत आ रही है। 2019 में भाजपा के रमाकांत भार्गव और 2014 में सुषमा स्वराज जीती थीं।



| | 2019 | 2014 |
|---|---|---|
| भाजपा | 68% | 66% |
| कांग्रेस | 28% | 29% |

## सिंधिया के विरुद्ध कांग्रेस का जातीय दांव बताया महाभारत का युद्ध

### भाजपा नेताओं के दौरों के साथ पत्नी-पुत्र भी प्रचार में

गुना सीट पर भाजपा से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया उम्मीदवार हैं। उन्हें पार्टी ने मौजूदा सांसद केपी यादव की जगह चुनाव में उतारा है। 2019 में ज्योतिरादित्य कांग्रेस से चुनाव लड़े थे, जिसमें केपी यादव के हाथों हार मिली थी। इस बार सिंधिया गुना-शिवपुरी में जमकर मेहनत कर रहे हैं। जल्दी ही गुना से हवाई सेवाएं शुरू होने का वादा कर रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह सभा करने आए तो कई बार उन्हें राजा साहब और महाराज कहकर यह भी बता गए कि पीएम मोदी सिंधिया को बहुत पसंद करते हैं। ज्योतिरादित्य के नामांकन में सीएम मोहन यादव, पूर्व सीएम शिवराज सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा जुटे थे। मुख्यमंत्री समेत कई बड़े नेता प्रचार में आ चुके हैं। ज्योतिरादित्य की पत्नी प्रियदर्शनी और पुत्र ने भी प्रचार का काम संभाल रखा है। कांग्रेस ने जातीय समीकरण ध्यान में रखते हुए यादव वोट बैंक साधने के लिए मुंगावली से तीन बार के विधायक राव यादवेंद्र सिंह यादव को उतारा है। वह इस चुनाव को महाभारत का युद्ध बता रहे हैं और भाजपा द्वारा केपी यादव का टिकट काटने पर सवाल खड़े कर रहे हैं। बसपा ने शिवपुरी जिले के अध्यक्ष धनीराम चौधरी को उतार कर परेशानी बढ़ा दी है।



| | 2019 | 2014 |
|---|---|---|
| भाजपा | 52% | 40% |
| कांग्रेस | 41% | 53% |



भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम। अमृत विचार

# इंदौर में फुस्स हुआ कांग्रेसी बम भाजपा में शामिल हो गए अक्षय

**इंदौर।** मध्य प्रदेश की इंदौर लोकसभा सीट पर कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। यहां पार्टी प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने न सिर्फ नाम वापस लिया बल्कि भाजपा में शामिल हो गए। उनके इस कदम से कांग्रेस के रणनीतिकार परेशान हैं वहीं भाजपा इस बात से खुश है क्योंकि उसके सामने अब कोई मजबूत उम्मीदवार नहीं है जो टक्कर दे सके। अब इस सीट पर कांग्रेस किसी निर्दलीय या बसपा उम्मीदवार को समर्थन दे सकती है।

भाजपा ने इंदौर संसदीय सीट पर भाजपा ने वर्तमान सांसद शंकर लालवानी को मैदान में उतारा है। वैसे तो इंदौर भाजपा का मजबूत किला है। 1989 से 2014 तक लगातार आठ बार सुमित्रा महाजन इस सीट पर जीतीं। 2019 में पार्टी ने शंकर लालवानी को टिकट दिया तो वे भी जीतने में कामयाब रहे। इस क्षेत्र की सभी आठ विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है। भाजपा के रणनीतिकार एवं प्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने यहां चुनाव की कमान संभाल रखी है। माना जा रहा है कि कांग्रेस के उम्मीदवार की नाम वापसी में कैलाश विजयवर्गीय की भूमिका अहम है। इस सीट से नौ उम्मीदवारों ने नाम वापस लिया है। अब यहां मैदान में भाजपा के शंकर लालवानी समेत 14 उम्मीदवार मैदान में हैं।

## सागर में हो सकता तगड़ा मंथन, किसे मिलेगा जीत का कलश

### बीते सात चुनावों से लगातार यहां खिल रहा कमल

सागर लोकसभा सीट पर भाजपा बीते सात लोकसभा चुनावों से लगातार कमल खिलाती आ रही है। पार्टी ने इस बार यहां मौजूदा सांसद राजबहादुर सिंह के स्थान पर महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लता वानखेड़े को चुनाव मैदान में उतारा है। वह कुर्मी क्षत्रिय समाज की महिला शाखा की प्रदेश अध्यक्ष हैं। वहीं कांग्रेस ने उनके मुकाबले के लिए ललितपुर के चंद्र भूषण सिंह उर्फ गुड्डू राजा बुंदेला को प्रत्याशी बनाया है। वह पिछले वर्ष ही बसपा को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए थे। सागर की आठ विधानसभा सीटों में से सात पर भाजपा के विधायक हैं। भाजपा ने अपने सभी विधायकों को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में जुटा रखा है। शहर की सूरत तो पिछले कुछ सालों में बदली है, लेकिन बेरोजगारी, पलायन स्वास्थ्य सुविधाएं और पानी की समस्या का समाधान प्रमुख मुद्दे हैं। यहां जैन समाज के साथ ओबीसी मतदाता निर्णायक भूमिका में है। बसपा यहां तीसरे नंबर पर रहती है, इस बार पार्टी ने भगवती प्रसाद जाटव पर दांव लगाया है। जानकार मुकाबला टक्कर का मान रहे हैं।



| | 2019 | 2014 |
|---|---|---|
| भाजपा | 62% | 54% |
| कांग्रेस | 33% | 40% |

## भोपाल में चटख होता नजर आ रहा भगवा प्रचार

### कांग्रेस को धीमा चुनावी अभियान पड़ सकता भारी

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पांच दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के बाद माहौल भगवामय नजर आता है। भाजपा ने यहां से मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह की जगह पूर्व महापौर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है। भोपाल लोकसभा सीट भाजपा वर्ष 1989 के चुनाव से लगातार जीतती चली आ रही है। 2019 के चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को साध्वी प्रज्ञा सिंह ने साढे तीन लाख वोटो से मात दी थी। कांग्रेस ने इस बार यहां पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष और अधिवक्ता अरुण श्रीवास्तव को मैदान में उतार कर भाजपा की चुनौती के सामना जातीय समीकरण के सहारे करने की रणनीति बनाई है। लेकिन भाजपा जिसके प्रचार में मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायक मोर्चा संभाले हैं, के मुकाबले कांग्रेस का प्रचार काफी सुस्त है। कोई बड़ा नेता वोट मांगने नहीं आया है। हालांकि कांग्रेस प्रत्याशी ग्रामीण क्षेत्र पर जरूर जोर देता नजर आ रहा है। लेकिन पलड़ा भाजपा का ही भारी नजर आता है। लोकसभा क्षेत्र की सात में पांच विधानसभाओं पर भाजपा का और दो पर कांग्रेस का कब्जा है।



| | 2019 | 2014 |
|---|---|---|
| भाजपा | 61% | 63% |
| कांग्रेस | 36% | 30% |

## मुरैना में उलझे जातीय समीकरणों ने बनाई त्रिकोणीय लड़ाई

### भाजपा-कांग्रेस के संघर्ष में बसपा ने टांग फंसाई

बीते तीन दशक में सात लोकसभा चुनाव से भाजपा मुरैना में अजेय है, लेकिन इस बार यहां उसके सामने कांग्रेस के साथ ही बसपा भी कड़ी चुनौती पेश कर रही है। ऐसे में त्रिकोणीय मुकाबला होता नजर आ रहा है। भाजपा प्रत्याशी पूर्व विधायक शिवमंगल सिंह तोमर के मुकाबले में कांग्रेस ने भाजपा के पूर्व विधायक और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यपाल सिंह सिकरवार को उतारा है। इन दो क्षत्रिय प्रत्याशियों की लड़ाई में बसपा ने रमेशचंद्र गर्ग पर दांव लगाया है। रमेश चंद्र गर्ग कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर बसपा में शामिल हो गए थे। मुरैना में ब्राह्मण प्रभावशली वोटर माने जाते हैं, लेकिन ब्राह्मण नेता बलबीर दंडोतिया के बसपा छोड़कर भाजपा में जाने से ब्राह्मण समाज बंटा नजर आ रहा है, तो दूसरी जातियों में भी सेंधमारी चल रही है। इससे जातिगत समीकरण उलझ गए हैं। कुल मिलाकर मुकाबला रोचक माना जा रहा है। 2019 में यहां से भाजपा से केंद्र में कृषि मंत्री रहे नरेंद्र सिंह तोमर को जीत हासिल हुई थी।



| | 2019 | 2014 |
|---|---|---|
| भाजपा | 48% | 45% |
| कांग्रेस | 38% | 31% |


### मांगा समर्थन



गृह मंत्री अमित शाह ने गुवाहाटी में भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों पर हमला बोला।

# पहले सात फिर नौ की गिरावट अबकी पारा होगा 43 से ऊपर

**भोपाल।** प्रदेश में दोनों चरणों में कम मतदान और बढ़ते तापमान के साथ 7 मई को होने वाले तीसरे चरण के मतदान में वोट पर्याप्त संख्या में पड़ें, यह सुनिश्चित करना चुनाव आयोग के साथ-साथ राजनीतिक दलों के लिए भी बड़ी चुनौती है। 2019 के मुकाबले पहले चरण के मतदान में इस बार 7% की गिरावट आई थी, तो दूसरे चरण में यह गिरावट 9% पहुंच गई। दोनों चरणों में मतदान के दिन टीकमगढ़ और खजुराहो को छोड़कर अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे था। अब तीसरे चरण में जिन जगहों पर वोटिंग होनी है, वहां के बारे में मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 43 से 45 डिग्री तक तापमान रह सकता है। इसके साथ ही राज्य में प्रमुख विपक्षी



दल कांग्रेस अभी तक दोनों चरणों में कोई उत्साह नहीं दिखा पाई है। पार्टी के स्टार प्रचारक चुनावी अभियान से गायब जैसे रहे। कांग्रेस का कोई ऐसा बड़ा नेता प्रचार में नहीं आया जो मोदी सरकार और प्रदेश सरकार को घेर सकता। इसकी एक वजह कमलनाथ का छिंडवाड़ा और दिग्विजय का राजगढ़ में फंसना भी माना जा रहा है। इसी के चलते भाजपा की चुनावी मशीनरी ने भी सामने कड़ी चुनौती नहीं होने से ज्यादा सक्रियता नहीं दिखाई। यह भी गर्मी के साथ कम मतदान का एक कारण माना जा रहा है।

## भिंड में दलित वोट बंटने से बदल सकता चुनाव का परिणाम

भिंड लोकसभा सीट पर भाजपा ने अपनी सांसद संध्या राय को दूसरी बार टिकट दिया है। मुकाबले में कांग्रेस ने बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे और भांडेर से अपने विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है। भाजपा यहां पिछले पांच चुनावों से लगातार जीत रही है। 2019 में चुनाव लड़ चुके देवाशीष जरारिया कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने के कारण हाथ का साथ छोड़कर बसपा से मैदान में उतर गए हैं। जानकार मान रहे हैं कि अब यहां दलित वोट तीन भागों में बंट सकता है। ऐसे में सवर्ण और ओबीसी वोट निर्णायक हो सकते हैं। कुल मिलाकर जातीय समीकरणों ने मुकाबला रोचक बना दिया है।



| | 2019 | 2014 |
|---|---|---|
| भाजपा | 54% | 45% |
| कांग्रेस | 34% | 31% |

## तानसेन की नगरी ग्वालियर में इस बार किसका सधेगा सुर-संगीत

ग्वालियर में भाजपा और कांग्रेस ने दोनों ने विधानसभा चुनाव हारे प्रत्याशियों पर दांव लगाया है। भाजपा ने जहां पूर्व मंत्री भारत सिंह कुशवाहा को मैदान में उतारा है, वहीं कांग्रेस ने पूर्व विधायक प्रवीण पाठक को टिकट देकर मुकाबला को जातीय आधार पर कर दिया है। इन दोनों के संघर्ष में कांग्रेस छोड़कर आए कारोबारी कल्याण सिंह कंसाना बसपा से मैदान आकर लड़ाई तिकोनी बनाने में लगे हैं। डबरा विधानसभा से कांग्रेस विधायक सुरेश राजे कुर्ते की झोली फैलाकर लोगों से हाथ के लिए वोट मांग रहे हैं। यहां प्रत्याशी चयन में देरी के कारण कांग्रेस प्रचार में पिछड़ी नजर आती है। क्षत्रिय और ब्राह्मण बाहुल्य कही जाने वाली इस सीट पर ओबीसी वोटर यहां सबसे अधिक हैं।



| | 2019 | 2014 |
|---|---|---|
| भाजपा | 52% | 44% |
| कांग्रेस | 40% | 41% |

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 985 फ्लैग- 1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 860
**रामपुर :** शिवालिक-990 फ्लैग- 1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1165

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72200 |
| गिन्नी (प्रति नग ) | 53800-54000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 72,650 |
| सोना रवा | 72,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग ) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 82,600 |
| चांदी (999) | 82,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71000 |
| सिल्वर ( पक्की) | 810 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,100 |
| चांदी आभूषण | 82,000 |


## लखनऊ मंडी

गेहूं (आरआर 21) 2360-2800, गेहूं (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूंग खड़ा 10000-10500, मूंग दाल 10500-11000, मूंग धोवा 12000-13000

# खरीदारी से लौटी रौनक, सेंसेक्स 941 अंक उछला

## अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के बढ़िया नतीजों और बॉण्ड प्रतिफल में गिरावट से बाजार में आई तेजी

**मुंबई, एजेंसी**



- आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में आई पांच प्रतिशत की तेजी
- एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर करीब छह प्रतिशत गिरावट

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच घरेलू स्तर पर बैंकों एवं ढांचागत कंपनियों के शेयरों में तगड़ी खरीदारी होने से सोमवार को बीएसई सेंसेक्स ने 941 अंक उछल गया जबकि निफ्टी 22,600 के स्तर से ऊपर पहुंच गया।

बीएसई का सेंसेक्स 941.12 अंक यानी 1.28 प्रतिशत उछलकर 74,671.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 990.99 अंक तक बढ़कर 74,721.15 पर पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी भी 223.45 अंक यानी एक प्रतिशत बढ़कर 22,643.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक में पांच प्रतिशत की तेजी ली। मार्च तिमाही में बैंक का समेकित लाभ 18.5% बढ़कर 11,672 करोड़ होने से शेयरों को रफ्तार मिली। इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी बढ़त में सफल रहे। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर करीब छह प्रतिशत गिर गए। आईटीसी, विप्रो और बजाज फिनसर्व में भी गिरावट रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के बढ़िया तिमाही नतीजों और बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट से घरेलू स्तर पर बाजारों में उछाल देखी गई। बैंक निफ्टी ने चौथी तिमाही में अपने मजबूत प्रदर्शन से बाकी को पीछे छोड़ दिया। पश्चिम एशिया का तनाव नरम पड़ने और कंपनियों के स्थिर तिमाही नतीजों से सकारात्मक धारणा को बल मिलने की उम्मीद है। बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.97% और स्मालकैप सूचकांक में 0.07% की बढ़त दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में बैंक खंड में 2.70% और वित्तीय सेवा खंड में 1.81% की तेजी रही जबकि रियल्टी एवं सेवा खंड में गिरावट दर्ज की गई। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि कारोबारी सप्ताह की शुरुआत मजबूती के साथ हुई और बाजार एक प्रतिशत चढ़ गया। अनुकूल वैश्विक संकेतों के साथ बैंकिंग शेयरों में खरीदारी आने से कारोबार को समर्थन मिला।

### नियामक शुल्क पर सेबी के निर्देश के बाद बीएसई का शेयर 19% टूटा

**नई दिल्ली।** सेबी ने प्रीमियम मूल्य के बजाय अपने विकल्प अनुबंधों के कुल मूल्य के आधार पर नियामक शुल्क का भुगतान करने का निर्देश दिया है। इससे बीएसई के शेयर में सोमवार को 19 फीसदी की गिरावट आई। इसका कारण उसे अब अधिक नियामक शुल्क का भुगतान करना पड़ सकता है। एनएसई पर शेयर 18.63 फीसदी गिरकर 2,612.10 रुपये पर आ गया। एनएसई पर 103.10 लाख शेयरों का कारोबार हुआ। बीएसई ने शुक्रवार को एनएसई को बताया कि बीएसई को विकल्प अनुबंध के मामले में कुल मूल्य पर विचार करते हुए सेबी को वार्षिक कारोबार के आधार पर नियामक शुल्क का भुगतान करने की सलाह दी गई है। साथ ही उसे पिछली अवधि के लिए अतिरिक्त विनियामक शुल्क का भुगतान ब्याज सहित करने को कहा गया है। शेयर बाजार को दी सूचना के मुताबिक पत्र मिलने के एक महीने में उक्त राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। बीएसई ने कहा था कि वह सेबी के पत्र के अनुसार दावे की वैधता का मूल्यांकन कर रहा है। सभी अनुबंधों के खरीद/बिक्री मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि प्रीमियम टर्नओवर सभी अनुबंधों पर भुगतान किए गए प्रीमियम का योग है।

# बैंकों पर लुकआउट आदेश का अध्ययन कर रहा वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- बंबई हाईकोर्ट ने कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट या एलओसी जारी करने से बैंक को रोका है

वित्त मंत्रालय बंबई हाईकोर्ट के हालिया आदेश का अध्ययन कर रहा है, जिसमें उसने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर या एलओसी जारी करने से रोक दिया है। हाईकोर्ट ने पिछले सप्ताह आदेश दिया था कि बैंकों के पास कर्ज नहीं चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है।

वित्त मंत्रालय 26 अप्रैल के फैसले से अवगत है और वह आदेश का मूल्यांकन करेगा। अध्ययन के बाद फैसला होगा। न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन के उस धारा को भी असंवैधानिक करार दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरपर्सन को कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ एलओसी जारी करने का अधिकार दिया गया था। अदालत ने कहा कि उसका फैसला किसी भी चूककर्ता के खिलाफ न्यायाधिकरण या आपराधिक अदालत के आदेशों को प्रभावित नहीं करेगा, जिसमें उन्हें विदेश यात्रा करने से रोका गया हो। केंद्र ने 2018 में कार्यालय ज्ञापन में संशोधन कर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को भारत के आर्थिक हित में एलओसी जारी करने का अधिकार दिया था।

# ब्लूपाइन एनर्जी ने सौर परियोजना के लिए 418 करोड़ का लिया ऋण

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- परियोजना के पूरा होने के बाद संयंत्र से सालाना 3.23 लाख मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पन्न होने की उम्मीद

नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी ब्लूपाइन एनर्जी ने गुजरात के सडला में अपनी 120 मेगावाट की सौर परियोजना के लिए एचडीएफसी बैंक से 418 करोड़ रुपये का ऋण हासिल किया है। कंपनी के अनुसार, इस परियोजना के पूरा होने के बाद संयंत्र में सालाना करीब 3.23 लाख मेगावाट (मेगावाट प्रति घंटा) सौर ऊर्जा उत्पन्न होने की उम्मीद है।

परियोजना से सालाना करीब 2.96 लाख टन सीओ2 (कार्बन डाइ ऑक्साइड) की भरपाई होगी और सालाना करीब 2.7 लाख मकानों को बिजली मुहैया कराई जा सकेगी। ब्लूपाइन एनर्जी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) संजीव भाटिया ने बताया कि गुजरात के सदला में हमारी 120 मेगावाट की सौर परियोजना के लिए वित्तीय जरूरतें पूरी करना ब्लूपाइन एनर्जी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह एचडीएफसी बैंक के ऋण से संभव हुआ है। बयान में कहा गया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए कुल 418 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया है।

## टाटा मोटर्स का साउथ इंडियन बैंक से समझौता

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने अपने वाणिज्यिक वाहन ग्राहकों तथा डीलरशिप को वित्तपोषण समाधान प्रदान करने के लिए साउथ इंडियन बैंक से समझौता किया है।

टाटा मोटर्स ने कहा कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत साउथ इंडियन बैंक मोटर वाहन प्रमुख के संपूर्ण वाणिज्यिक वाहन खंड के लिए वित्तपोषण समाधान पेश करेगा। टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहन उपाध्यक्ष राजेश कौल ने कहा कि हमारे ग्राहकों को उनके वाणिज्यिक वाहनों के लिए वित्तपोषण समाधान तक आसान पहुंच उनके संचालन की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है।

# सेरेलैक को नस्लीय रूप से बनाने का आरोप दुर्भाग्यपूर्ण

**गुरुग्राम, एजेंसी**




- स्विट्जरलैंड की कंपनी नेस्ले पर कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेचने का लगाया था आरोप

दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली नेस्ले इंडिया ने सोमवार को कहा कि 18 महीने से कम उम्र के बच्चों के लिए कंपनी का शिशु आहार फॉर्मूला वैश्विक आधार पर तैयार किया जाता है और इसे नस्लीय रूप से बनाए जाने का आरोप दुर्भाग्यपूर्ण एवं असत्य है। महीने की शुरुआत में स्विट्जरलैंड की कंपनी नेस्ले पर कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेचने का आरोप लगाया गया था।

नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुरेश नारायणन ने इस मसले पर कहा कि शिशु आहार में चीनी की मात्रा एक विशेष आयु वर्ग के पोषण प्रोफाइल को पूरा करने की क्षमता से निर्धारित होती है और यह सार्वभौमिक है। सेरेलैक में चीनी की मात्रा खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई की तरफ से तय सीमा से काफी कम है। नारायणन ने कहा कि इस उत्पाद में ऐसा कुछ भी नहीं है जो इसे ऐसा उत्पाद बनाता हो जिसके सेवन से बच्चे को कोई खतरा हो या किसी तरह का नुकसान हो। इस उत्पाद में मौजूद अधिकांश चीनी प्राकृतिक शर्करा है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुताबिक, शिशु आहार में चीनी का स्वीकार्य स्तर प्रति 100 ग्राम पाउडर में 13.6 ग्राम का है। नारायणन ने कहा कि नेस्ले के उत्पाद में यह मात्रा 7.1 ग्राम है, जो तय मानकों और अधिकतम सीमा से काफी कम है।

स्विट्जरलैंड के गैर-सरकारी संगठन पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क ने कहा था कि नेस्ले ने यूरोपीय देशों की तुलना में भारत जैसे कम-विकसित देशों में अधिक चीनी वाले शिशु आहार की बिक्री की। इन आरोपों पर नेस्ले इंडिया के प्रमुख ने कहा कि 18 महीने से कम उम्र के बच्चों के भोजन के लिए हर उत्पाद वैश्विक आधार पर तैयार किया जाता है। उन्होंने कहा, "पोषण संबंधी पर्याप्तता का अध्ययन करने के लिए कोई स्थानीय दृष्टिकोण नहीं है।

## राष्ट्रीय

# कांग्रेस कर रही धर्म आधारित आरक्षण की बात : पीएम मोदी

## कर्नाटक में बोले- किसी सूरत में सफल नहीं होने देंगे उसके मंसूबे

**बागलकोट (कर्नाटक), एजेंसी**



कर्नाटक में लोगों का अभिवादन करते पीएम मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति के लिए देश में धर्म आधारित आरक्षण की योजना बनाने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि वह किसी भी सूरत में ऐसा नहीं होने देंगे।

यहां जिला मुख्यालय में चुनावी रैली में उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह प्रस्ताव अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए है क्योंकि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और ओबीसी अब भाजपा के साथ हैं। कर्नाटक में कांग्रेस ने संविधान बदलने और एससी/एसटी और ओबीसी के अधिकार छीनने का अभियान शुरू किया है। हमारा संविधान धर्म आधारित आरक्षण को स्वीकार नहीं करता है। लेकिन कर्नाटक सरकार ने ओबीसी आरक्षण का हिस्सा मुसलमानों को दिया है। कांग्रेस इससे संतुष्ट नहीं होंगे। उन्होंने पहले भी अपने घोषणापत्र में धर्म आधारित आरक्षण प्रदान करने के लिए कानून लाने की बात कही थी। इस बार भी घोषणापत्र में ऐसा ही संकेत है।

मोदी ने कहा कि वह अपने दलित, एससी/एसटी और ओबीसी भाई-बहनों को कांग्रेस के इरादों से अवगत कराना चाहते हैं। ये लोग धर्म के आधार पर वोट बैंक को सुरक्षित रखने के लिए आपके उस अधिकार को लूटने की योजना बना रहे हैं जो बाबा साहेब आंबेडकर और संविधान ने आपको दिया है। मोदी ने कहा कि इसलिए वे महसूस करते हैं कि चूंकि एससी, एसटी और ओबीसी भाजपा के साथ हैं...तो अल्पसंख्यकों का विश्वास जीतने के लिए वे एससी, एसटी और ओबीसी से लूटकर अल्पसंख्यकों को देना चाहते हैं।

### इंडी गठबंधन पांच साल में पांच प्रधानमंत्री बनाएगी

**सोलापुर।** प्रधानमंत्री मोदी ने इंडी समूह पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि अगर वह सत्ता में आए तो पांच साल में पांच प्रधानमंत्री देश को मिलेंगे। पश्चिमी महाराष्ट्र में चुनावी रैली में उन्होंने कहा एक तरफ मोदी है, जिसको 10 साल से जांच-परखा जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर इंडी समूह है, जिसमें अपने नेता के नाम पर जमकर लड़ाई चल रही है। अब ये लोग पांच साल, पांच प्रधानमंत्री का फॉर्मूला लेकर आए हैं। उन्होंने सवाल किया आपने नकली शिव सेना को यह कहते हुए सुना होगा कि प्रधानमंत्री पद किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है, हर पार्टी में कई दावेदार होते हैं। क्या आप मुझे बता सकते हैं कि क्या देश पांच साल, पांच प्रधानमंत्री जैसे फॉर्मूले से चल सकता है।

## भाजपा-आरएसएस की संविधान बदलने की योजना: राहुल गांधी



**पाटण (गुजरात)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो वह दलितों, आदिवासियों, सामान्य श्रेणी के गरीबों तथा ओबीसी की भागीदारी बढ़ाने के लिए देश में जाति और आर्थिक सर्वेक्षण कराएगी। उत्तर गुजरात के पाटण शहर में लोकसभा उम्मीदवार चंदनजी ठाकोर के समर्थन में चुनावी रैली में राहुल ने यह भी कहा कि भाजपा और आरएसएस की सत्ता में आने के बाद संविधान को बदलने की योजना है। उन्होंने कहा कि देश की 90 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की है लेकिन आपको कॉरपोरेट, मीडिया, निजी अस्पतालों, निजी विश्वविद्यालयों या नौकरशाही में उनका प्रतिनिधित्व नहीं मिलेगा।

### प्रियंका ने सेक्स स्कैंडल पर मोदी-शाह को घेरा



**कलबुर्गी (कर्नाटक)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कथित सेक्स स्कैंडल पर प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर सोमवार को निशाना साधा और कहा कि मामले में आरोपी सांसद प्रज्वल रेवन्ना महिलाओं पर अत्याचार कर देश छोड़ने में कैसे कामयाब हो पाए? कलबुर्गी जिले के सेडम शहर में रैली में वाड्रा ने प्रधानमंत्री पर आरोप लगाया कि वह महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को बचा रहे हैं।

## धन शोधन में निलंबित आईएएस की जमानत याचिका रद

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने झारखंड कैडर की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की धन शोधन के मामले में जमानत याचिका सोमवार को यह कहते हुए रद कर दी कि यह एक असाधारण मामला है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने निलंबित अधिकारी को जमानत देने से इनकार करने के झारखंड हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष के 17 गवाहों में से ईडी ने 12 से जिरह की है और उम्मीद है कि मामले में सुनवाई जल्द पूरी होगी। आप जमानत के लिए थोड़ा और इंतजार किए। यह कोई सामान्य नहीं बल्कि असाधारण मामला है। इस मामले में कुछ तो गलत है। हम याचिका पर सुनवाई के इच्छुक नहीं हैं। कोर्ट ने सिंघल को मुकदमा लंबा चलने या परिस्थितियों में कोई बदलाव होने पर फिर से जमानत याचिका दायर करने की छूट दे दी।

# डॉ. कीर्ति काले को मिला निराला श्री सम्मान




नई दिल्ली के हिंदी भवन के सभागार में साहित्य प्रेमी मंडल के आयोजित समारोह में निराला श्री सम्मान लेतीं डॉ. कीर्ति काले।

**नई दिल्ली**

- पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा अल्हड़ बीकानेरी हास्य रत्न से किए गए सम्मानित

नई दिल्ली स्थित हिंदी भवन के भव्य सभागार में साहित्य प्रेमी मंडल के तत्वावधान में स्वर गंगा कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह हुआ। डॉ. कीर्ति काले को निराला श्री सम्मान और भोपाल के मदन मोहन समर को साहित्य भारतीय सम्मान दिया गया। पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा को अल्हड़ बीकानेरी हास्य रत्न से सम्मानित करते हुए प्रशस्ति-पत्र, सम्मान ट्रॉफी, 21 हजार नकद आदि दिया गया। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया रहे। जटिया ने कहा कि साहित्य प्रेमी मंडल एक ऐसी संस्था है जो साहित्य के साथ-साथ संस्कारों का भी बीजारोपण कर रही है।

डॉ प्रवीण शुक्ल के संचालन में डॉ सुरेश अवस्थी और संदीप शजर ने काव्य पाठ किया। कविवर ब्रज शुक्ल घायल द्वारा स्थापित साहित्य प्रेमी मंडल ने 39 वर्ष पूर्ण करते हुए अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। श्रोताओं में डॉ. सरिता शर्मा, श्रीमती अंजू जैन, डॉ. विमलेश कांति वर्मा, डॉ. सुभाष वशिष्ठ, अतुल प्रभाकर, राज कौशिक, महेश गर्ग बेधड़क, गुणवीर राणा, डॉ. रंजना अग्रवाल, आदिल रशीद, पूनम मटिया, तूलिका सेठ, वंदना कुंवर रायजादा, डॉ. शुभ्रा सिंह, विनोद पाराशर, सुनहरी लाल तुरंत, योगेंद्र सुंदरियाल, रजनीश राज, मुकेश शर्मा, सरिता सरोज,सरोज शर्मा,सरिता जैन, राकेश मेहरा, रमेश कुमार गंगेले, सुनीता पूनिया, एसएस डोगरा, बलजीत कौर तन्हा, विकास यश कीर्ति, शिव कुमार दाधीच (बीकानेर) डॉ. रंजना अग्रवाल, प्रेम बिहारी मिश्र, अतुल जैन और हरि प्रकाश आदि अनेक कवि और साहित्यकार उपस्थिति रहे।

मंडल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान संस्था के संरक्षक भाई अरविंद गुप्ता का जन्मदिवस भी मनाया गया। कोषाध्यक्ष निर्दोष शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ रैकेट का भंडाफोड़ 48 किग्रा हेरोइन बरामद, तीन गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सोमवार को पांच देशों में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ रैकेट का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 48 किग्रा हेरोइन बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने तीनों आरोपियों के पास से 21 लाख रुपये भी बरामद किए हैं। डीजीपी ने कहा कि यह गिरोह सीमा पार और अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ की तस्करी में सक्रिय था। उनका नेटवर्क पांच देशों ईरान, अफगानिस्तान, तुर्की, पाकिस्तान और कनाडा में फैला था।, यह गिरोह जम्मू-कश्मीर और गुजरात में भी सक्रिय था।

### मलबे की चपेट में आई जीप, दो लोगों की मौत्

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में जुब्बल उपमंडल के तहत सनेल में रविवार देर रात जीप के ऊपर भारी मलबा गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी। उपमंडल दंडाधिकारी जुब्बल राजीव संख्यान ने सोमवार यह जानकारी दी। सतीश मृतकों की पहचान रोहड़ू निवासी सतीश कुमार और बिशम्बर शर्मा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को फौरी राहत के रूप में क्रमश 15-15 हजार रुपये की राशि प्रदान की गयी है।

### छत्तीसगढ़ : सड़क दुर्घटना में नौ की मौत

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में सड़क दुर्घटना में छह महिलाओं और तीन बच्चों की मौत हो गई तथा 22 घायल हो गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों को इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए। पुलिस सोमवार को बताया कि जिले के कठिया गांव के पास पिकअप मालवाहक से टकरा गया, जिससे मौके पर ही पांच महिलाओं और तीन बच्चों की मौत हो गई। एक अन्य महिला ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। इस घटना में 22 लोग घायल हो गए।

# अस्पतालों में वसूले जाने वाले शुल्क पर केंद्र से जवाब तलब

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- मामले पर अब 10 सितंबर को उच्चतम न्यायालय करेगा सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने अस्पतालों में मरीजों से वसूले जाने वाले शुल्क के निर्धारण का मुद्दा उठाने वाली याचिका पर सोमवार को केंद्र से जवाब मांगा। दायर याचिका में कहा गया कि क्लिनिकल प्रतिष्ठान (केंद्र सरकार) नियमावली 2012 के नियम 9 को लागू नहीं किया जाना चाहिए। ये नियम क्लिनिकल प्रतिष्ठानों के पंजीकरण और संचालन शर्तों से संबंधित है। नियम 9 में प्रावधान है कि हर क्लिनिकल प्रतिष्ठान राज्य सरकारों के परामर्श से समय-समय पर केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क की सीमा में हर प्रकार के चिकित्सा उपचार और सेवाओं के लिए शुल्क वसूल करेगा।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि शुल्क कैसे तय किया जा सकता है। यह सब बाजार की ताकतों पर निर्भर करता है। कोई विशेष डॉक्टर 10,000 रुपये ले सकता है, अन्य 1,000 रुपये ले सकता है। पीठ ने कहा कि इससे गोपनीय तरीके से शुल्क वसूली को बढ़ावा मिल सकता है। हम इस मामले में नोटिस जारी करेंगे। पीठ ने कहा कि याचिका पर एक अन्य लंबित याचिका के साथ सुनवाई की जाएगी, जिसमें 2012 की नियमावली के नियम 9 के अनुसार मरीजों से लिए जाने वाले शुल्क निर्धारित करने के लिए केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। मामले पर अब 10 सितंबर को सुनवाई होगी।

इस साल फरवरी में याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा था कि याचिकाकर्ता के वकील ने कहा है कि केंद्र ने केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) में सूचीबद्ध अस्पतालों पर लागू शुल्क को अधिसूचित किया था और जब तक समाधान नहीं मिलता तब तक सरकार उक्त शुल्क को अंतरिम उपाय के रूप में अधिसूचित कर सकती है।

## प्रज्वल रेवन्ना को जद (एस) से निलंबित करने का फैसला किया गया: कुमारस्वामी

**बेंगलुरु।** जनता दल (सेक्युलर) के नेता एचडी कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि पार्टी ने महिलाओं का यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रज्वल रेवन्ना को निलंबित करने का फैसला किया है।

मुद्दे पर कांग्रेस और अन्य दलों ने भाजपा और उसकी गठबंधन सहयोगी जद (एस) पर तीखा हमला किया। पुलिस ने प्रज्वल के घर में काम करने वाली महिला की शिकायत पर रविवार को प्रज्वल और उनके पिता जद (एस) विधायक तथा पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना पर यौन उत्पीड़न और धमकी देने का मामला दर्ज किया। कुमारस्वामी के भतीजे प्रज्वल हासन से सांसद हैं और इसी सीट से लोकसभा चुनाव में राजग के उम्मीदवार हैं। कुमारस्वामी ने कहा कि निर्णय पहले ही हो चुका है। कल हुबली में कोर कमेटी की बैठक में इसकी अनुशंसा की जाएगी। क्योंकि प्रज्वल संसद सदस्य हैं, इसलिए इसे दिल्ली से किया जाना है।

# नीट अभ्यर्थी ने कोटा में की आत्महत्या

**कोटा (राजस्थान), एजेंसी**

राजस्थान में कोटा के कुन्हारी इलाके में राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे 20 वर्षीय अभ्यार्थी ने छात्रावास के कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक के माता-पिता को संदेह है कि उसकी हत्या की गयी है। पुलिस के अनुसार, कोटा में इस साल अब तक नीट या जेईई अभ्यर्थी द्वारा आत्महत्या करने का यह सातवां मामला है।

पुलिस ने बताया कि मृतक सुमित पांचाल हरियाणा के रोहतक का रहने वाला था और एक साल से अधिक समय से यहां कोचिंग संस्थान में नीट की तैयारी कर रहा था। उसके माता-पिता ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने और निष्पक्ष जांच की मांग की है। सहायक उपनिरीक्षक कप्तान ने कहा कि मृतक के माता-पिता की मांग पर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। छात्रावास के कर्मचारियों द्वारा उसके शव को देखे जाने से नौ घंटे पहले उसने आत्महत्या की थी। पंचाल का शव रविवार रात कुन्हारी पुलिस थाना क्षेत्र के लैंडमार्क सिटी स्थित छात्रावास में उसके कमरे के छत के पंखे से लटका हुआ पाया गया था।

## सारण : हत्या मामले में पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को उम्रकैद

**छपरा।** सारण व्यवहार न्यायालय के सांसद विधायक न्यायालय ने हत्या के मामले में मशरक के पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम- सह- सांसद, विधायक के मामलों के लिए गठित विशेष अदालत के न्यायाधीश सुधीर सिन्हा ने सुनवाई की। 1996 में पानापुर थाना क्षेत्र के तुर्की गांव के शत्रुघ्न गुप्ता की दुकान पर तारकेश्वर सिंह एवं संजीव सिंह और देवनाथ राय पहुंचे। तारकेश्वर ने शत्रुघ्न को गोली मार दी और उसे साथ ले गए। शत्रुघ्न का शव मोतिहारी के डुमरिया पुल के पास मिला था।

**आज का मुकाबला**

लखनऊ सुपर जाइंट्स
बनाम
मुंबई इंडियंस
दोपहर 7:30 बजे

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 09 | 447 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 09 | 14 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 09 | 14 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 09 | 14 |

## एशियाई अंडर 22 मुक्केबाजी में बृजेश, सागर, सुमित के पदक पक्के

अस्ताना (कजाखस्तान), एजेंसी



भारत के बृजेश तामता, सागर जाखड़ और सुमित ने एशियाई अंडर 22 और युवा मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश करके पदक पक्के कर लिए।

बृजेश (48 किलो) ने उजबेकिस्तान के साबिरोव सैफिद्दीन को हराया। दोनों मुक्केबाजों ने एक एक दौर जीता लेकिन तीसरे दौर में भारतीय मुक्केबाज ने 4-3 से जीत दर्ज की। सागर (60 किलो) और सुमित (67 किलो) ने क्रमशः थाईलैंड के कलासीरम टी और कोरिया के होंग सियो जिन को 5-0 से हराया। जितेश को 54 किलोवर्ग में कजाखस्तान के टी नूरासिल ने 5-0 से मात दी। भारत के अब युवा वर्ग में आठ पदक पक्के हो गए हैं चूंकि पांच महिला मुक्केबाज अन्नु (48 किलो), पार्थवी ग्रेवाल (66 किलो), निकिता चंद (60 किलो), खुशी पूनिया (81 किलो) और निर्झरा बाना (प्लस 81 किलो) सेमीफाइनल से अपने अभियान का आगाज करेंगी। पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर चुकी एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति (54 किलो) कल उजबेकिस्तान की उक्तामोवा निगिना से खेलेगी।

## पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेंगे सात बैडमिंटन खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू सहित सात भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने अपनी ओलंपिक खेल क्वालीफिकेशन रैंकिंग के आधार पर चार वर्ग में पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई किया।

इसकी औपचारिकता सोमवार को पूरी हुई जो बीडब्ल्यूएफ द्वारा निर्धारित कट ऑफ तारीख थी। सिंधू 12वें स्थान पर रहीं जबकि पुरुष एकल में प्रणय और लक्ष्य क्रमशः नौवें और 13वें स्थान पर रहे। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ओलंपिक क्वालीफिकेशन चक्र के अंत में तीसरे स्थान पर रही और बैडमिंटन में देश के लिए सर्वश्रेष्ठ पदक उम्मीदों में से एक के रूप में ओलंपिक में जाएगी।

## भारतीय टीम के चयन से पहले लखनऊ और मुंबई मुकाबले में नजर राहुल पर



लखनऊ, एजेंसी

टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन से पहले केएल राहुल के लिये दूसरे विकेटकीपर के रूप में चयन का दावा पुख्ता करने का एक और मौका होगा जब उनकी कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स मंगलवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी। टी20 क्रिकेट में राहुल का स्ट्राइक रेट चिंता का सबब रहा है। पावरप्ले में फील्डिंग पाबंदियों के बावजूद राहुल आईपीएल में धीमी शुरूआत करते आए हैं। उन्होंने हालांकि इस सत्र में इसमें बदलाव किया। अभी तक वह 2024 सत्र में 144.27 की औसत से 378 रन बना चुके हैं। वैसे ऋषभ पंत का स्ट्राइक रेट 160.60 और संजू सैमसन का 161.08 रहा है।

पंत की जगह टी20 विश्व कप टीम में लगभग पक्की है चूंकि विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं राजस्थान रॉयल्स के लिये आक्रामक पारियां खेलकर संजू ने भी अपना दावा मजबूती से रखा है। ऐसे में राहुल को अधिक आक्रामक खेलना होगा ताकि उनकी टीम बड़ा स्कोर बना सके और वह भी अपना दावा मजबूत कर सके। अब क्विंटोन डिकॉक, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन पर तेजी से रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। युवा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के स्ट्रोक्स का मुंबई के गेंदबाजों के पास कोई जवाब नहीं था।

जसप्रीत बुमराह जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाज ने भी 19 रन पहले ओवर में दे डाले। ल्यूक वुड और हार्दिक पंड्या तो महंगे साबित हुए। मुंबई की टीम अंकतालिका में नौवे स्थान पर है और प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए उसे सारे मैच जीतने होंगे। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और टी20 में नंबर एक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव से उम्दा पारियों की उम्मीद होगी। इस सत्र में बल्ले और गेंद दोनों से नाकाम रहे हार्दिक को विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिये अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# वरुण-सॉल्ट ने आसान कर दी केकेआर की जीत

## कोलकाता ने दिल्ली को सात विकेट से हराया, अरोड़ा और राणा ने चटकाए दो-दो विकेट




कोलकाता, एजेंसी

वरुण चक्रवर्ती की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट के तूफानी अर्धशतक से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट हराकर दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की। दिल्ली के 154 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स ने सॉल्ट की 33 गेंद में 68 रन की पारी की बदौलत 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 157 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। सॉल्ट ने सुनील नारायण (15) के साथ पहले विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी भी की। कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 33) और वेंकटेश अय्यर (नााबद 26) ने चौथे विकेट के लिए 57 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

दिल्ली ने इससे पहले चक्रवर्ती (16 रन पर तीन विकेट), हर्षित राणा (28 रन पर दो विकेट) और वैभव अरोड़ा (29 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम नौ विकेट पर 153 रन ही बना सकी। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कुलदीप यादव (26 गेंद में नाबाद 35) दिल्ली की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे जबकि उनके अलावा कप्तान ऋषभ पंत (20 गेंद में 27 रन) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे नाइट राइडर्स को सॉल्ट ने तूफानी शुरुआत दिलाई। उन्होंने चौके से खाता खोला और फिर इसी ओवर में लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा। नारायण ने भी इसी ओवर में चौके से खाता खोला। केकेआर ने पांचवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। सॉल्ट ने 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। नाइट राइडर्स ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 79 रन बनाए। अक्षर पटेल ने नारायण के रूप में पहली सफलता दिलाकर इस साझेदारी को तोड़ा। सॉल्ट को अक्षर ने उन्हें बोल्ड करके नाइट राइडर्स को बड़ा झटका दिया।

इससे पहले नौवें ओवर में ही नाइट राइडर्स की टीम 100 रन के आंकड़े को छू चुकी थी। श्रेयस और वेंकटेश ने इसके बाद पारी को संभाला। नाइट राइडर्स को अंतिम छह ओवर में 20 रन की दरकार थी और श्रेयस तथा वेंकटेश ने टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

**68** रनों की पारी खेलकर फिल सॉल्ट ने केकेआर को दिलाई मजबूत शुरुआत

**दिल्ली 153/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी साव का सॉल्ट बो अरोड़ा | 13 | 7 | 3/0 |
| मैकगुर्क का वेंकटेश अय्यर बो स्टार्क | 12 | 7 | 1/1 |
| अभिषेक पोरेल बो राणा | 18 | 15 | 2/1 |
| शाई होप बो अरोड़ा | 6 | 3 | 0/1 |
| ऋषभ पंत का श्रेयस अय्यर बो चक्रवर्ती | 27 | 20 | 2/1 |
| अक्षर पटेल बो नारायण | 15 | 21 | 2/0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का सॉल्ट को चक्रवर्ती | 4 | 7 | 0/0 |
| कुमार कुशाग्र का सॉल्ट बो चक्रवर्ती | 1 | 3 | 0/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 35 | 26 | 5/1 |
| रसिक सलाम का श्रेयस अय्यर बो राणा | 8 | 10 | 1/0 |
| लिजाड विलियम्स नाबाद | 1 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 3-0-43-1, अरोड़ा 4-0-29-2, राणा 4-0-28-2, नारायण 4-0-24-1, चक्रवर्ती 4-0-16-3, रसेल 1-0-10-0

**कोलकाता 157/3** — 16.3 ओवर, अतिरिक्त : 04

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट बो अक्षर | 68 | 33 | 7/5 |
| सुनील नारायण का मैकगर्क बो अक्षर | 15 | 10 | 3/0 |
| रिंकू सिंह का कुलदीप बो विलियम्स | 11 | 11 | 1/0 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 33 | 23 | 3/1 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 26 | 23 | 2/1 |

**गेंदबाजी :** विलियम्स 3-0-38-1, खलील 3-0-28-0, रसिक 2.3-0-30-0, अक्षर 4-0-25-2, कुलदीप 4-0-34-0



**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.096 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.810 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.075 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.059 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.261 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

## खेल डायरी

### आर्सनल-मैनचेस्टर सिटी जीते, खिताब की दौड़ कड़ी

**लंदन।** आर्सनल ने टोटेनहम हॉट्सपर को 3-2 से हरा दिया जबकि गत चैम्पियन मैनचेस्टर सिटी ने नॉटिंघम फोरेस्ट को 2-0 से शिकस्त देकर प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब की दौड़ को रोचक बना दिया है। आर्सनल ने एक बार 3-0 से बढ़त बना ली थी लेकिन आखिरी 20 मिनट में दो गोल गंवा दिए। पियरे एमिली एच के आत्मघाती गोल और साका तथा केइ हेवटर्ज के गोल के दम पर आर्सनल को बढ़त मिली लेकिन दूसरे हाफ में क्रिस्टियन रोमेरो और सोन हियुंग मिन ने टोटेनहम के लिये गोल कर दिए। आर्सनल ने आखिरी क्षणों में संयम बनाये रखकर बराबरी का गोल नहीं होने दिया। आर्सनल के अब दूसरे स्थान पर काबिज सिटी से एक अंक अधिक हैं लेकिन उसने एक मैच भी अधिक खेला है। एक अन्य मैच में बोर्नमाउथ ने ब्राइटन को 3-0 से हरा दिया।

### दीक्षा एलईटी ऑर्डर ऑफ मेरिट के शीर्ष 10 में

**केपटाउन।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर इन्वेस्टेक दक्षिण अफ्रीका महिला ओपन में एक और अच्छे प्रदर्शन के बाद लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) के ऑर्डर ऑफ मेरिट के शीर्ष -10 में पहुंच गईं। दीक्षा अब 455 अंकों के साथ एलईटी में नौवें स्थान पर है। इंग्लैंड के ब्रोंटे लॉ शीर्ष पर हैं। प्रणवी उर्स अपने पहले वर्ष में 25वें स्थान के साथ अगली सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं। दीक्षा का आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों में भाग लेना लगभग तय है जो तोक्या में पहली बार ओलंपिक में भाग लेने के बाद उनका दूसरा ओलंपिक होगा। वह अदिति अशोक के साथ खेलेंगी, जो अपने तीसरे ओलंपिक में खेलेंगी।

### वेलावन सेंथिल कुमार ने बाश ओपन स्क्वाश जीता



**पेरिस।** भारत के वेलावन सेंथिल कुमार ने बाश ओपन चैलेंजर टूर्नामेंट जीत लिया है जो प्रोफेशनल स्क्वाश एसोसिएशन टूर पर उनका आठवां खिताब है। दुनिया के 58वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिल कुमार ने फ्रांस के मेलविल स्कियानिमानिको को 11-6, 11-9, 11-6 से हराया। सेंथिल ने जीत के बाद कहा मेलविल ने बेहतरीन खेल दिखाया। मुझे शुरू ही से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करन पड़ा और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा कर सका।



### एफसी गोवा को हराकर मुंबई सिटी एफसी फाइनल में

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने सोमवार को यहां इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के दूसरे चरण में एफसी गोवा पर 2-0 से जीत दर्ज की और फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना मोहन बागान एसजी से होगा। शनिवार को कोलकाता में होने वाला फाइनल 2020-21 के खिताबी मुकाबले का दोहराव होगा। मोहन बागान एसजी ने दोनों चरण के मुकाबले में ओडिशा एफसी को हराकर फाइनल में जगह बनाई। सोमवार को पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद जॉर्ज परेरा डियाज ने 69वें मिनट में मुंबई सिटी एफसी को बढ़त दिलाई। मुंबई फुटबॉल एरेना में खेलते हुए घरेलू टीम ने एल. चांगते के 83वें मिनट में किए गए गोल से 2-0 की बढ़त बना ली। पहले चरण के सेमीफाइनल में मुंबई सिटी एफसी ने एफसी गोवा को 3-2 से हराया था।

## ऐसे मत बनो जैसे तुम नहीं हो : गिलेस्पी

लाहौर, एजेंसी



● पाकिस्तान टेस्ट क्रिकेट के नवनियुक्त मुख्य जेसन ने पढ़ाया दिग्गज टीम को पाठ

पाकिस्तान के नए मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी जेसन गिलेस्पी चाहते हैं कि उनके 'प्रतिभाशाली' खिलाड़ी 'वास्तविक' बने रहें और किसी विशिष्ट पद्धति के अनुरूप अपने खेल में बदलाव नहीं करें। उनका कहना है कि टेस्ट क्रिकेट में आगे बढ़ने के लिए उन्हें केवल सकारात्मक और आक्रामक रहने की जरूरत है। पाकिस्तान ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी को पुरुष टेस्ट टीम का कोच नियुक्त किया जबकि सफेद गेंद के प्रारूप में कोच की भूमिका दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को सौंपी गई है।

वर्ष 2014 और 2015 में यॉर्कशर को काउंटी चैंपियनशिप खिताब दिलाने वाले 49 वर्षीय गिलेस्पी ने पीसीबी के साथ दो साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। गिलेस्पी ने कहा, मैं बस इतना चाहता हूं कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम उस शैली की क्रिकेट खेले जो उनके अनुकूल हो, मेरे लिए, यह महत्वपूर्ण है। मेरा मानना है कि कुछ ऐसा बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो! उन्होंने कहा आप इसे कैसे करते हैं इसे लेकर आपको वास्तविक होने की जरूरत है।

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए लाहौर कराची, रावलपिंडी को चुना

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कराची, लाहौर और रावलपिंडी को चुना है। भारत की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये हाइब्रिड मॉडल की अटकलों के बीच पीसीबी ने कहा है कि टूर्नामेंट पाकिस्तान में ही होगा। भारत ने अभी तक अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है और ऐसी अटकलें हैं कि आईसीसी हाइब्रिड मॉडल का उपयोग करके भारत के मैच तटस्थ स्थान पर करा सकता है, अगर भारतीय टीम को सरकार से यात्रा की मंजूरी नहीं मिलती है। आईसीसी ने साफ तौर पर कहा है कि वह किसी सदस्य देश को उसकी सरकारी नीति का उल्लंघन करने को नहीं कहेगा।

## भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम थॉमस कप के क्वार्टर फाइनल में

चेंगदू, एजेंसी




● किदांबी श्रीकांत और सात्विक और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने भी प्रतिद्वंद्वियों को हराया

भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने सोमवार को दूसरे ग्रुप सी मुकाबले में इंग्लैंड को 5-0 से हराकर थॉमस और उबेर कप क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की कर ली। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने इंग्लैंड के हैरी हुआंग को सीधे गेम में हराकर भारत की राह आसान कर दी। 42 मिनट चले मुकाबले में प्रणय ने हैरी को 21-15, 21-15 से हराया।

सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने युगल मुकाबले में इंग्लैंड के बेन लेन और सीन वेंडी की जोड़ी को 21-17, 19-21, 21-15 से हराया। पूर्व विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत ने 30 मिनट से अधिक समय तक चले मुकाबले में नदीम दलवी को 21-16, 21-11 से हराकर भारत के लिए बराबरी पक्की कर ली। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने चौथे मुकाबले में रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन को 21-17, 21-19 से हराया। किरण जॉर्ज ने इंग्लैंड के चोलन कायान को 21-18, 21-12 से हराया। भारतीय पुरुष टीम ने शुरुआती ग्रुप-स्टेज मुकाबले में थाईलैंड को 4-1 से हराया और अब भारतीय टीम बुधवार को अंतिम ग्रुप मैच में रिकॉर्ड 14 बार के थॉमस कप चैंपियन इंडोनेशिया से मुकाबला करेगी।

## ओलंपिक क्वालीफायर टीम में कोई बदलाव नहीं : डब्ल्यूएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी



● इस्तांबुल में नौ से 13 मई तक होने वाले हैं विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने नए ट्रायल के लिए समय की कमी के कारण अगले महीने इस्तांबुल में अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए लगभग उसी टीम का चयन किया है जिसने बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर में भाग लिया था। इस्तांबुल में नौ से 13 मई तक होने वाले विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर में एशियाई क्वालीफायर की टीम में शामिल तीन पहलवानों 2018 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा) और अंडर 23 विश्व चैंपियन रितिका (76 किग्रा) को शामिल नहीं किया गया है क्योंकि इन्होंने पिछले महीने बिश्केक में कोटा स्थान पक्का कर लिया था।

डब्ल्यूएफआई बिश्केक में भारतीय पुरुष टीम के खराब प्रदर्शन से नाखुश था और अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रतियोगिता की टीम का चयन करने के लिए नए सिरे से ट्रायल आयोजित करने की योजना बना रहा था, लेकिन डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने कहा कि बिश्केक में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर और इस्तांबुल प्रतियोगिता के बीच 'बहुत सीमित समय' के कारण उसे नए सिरे से ट्रायल आयोजित करने के विचार को टालने के लिए मजबूर होना पड़ा। सूत्र ने कहा कि अगर महासंघ के पास एशियाई प्रतियोगिता और इस्तांबुल में आगामी विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर के बीच एक महीने का समय होता तो भी वह पेरिस खेलों के आखिरी क्वालीफायर के लिए नए सिरे से ट्रायल आयोजित कराता। नए सिरे से ट्रायल आयोजित करने के लिए शायद ही कोई समय था। इसलिए विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर के लिए वही प्रविष्टियां भेजने का निर्णय लिया गया। पहलवानों के लिए अपने संबंधित भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए कम समय में दो बार वजन घटाना बहुत मुश्किल होता।

## टी20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ता आज करेंगे बैठक

**नई दिल्ली।** अजीत अगरकर की अगुवाई वाली राष्ट्रीय चयन समिति अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप की 15 सदस्यीय भारतीय टीम को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार को अहमदाबाद में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह से मुलाकात करेगी लेकिन टीम की आधिकारिक घोषणा एक दिन बाद हो सकती है।

बीसीसीआई सचिव सीनियर चयन समिति (पुरुष) के संयोजक हैं और उनके अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धताओं में व्यस्त होने के कारण यह समझा जाता है कि बैठक अहमदाबाद में होगी। दूसरे विकेटकीपर का स्थान और टीम में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का स्थान चयन बैठक में चर्चा के दो महत्वपूर्ण बिंदू होंगे। ऐसा समझा जाता है कि लोकेश राहुल (आईपीएल में अब तक 144 के स्ट्राइक रेट और 378 रन) और संजू सैमसन (161 के स्ट्राइक रेट से 385 रन) के बीच दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए अब भी संघर्ष चल रहा है।

## बॉलीवुड हलचल

### इरफान... जिनकी आंखे भी करती थी अभिनय

**मुंबई।** बॉलीवुड में इरफान खान को ऐसे दमदार अभिनेता के तौर पर याद किया जाता है, जिनकी आंखें भी अभिनय करती थीं। गहरी नशीली आंखे, ठहरी आवाज, वह बॉलीवुड के हीरो की तरह नहीं था लेकिन उसके चुंबकीय व्यक्तित्व में कुछ ऐसा था जो लोगों को बरबस जोड़ लेता सम्मोहित कर लेता। इरफान खान का नाम जेहन में आते ही सबसे पहले उनकी आंखें याद आती हैं। वह एक ऐसे अभिनेता थे, जो बड़ी ही संजीदगी से अपनी आंखों से अभिनय करते थे। इरफान के पिता भी कहते थे कि ये आंखें हैं या प्याला हैं। राजस्थान के जयपुर में इरफान खान का जन्म एक मुस्लिम पठान परिवार में 07 जनवरी 1967 को हुआ था। इरफान खान उन दिनों क्रिकेटर बनना चाह रहे थे। इस बात का खुलासा इरफान ने खुद ही एक इंटरव्यू के दौरान किया था। इरफान खान ने कहा था, एक वक्त था जब मैं क्रिकेट खेलता था। मेरा सेलेक्शन सीके नायडू टूर्नामेंट के लिए हुआ था। उसमें मेरे 26 साथी चुने गए थे जिन्हें एक कैंप में जाना था, लेकिन मैं नहीं जा पाया, क्योंकि कैंप में जाने के लिए मैं पैसे का इंतजाम नहीं कर पाया। मैंने डिसीजन लिया कि क्रिकेट छोड़ देना चाहिए। इरफान खान अभिनेता बनना चाहते थे तो नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में दाखिला ले लिया था। इरफान खान ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत वर्ष 1987 में दूरदर्शन के सीरियल ''श्रीकांत'' से की। कहा जाता था कि इरफान की आंखें दमदार अभिनय करती हैं। हाल ही में हॉलीवुड एक्टर टॉम हैंक्स ने इरफान खान की सराहना करते हुए कहा था कि इरफान की आंखें भी अभिनय करती हैं। 'बीहड़ में तो बागी होते हैं, डकैत मिलते हैं पार्लियामेंट में' इरफान की फिल्म पान सिंह तोमर का ये डायलॉग आज भी लोगों की जुबां पर रहता है। इरफान खान ने अपने करियर के दौरान मकबूल, लंच बॉक्स, हासिल, लाइफ ऑफ पाइ, हिंदी मीडियम, हैदर, पीकू जैसी कई कामयाब फिल्मों में काम किया। 'अंग्रेजी मीडियम' इरफान खान की आखिरी फिल्म थी, जो 2017 में आई उनकी सुपरहिट फिल्म हिंदी मीडियम का सीक्वल थी। इरफान खान ने अपने सिने करियर में ऐसी कई फिल्में की हैं, जो मील का पत्थर साबित हुई। तिग्मांशु धूलिया की फिल्म ''हासिल'' के लिए उन्हें ''बेस्ट विलेन'' का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था। इरफान खान को फिल्म ''पान सिंह तोमर'' के लिए नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। वर्ष 2011 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता इरफान आज ही के दिन 29 अप्रैल को इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह गए।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# मालदीव में भी एमडीएच मसाले प्रतिबंधित

- जांच में मिला एथिलीन ऑक्साइड भारत और अमेरिका में भी जांच कर रहीं एजेंसियां

माले, एजेंसी

हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर के बाद मालदीव ने भी अपने यहां एवरेस्ट और एमडीएच मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है। मालदीव की फूड एंड ड्रग अथॉरिटी (एमएफडीए) ने कहा कि भारत में बनने वाले मसालों के दो ब्रांड्स में एथिलीन ऑक्साइड पाया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मालदीव सरकार अभी तक इन मसालों से होने वाले जोखिम का मूल्यांकन कर रही थी।

एमएफडीए ने कहा कि ये मसाले मालदीव में बड़ी मात्रा में आयात किए जाते हैं। बता दें, इस महीने की शुरुआत में हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर की सरकारों ने एमडीएच और एवरेस्ट मसालों में 'कीटनाशक' बनाने वाले केमिकल होने का आरोप लगाकर मद्रास करी पाउडर, एवरेस्ट फिश करी मसाला, एमडीएच सांभर मसाला मिक्स और एमडीएच करी पाउडर मिक्स मसालों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था।

रिपोर्ट्स आने के बाद भारत सरकार ने भी इनके प्रोडक्ट्स की जांच शुरू कर दी है। वहीं, अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) भी कंपनी के मसालों की जांच कर रहा है। एफडीए के प्रवक्ता ने बताया, एफडीए को इन रिपोर्ट्स की जानकारी है और वह स्थिति के बारे में अतिरिक्त जानकारी जुटा रहा है। बता दें कंपनी ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया है।

### भारतीय कंपनी बोली-झूठे और निराधार आरोप




एमडीएच ने अपने प्रोडक्ट्स में कीटनाशक होने के आरोपों को खारिज किया करते हुए कहा कि ये दावे झूठे और निराधार हैं और इनके कोई ठोस सबूत नहीं है। एमडीएच ने कहा, 'हमारे प्रोडक्ट्स में एथिलीन ऑक्साइड होने के आरोप सही नहीं है। इसके अलावा, कंपनी को सिंगापुर या हॉन्गकॉन्ग के रेगुलेटरी अधिकारियों की ओर से कोई मैसेज नहीं मिला है।

## देश के कई हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी, जांच जारी

**नई दिल्ली।** देशभर में लोकसभा चुनाव का महापर्व चल रहा है, ऐसे में सोमवार को देश के कई बड़े हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सोमवार को एक ई-मेल के जरिए ये दावा किया गया कि जयपुर, गोवा, भोपाल और नागपुर के हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं। ये खबर मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सोमवार को एक ई-मेल मिला, जिसमें यह दावा किया गया कि जयपुर और गोवा समेत देश के कई हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं। जैसे ही इसकी जानकारी मिली तो प्रशासन में हड़कंप मच गया और सुरक्षाबलों को अलर्ट कर दिया गया। सभी हवाई अड्डों की गहन जांच की जा रही है। हावाई अड्डों पर अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

# सूर्य की तपिश से ऑक्सीजन निगल रही है वनाग्नि

**575** आग लगने की घटनाएं हुईं नवंबर से अब तक उत्तराखंड में

**690** हेक्टेयर जंगल प्रभावित हुए इससे, 14 लाख से ज्यादा का नुकसान

*भारत में जंगलों में आग लगने की घटनाएं काफी आम है। अधिकतर जंगलों में आग लगने की घटनाएं नवंबर से जून के बीच अधिक सामने आती है। तापमान, वर्षा, वनस्पति और नमी जैसे कई कारक आग लगने की घटना के लिए जिम्मेदार हो सकते है। विशेषज्ञें के अनुसार, तीन कारक जंगल की आग के फैलने का कारण बनते हैं- ईंधन भार, ऑक्सीजन और तापमान। सूखी पत्तियां जंगल की आग का ईंधन होती हैं। भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई) की वेबसाइट बताती है कि भारत के लगभग 36 प्रतिशत जंगलों में अक्सर आग लगने का खतरा रहता है।*

- उत्तराखंड में प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नैनीताल के जंगल में लगी आग चौथे दिन रविवार को भी जारी रही। वायुसेना ने भीमताल झील से पानी लेकर आग बुझाई। इस अभियान में अब एनडीआरएफ भी मदद कर रही है। रविवार को कई इलाकों में आग बुझा दी गई। हालांकि नैनीताल में दो से तीन जगह और चंपावत, अल्मोड़ा, पिथौड़ागढ़ व बागेश्वर में एक-एक जगह आग धधक रही है। पिछले 24 घंटों में जंगल में आग की कुल 8 घटनाएं हुई हैं।



### क्यों भड़की आग

लंबे समय से बारिश नहीं होने और मौसम शुष्क रहने से जंगल की घासफूस और सूखी झाड़ियां आग के लिए ईंधन की तरह हैं। चीड़ के जंगल इसमें पेट्रोल का काम कर रहे हैं। यों तो नैनीताल में चार दिनों से जंगलों में आग लगी हुई थी, लेकिन हवाएं तेज चलने से ये और भड़क गई।

### कहां-कहां फैली

नैनीताल जिले के भूमियाधर, ज्योलिकोट, नारायण नगर, भवाली, रामगढ़ और मुक्तेश्वर इलाकों के जंगलों में आग बुरी तरह भड़की, जहां वायुसेना के हेलिकॉप्टर ने पानी की बौछारें छोड़ीं। पहले हेलिकॉप्टर को नैनी झील से पानी लेना था, इसके लिए थोड़ी देर के लिए इस झील में नौकायन रोकना पड़ा, लेकिन बाद में हेलिकॉप्टर ने भीम ताल से पानी लेने का फैसला किया।

## एक नजर

### ब्रिटेनः संग्रहालय बोर्ड में फिर से नियुक्त हुए भारतवंशी शिक्षाविद

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने पर्यावरणीय विज्ञान के क्षेत्र में भारतीय मूल के प्रतिष्ठित शिक्षाविद को लंदन के नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम बोर्ड में फिर से नियुक्त किया है। ऑक्सफॉर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर यादविंदर माल्ही को चार साल के दूसरे कार्यकाल के लिए आधिकारिक रूप से इस महीने फिर से नियुक्त किया गया। प्रोफेसर माल्ही अवैतनिक सलाहकार की भूमिका में प्राकृतिक संरक्षण में संस्था की भूमिका की देखरेख करेंगे। उन्होंने कहा, मैं नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम बोर्ड में अगले चार वर्ष तक के लिए सेवा करने का मौका पाकर बहुत प्रसन्न हूं। मेरा लक्ष्य इस अद्भुत, सम्मानित और बहुचर्चित संस्थान को इसके अनुसंधान और लोक और नीतिगत जुड़ाव में समर्थन देना है।

### रूस में आतंकी हमला, 2 पुलिसकर्मी समेत 5 हमलावरों की मौत

**मॉस्को।** रूस के उत्तरी काकेशस क्षेत्र में आतंकवादियों के एक समूह ने एक पुलिस चौकी पर हमला कर दिया। हमले में दो अधिकारियों की मौत हो गई, जबकि 5 हमलावर भी मारे गए हैं। रूस के आंतरिक मंत्रालय की क्षेत्रीय शाखा के अनुसार, रविवार देर रात कराची-चर्केसिया क्षेत्र में हुई गोलीबारी में चार अन्य अधिकारी घायल हो गए और सभी पांच हमलावर मारे गए। देश की शीर्ष राज्य आपराधिक जांच एजेंसी और जांच समिति ने इस हमले को लेकर कहा कि इन बंदूकधारियों ने एक सप्ताह पहले भी क्षेत्र में एक अन्य पुलिस चौकी पर हमला किया था।

### स्कॉटलैंड के पहले मुस्लिम मंत्री हमजा यूसुफ का इस्तीफा

**स्कॉटलैंड।** मार्च 2023 में स्कॉटलैंड के पहले मुस्लिम मंत्री के रूप में पदभार संभालने वाले



पाकिस्तानी मूल के हमजा यूसुफ ने स्कॉटिश नेशनल पार्टी (एसएनपी) के नेतृत्व वाली सरकार से इस्तीफा दे दिया। बता दें कि पार्टी के अंदरखाने कई दिनों से उथल-पुथल चल रही थी। 39 वर्षीय यूसुफ ने बढ़ते नीतिगत मतभेदों के बीच पिछले सप्ताह स्कॉटिश ग्रीन पार्टी (एसजीपी) के साथ गठबंधन भी समाप्त कर दिया था। इस तरह से अल्पमत वाली एसएनपी सरकार पर संकट के बादल मंडराने लगे थे।

### केन्या में भारी बारिश के बीच बांध टूटा, 45 की मौत, कई लोग लापता

**नैरोबी (केन्या)** केन्या में भारी बारिश के बाद नैरोबी के पास एक बांध टूट गया, जिससे करीब 45 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य अभी भी लापता हैं। नाइवाशा पुलिस कमांडर स्टीफन किरुई ने कहा कि पुलिस ने सोमवार को मलबे से 45 शव बरामद किए। नैरोबी से लगभग 60 किलोमीटर उत्तर में माई माहिउ क्षेत्र में एक बड़ा खोज और बचाव अभियान जारी है। हताहतों की संख्या बढ़ सकती है, जो कई लोग अभी भी लापता हैं। किरुई ने कहा कि हादसे के बाद 100 से अधिक लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया।

#### 26 हजार नियुक्ति रद करने पर हाईकोर्ट के फैसले को ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दी थी चुनौती

# शिक्षक भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

कलकत्ता हाईर्ट के एक फैसले पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सर्वोच्च अदालत ने उस फैसले पर रोक लगाई है, जिसमें उच्च न्यायालय ने शिक्षक भर्ती घोटाले में पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्तियों को रद करने के फैसले पर फिलहाल कोई रोक नहीं लगाई है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई की। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी, जिसमें उच्च न्यायालय ने राज्य संचालित और राज्य सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया था। पीठ अब इस मामले की सुनवाई छह मई को करेगी।

हालांकि, सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि हम कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगाते हैं, जिसमें सीबीआई को राज्य सरकार के अधिकारियों के खिलाफ जांच करने के आदेश दिए गए थे। हाईकोर्ट ने नियुक्तियां अमान्य करते हुए कहा था कि जिन लोगों को एसएससी पैनल की समाप्ति के बाद नौकरी मिली, उन्हें जनता के पैसे से भुगतान किया गया। सभी को चार सप्ताह के अंदर ब्याज सहित वेतन लौटाना होगा। सभी को 12 फीसदी सालाना ब्याज के साथ पैसा लौटाना होगा। नए लोगों को नौकरी मिलेगी। हाई कोर्ट ने 15 दिनों के अंदर अंदर प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। ममता बनर्जी ने हाल ही में हाईकोर्ट के फैसले को अवैध बताया। उन्होंने कहा कि हम उन लोगों के साथ खड़े हैं, जिनकी नौकरियां चली गईं हैं। बनर्जी ने भाजपा पर आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल द्वारा न्यायपालिका के निर्णयों को प्रभावित करने का काम किया जा रहा है।

### संदेशखालिः आरोपी का बचाव क्यो कर रही है सरकार

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल से जुड़े



एक और मामले में सुनवाई की। इस दौरान अदालत ने बंगाल सरकार से पूछा कि संदेशखालि मामले में कुछ निजी व्यक्तियों के हितों की रक्षा के लिए राज्य सरकार को याचिकाकर्ता के रूप में सर्वोच्च अदालत क्यों आना पड़ा। सुनवाई के दौरान, अदालत ने पूछा कि उच्च न्यायालय के फैसले से आरोपी परेशान हो, ये समझ आता है लेकिन राज्य सरकार क्यों परेशान हो रही है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ बंगाल सरकार की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। राज्य सरकार ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के 10 अप्रैल वाले उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपों की सीबीआई जांच के निर्देश दिए गए थे। पीठ में न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता शामिल थे। पीठ के सवाल का जवाब देते हुए राज्य की ओर से पेश वकील ने कहा कि वे उच्च न्यायालय के आदेश में की गई कुछ टिप्पणियों से परेशान हैं। वकील ने बताया कि आदेश में राज्य सरकार के बारे में कुछ टिप्पणियां की गई हैं, जो अनुचित है। जबकि राज्य सरकार ने मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की है।

### पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर ईडी को सुप्रीम नोटिस

**नई दिल्ली।** हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ईडी (ईडी) को नोटिस जारी किया है। मामले में अगली सुनवाई 6 मई को होगी। हाई कोर्ट द्वारा ईडी गिरफ्तारी के खिलाफ दाखिल याचिका पर फैसला सुनाए जाने में देरी को लेकर हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। उन पर रांची के बड़गाई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के मामले में धन शोधन यानी मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। अपनी गिरफ्तारी के 75 दिनों बाद यानी कि 16 अप्रैल को हेमंत सोरेन ने जमानत याचिका दायर की थी। फिलहाल वह रांची के होटवार जेल में बंद हैं।

### सीए परीक्षाएं स्थगित करने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को लोकसभा चुनावों के कारण मई में होने वाली चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) परीक्षाओं के कुछ पेपर स्थगित करने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने चुनाव की तारीखों पर परीक्षा तय नहीं की है। इसमें कहा गया है कि लोकसभा के आम चुनाव 7 और 13 मई को होने हैं और 6 मई और 12 मई को कोई परीक्षा निर्धारित नहीं की गई है। इसमें कहा गया है कि परीक्षा की तारीख में बदलाव करने से परीक्षा के संचालन के लिए पहले से मौजूद व्यापक व्यवस्थाएं बाधित होंगी।

# रवांडा भेजने के लिए प्रवासियों को पकड़ने में लगी ब्रिटेन सरकार

- शरणार्थियों को हिरासत में लेकर डिटेंशन सेंटरों में ले जाया जा रहा

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में सोमवार से अवैध प्रवासियों को रवांडा भेजने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गृह मंत्रालय दो हफ्ते तक चलाए जाने वाले इस अभियान में अवैध शरणार्थियों को देशभर से हिरासत में लेकर डिटेंशन सेंटरों में ले जाया जा रहा है। देशभर में ऐसे सेंटरों की संख्या बढ़ाकर दो हजार से अधिक हो गई है।

एक रिपोर्ट के अनुसार कुछ शरणार्थी पहले से ही डिटेंशन सेंटर में हैं और उन्हें रवांडा भेजने के लिए चिह्नित भी किया जा चुका है। बता दें, इंग्लैंड में स्थानीय काउंसिल चुनाव के चलते ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने जल्दी में कार्रवाई की है। पिछले सप्ताह सुनक ने कहा था कि रवांडा के लिए पहली उड़ानें 10 से 12 हफ्ते में रवाना होंगी। ब्रिटेन से रवांडा भेजे जाने वाले लोगों में 5 हजार भारतीय भी शामिल हैं। ये लोग 1 जनवरी 2022 अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचे हैं। इंटरनेशनल रेस्क्यू कमेटी की निदेशक डेनिसा डेलिक ने कहा कि, रवांडा में शरणार्थियों को भेजना क्रूर और महंगा है।

### बाइडन ने प्यूर्टो रिको में पार्टी का प्राइमरी चुनाव जीता



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को प्यूअर्टो रिको में डेमोक्रेट पार्टी के आंतरिक चुनाव में जीत हासिल की। रविवार को प्यूअर्टो रिको के डेमोक्रेटिक ने 65 में से 36 प्रतिनिधियों का चयन किया, जिसे उन्हें (प्यूअर्टो रिको) अगस्त के अंत में शिकागो में होने वाले राष्ट्रीय लोकतांत्रिक सम्मेलन में भेजना है। बता दें कि प्यूअर्टो रिको के अमेरिकी नागरिकों को राष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने का अधिकार नहीं है। इस साल की शुरुआत में प्यूअर्टो रिको की डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष चार्ली रॉड्रिग्ज ने बताया था कि वह यहां के नागरिकों के लिए नवंबर में एक प्रतीकात्मक राष्ट्रपति चुनाव आयोजित करने की योजना बना रहे हैं।

### बर्फ ने किया चक्का जाम



**अनंतनाग :** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग, मुगल रोड, किश्तवाड़, डोडा समेत सभी उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी व कई निचले क्षेत्रों में वर्षा का सिलसिला सोमवार को जारी रहा। जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर रामबन जिला में कई जगह पहाड़ से पत्थर गिरने व भूस्खलन होने से यातायात कई बार रोकना पड़ा। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा जाम भी लगा रहा। कई जगह हिमपात, हिमस्खलन और भूस्खलन से वाहन फंसे रहे। मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी से अधिकतर सैलानी पहाड़ी हिस्सा का रुख कर रहे हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। ● एजेंसी

## पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में शामिल थे रॉ के अधिकारी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश के मामले में अमेरिकी मीडिया ने भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) पर आरोप लगाया गया है। वाशिंगटन पोस्ट ने अपनी एक रिपोर्ट में रॉ के एक अधिकारी विक्रम यादव पर पन्नू की हत्या के प्रयास में शामिल होने की बात कही है। पोस्ट ने दावा किया है कि विक्रम यादव ने पन्नू को अपने प्राथमिक टारगेट की लिस्ट में रखा था और उसकी हत्या के लिए शूटर की टीम को चुना था। यादव ने पन्नू के बारे में जानकारी भी हिट टीम को भेजी थी।

रिपोर्ट में अज्ञात पूर्व अमेरिकी और भारतीय सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से दावा किया गया है कि यादव ने पन्नू के न्यूयॉर्क स्थित आवास का पता समेत, संपर्क की जानकारी संभावित हत्यारों को भेजी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि यादव ने हत्यारों की टीम से कहा था कि जैसे ही यह पुष्टि होगी कि अमेरिकी नागरिक पन्नू घर पर है, हमारी तरफ से अगला कदम बढ़ाया जाएगा।

# खालसा दिवस पर ट्रूडो के सामने लगे खालिस्तानी नारे

टोरंटो, एजेंसी

कनाडा में रविवार को खालसा दिवस और सिखों का नव वर्ष कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के संबोधन के दौरान खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने संबोधित करते हुए कहा कि आपके अधिकारों की रक्षा करने के लिए कनाडा सरकार प्रतिबद्ध है।

आयोजन में उपस्थित लोगों ने खालिस्तानी नारे लगाना शुरू कर दिया। उन्होंने सिख समुदाय को आश्वासन देते हुए कहा कि कनाड़ा विविधता के कारण ही मजबूत है। बोले, सरकार सामुदायिक केंद्रों, गुरुद्वारा समेत पूजास्थलों की सुरक्षा को और मजबूत करेगी। कनाडा सरकार भारत के साथ दोनों देशों के बीच उड़ानें और रूट बढ़ाने को लेकर नए समझौते पर काम कर रही है। इसमें अमृतसर के लिए और उड़ान बढ़ाना शामिल है।

### भारत ने कनाडा के उप उच्चायुक्त को किया तलब

आयोजन में खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी को जारी रखने की अनुमति दिए जाने पर भारत सरकार ने कनाडा के उप उच्चायुक्त को तलब किया है और कड़ा विरोध जताया है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि यह दर्शाता है कि कनाडा में अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह भी कहा गया कि इस तरह की अभिव्यक्तियां एक तरफ भारत और कनाडा के बीच संबंधों को प्रभावित करती हैं, तो दूसरी तरफ कनाडा में हिंसा और अपराध के माहौल को भी बढ़ावा देती हैं।

## अरब सागर में नौका से 60 करोड़ की ड्रग्स बरामद, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल ने ड्रग्स तस्करों के खिलाफ दो दिनों तक चले संयुक्त अभियान में अरब सागर में एक मछली पकड़ने वाली नाव से 60 करोड़ रुपये की ड्रग्स के साथ दो को गिरफ्तार किया है।

तटरक्षक बल ने गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) से विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए अरब सागर में संदिग्ध नौका की पहचान कर रोक लिया और जांच शुरू कर दी। मछली पकड़ने वाली नाव से लगभग 173 किलोग्राम ड्रग्स और महाराष्ट्र के रहने वाले मंगेश तुकाराम आरोटे उर्फ साहू और हरिदास कुलाल उर्फ पुरी को गिरफ्तार किया है। तटरक्षक बल ने आगे की पूछताछ के लिए गुजरात एटीएस और एनसीबी को सौंप दिया गया है।

# लाल सागर में हूती विद्रोहियों ने फिर दागीं ताबड़तोड़ मिसाइल

सना, एजेंसी

यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में सोमवार को एक जहाज को निशाना बनाकर मिसाइल से हमला किया। हमले से एक तेल टैंकर क्षति पहुंची है और एक अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यमन के सादा गवर्नरेट के हवाई क्षेत्र में शत्रुतापूर्ण मिशनों का संचालन करते समय हमला किया गया और अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया।

ब्रिटेन की सेना की 'यूनाइटेड किंगडम मेरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर' (यूकेएमटीओ) ने कहा, माल्टा का ध्वज लगे कंटेनगर पोत पर मोखा के तटीय क्षेत्र में तीन मिसाइलें दागीं है, जो जिबूती से सऊदी अरब जा रहा था। पोत में सवार चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। घटना में अमेरिकी सेना ने अभी तक इस कोई टिप्पणी नहीं की है। बता दें, हूती ने तत्काल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है,लेकिन शक उनपर ही है।

### बाइडन-नेतन्याहू के बीच फोन पर हुई बातचीत

**तेल अवीव।** व्हाइट हाउस ने रविवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ फिर से फोन पर बात की है, क्योंकि इजरायल और हमास पर एक समझौते पर पहुंचने का दबाव बढ़ रहा है, जो कुछ इजराइली बंधकों को मुक्त करेगा और गाजा में लगभग सात महीने से चल रहे युद्ध पर संघर्ष विराम लगाएगा। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन ने अपना साफ रुख दोहराया है, क्योंकि वैश्विक चिंता के बावजूद इजरायल ने गाजा के सबसे दक्षिणी शहर रफा पर वहां शरण लिए हुए 1 मिलियन से अधिक मौजूद होने पर भी आक्रमण करने की योजना बनाई है।

**विज्ञान** यूरोपीय इंटीग्रल अंतरिक्ष वेधशाला के वैज्ञानिकों ने घटना के एक साल बाद किया खुलासा

# पहली बार हुई दुर्लभ मैग्नेटार विस्फोट की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने दूर की आकाशगंगा में पहली बार दुर्लभ विशाल मैग्नेटार विस्फोट की खोज की है। इस तरह के महाविस्फोट हमारी आकाशगंगा में सिर्फ तीन बार ही देखे गए हैं। मैग्नेटार बहुत अधिक शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र वाले तारे होते हैं।

यूरोपीय इंटीग्रल अंतरिक्ष वेधशाला के वैज्ञानिकों ने की खोज में बताया है कि, इस महा विस्फोट को 15 मई 2023 को देखा गया था। करीब एक साल बाद इस घटना का खुलासा हो पाया है। यह मैग्नेटार विस्फोट आकाशगंगा एम 82 में हुआ है। जब पहली बार इस घटना को देखा तो वैज्ञानिकों के लिए इस विस्फोट का रहस्य समझ से परे था। वैज्ञानिक इतना संमझ पाए थे कि सुदूर की आकाशगंगा में उत्पन्न यह विस्फोट का प्रकाश दुर्लभ है। इससे पहले कभी इस तरह की घटना नही देखी गई थी। जिसे समझने के लिए खगोल वैज्ञानिकों को गहन शोध करना पड़ा। यह विशाल मैग्नेटर विस्फोट पृथ्वी से केवल 12 मिलियन प्रकाश वर्ष की दूरी पर हुआ था। इस विस्फोट की सच्चाई जानने के लिए यूरोपीय देशों के कई वैज्ञानिक जुटे। तब पता चला कि यह मैग्नेटार का विस्फोट है। मैग्नेटार अत्यंत शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र वाले युवा न्यूट्रॉन तारे हैं। इनका चुंबकीय क्षेत्र सामान्य न्यूट्रॉन तारे से लगभग 10,000 गुना अधिक शक्तिशाली होता है और पृथ्वी से लगभग एक खरब गुना अधिक माना जाता है। पिछले 50 वर्षों में हमारी अपनी आकाशगंगा में केवल तीन ऐसी विशाल खगोलीय घटनाओं की पहचान की गई है और अब हमारे पास हमारी आकाशगंगा के बाहर से पुष्टि की गई ये पहली घटना है। इटली के नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स (आईएनएएफ-आईएएसएफ) के वैज्ञानिक सैंड्रो मेरेगेटी के नेतृत्व में यह खोज हुई।



मैग्नेटार तारे के चुम्बकीय क्षेत्र की प्रतीकात्मक तस्वीर।

### 2004 में देखा गया था मैग्नेटार विस्फोट

हमारी अपनी आकाशगंगा में 2004 में मैग्नेटार विस्फोट देखा गया था। यह विस्फोट पृथ्वी से 30 हजार प्रकाश वर्ष दूर हुआ था। यह इतना शक्तिशाली था कि इसका प्रभाव पृथ्वी के ऊपरी वायुमंडल पर भी पड़ा था। मैग्नेटार विस्फोट बेहद खतरनाक होते हैं, जो अपने नजदीकी तारों समेत ग्रहों को नष्ट करने की शक्ति रखते हैं।

# भारत के विभाजन से पूर्वोत्तर राज्यों का प्राकृतिक संपर्क टूटा

- जयशंकर बोले-राजनीतिक बाधाओं से विकास पर पड़ा असर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के विभाजन से पूर्वोत्तर राज्यों का प्राकृतिक संपर्क टूट गए हैं। इसके साथ ही राजनीतिक बाधाओं के साथ-साथ प्रशासनिक मुद्दों की वजह से इस क्षेत्र के विकास पर असर पड़ा। दिल्ली विवि में विदेश मंत्री एस. जयशंकर कहा कि, दक्षिण पूर्व एशिया और जापान के साथ पूर्वोत्तर भारत का एकीकरणः आर्थिक संबंधों और पारिस्थितिक संरक्षण को संतुलित करना बहुत जरूरी हो गया है।

जयशंकर ने विश्वविद्यालय के छात्रों से बात करते हुए कहा, भारत के विभाजन ने कई मायनों में उस प्राकृतिक संपर्क को तोड़ दिया जो पूर्वोत्तर के पास था या अभी होता। इसकी वजह से पूर्वोत्तर को जो विकास का स्तर देखना चाहिए था वह धीमा हो गया। इसके बाद पहले कुछ दशकों में विभाजन



के बाद राजनीतिक बाधाओं और प्रशासनिक मुद्दों की वजह से पूर्वोत्तर को वह फायदा नहीं मिला जो देश के अन्य हिस्सों को मिला। केंद्रीय मंत्री ने इसके साथ ही कहा कि पूर्वोत्तर में मौजूदा आर्थिक स्थिरता मजबूत स्थिति की तरफ बढ़ रही है। उन्होंने कहा, हम अभी जो विकास देख रहे हैं, ईमानदारी से कहूं तो यह बहुत पहले ही आ जाना चाहिए था। जैसा कि मैं हमेशा कहता हूं भारत सरकार को पहले की पूर्व दिशा की ओर देखना चाहिए और फिर उत्तर-पूर्वी राज्यों को देखना चाहिए।